आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 143 | उज्जैन, सोमवार 08 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 8 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और सीबीएसई की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्पर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं। नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा। वहीं, शनिवार को इंडियन एक्सप्रेस के आइडिया एक्सचेंज कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है।

### दिल्ली में प्रदर्शन के बाद अपने घर पहुंचे अभिजीत दीपके

**संभाजीनगर।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को कहा, नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते। दीपके ने कहा, शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन काफी सफल रहा। 7 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। सरकार ने ट्रेलर देखा कि एकजुट होने पर 'कॉकरोच' क्या कर सकते हैं। बात अभी खत्म नहीं हुई है। अब यह आंदोलन पूरे देश में किया जाएगा। सीजेपी फाउंडर रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अपने घर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अभिजीत ने घर पहुंचने के बाद अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि वे आज इंस्टाग्राम लाइव पर फॉलोअर्स को संबोधित करेंगे।

### जाह्नवी कपूर के सपोर्ट में आईं साउथ एक्ट्रेस



**मुंबई।** एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की फिल्म पेड्डी में उनके किरदार के जरूरत से ज्यादा बोल्ड बताने को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। हालांकि अब जाह्नवी के समर्थन में उनकी मेकअप आर्टिस्ट सवलिन कौर मनचंदा और साउथ एक्ट्रेस डिंपल हयाती आ गई हैं। मेकअप आर्टिस्ट ने दावा किया है कि जाह्नवी ने पोस्ट प्रोडक्शन के दौरान आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने की मांग की थी, जिसे डायरेक्टर ने नजरअंदाज कर दिया। वहीं डिंपल हयाती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर कहा है कि फिल्मों में महिलाओं के खराब चित्रण के लिए एक्ट्रेस को नहीं, बल्कि फिल्म मेकर्स और सिस्टम को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मेकअप आर्टिस्ट बोलीं- डायरेक्टर ने मर्यादा की सीमा पार की जाह्नवी कपूर की मेकअप आर्टिस्ट सवलिन कौर मनचंदा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें बताया गया है कि जाह्नवी कपूर ने फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन चरण के दौरान कुछ दृश्यों के शामिल होने पर सीधे सवाल उठाए थे। सवलिन के मुताबिक, जाह्नवी ने शूटिंग के समय ही कुछ विशेष कैमरा एंगल को लेकर अपनी पेशेवर सीमाएं तय कर दी थीं, लेकिन फिल्म के फाइनल एडिट में उन दृश्यों को नहीं हटाया गया।

### मुंबई कॉन्सर्ट में युवक की मौत महिला की तबियत बिगड़ी

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली स्थित नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया डोम में शनिवार रात से रविवार तड़के चले म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। 31 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों 'क्लांगकुन्स्टलर ऑल नाइट लॉन्ग' कॉन्सर्ट में शामिल हुए थे और वहां काफी मात्रा में शराब पी थी। पुलिस ने कहा कि अब तक जांच में ड्रग्स इस्तेमाल के सबूत नहीं मिले हैं। मृतक की पहचान माहिम निवासी वृषभ गांगुर्डे के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्हें मालाबार हिल स्थित ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला को जसलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तेलंगाना के युवक की अमेरिका में खौफनाक हत्या

**फिलाडेल्फिया/हैदराबाद।** सात समंदर पार अमेरिका से एक ऐसी दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जिसने पूरे तेलंगाना समेत देश भर के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। वहां पढ़ाई और नौकरी करने गए तेलंगाना के 28 वर्षीय होनहार युवक अंशुल कुंचा की अज्ञात हमलावरों ने फिलाडेल्फिया में बेहद बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात के बाद मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। अंशुल के परिवार ने जो चौंकाने वाले दावे किए हैं, उसने इस पूरे हत्याकांड को एक बेहद पेचीदा और रहस्यमयी मर्डर मिस्ट्री में तब्दील कर दिया है। अंशुल कुंचा पिछले चार साल से अमेरिका में रह रहे थे और वहां एक प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी में अच्छे पद पर कार्यरत थे। वे एक मिलनसार और खुशमिजाज इंसान थे, जो अपने सुनहरे भविष्य के सपने बुन रहे थे।

### सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत

**सूरत।** गुजरात में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। सूरत में एक आभूषण बनाने वाली कंपनी में 4 मजदूरों की मौत हो गई। ये मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे थे। दम घुटने से मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूरत के अश्विनी कुमार इलाके में एक आभूषण कंपनी में ईटीपी टैंक की सफाई के दौरान गैस रिसाव के कारण 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सूरत के जोन-1 के डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि गहने धोने का अपशिष्ट पदार्थ सेप्टिक टैंक में जाता है, जिसकी नियमित सफाई की जाती है ताकि जमा हुआ कीचड़ साफ हो सके। यह सफाई हर दो महीने में की जाती है. आज सुबह चार लोगों की एक टीम सफाई करने वहां गई थी।

---

ग्राम टंकारिया पंथ श्रीमद्भागवत कथा समापन समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सहभागिता की

## भागवत कथा श्रवण से मिटते हैं दुःख-दर्द, संसार का होता है कल्याण : सीएम डॉ. यादव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रीमद्भागवत कथा का पुण्य-प्रताप ऐसा है कि इसे सुनने मात्र से ही मनुष्य के दुःख-दर्द दूर हो जाते हैं। भागवत कथा श्रवण से कष्टों का शमन होता है और पूरे संसार का कल्याण होता है। भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में भागवत गीता कथा एक पवित्र माध्यम है।

रविवार को उज्जैन जिले के ग्राम टंकारिया पंथ में एक से सात जून तक हुई श्रीमद्भागवत कथा के समापन समारोह में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने इस कथा आयोजन को समाज में आध्यात्मिक जागृति और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। सात दिवसीय भागवत कथा के सफल आयोजन के लिए उन्होंने आयोजन समिति के सभी सदस्यों, संतजनों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार हुआ है।

> श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में भागवत गीता कथा एक पवित्र माध्यम



ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों को सुदृढ़ करने में मददगार होते हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथा वाचक राकेश शर्मा 'शास्त्री', मनोहर चौधरी, लीलाधर पटेल, जगदीश पटेल, सुदामा पटेल, सोहन पटेल, कान्हा पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कथा समापन पर आयोजन समिति द्वारा भण्डारा भी कराया गया।

### नारायणा और धार जिले के अंका-झंका माताजी परिसर में भव्य तीर्थ बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण ने लीलाएं कीं, वहां-वहां हमारी सरकार भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि उज्जैन जिले के नारायणा गांव और धार जिले के अंका-झंका माताजी परिसर में भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाया जायेगा। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम टंकारिया पंथ से लेपड़ तक एवं इसी गांव से रानापुर फाटक तक पक्की सड़क बनाई जायेगी। यहां धर्मशाला में शेड निर्माण के लिए भी राशि और गौशाला निर्माण के लिए अनुदान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली राखी में भी हमारी सरकार लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में राशि भेजेगी, बुजुर्गों से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को हमारी सरकार तीर्थ यात्रा करायेगी।

---

## अयोध्या राम मंदिर से 7 करोड़ की चोरी का दावा

### अखिलेश बोले- सरकार की चुप्पी संदिग्ध, पूर्व मंत्री ने कहा- चंपत राय कसम खाएं

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का आरोप है कि अयोध्या राम मंदिर में आए चढ़ावे में करोड़ों रुपए की चोरी की गई है। उन्होंने रविवार दोपहर एक्स पोस्ट लिखकर कहा, सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को खुद इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

अयोध्या में सपा के पूर्व विधायक व मंत्री रहे पवन पांडेय ने दावा किया कि 5 से साढ़े 7 करोड़ तक की चोरी की गई है। अगर चोरी नहीं हुई है तो ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय सामने आएं और प्रभु श्रीराम की कसम खाकर कहें कि आरोप झूठे हैं। अगर बात सच है तो एफआईआर करवाएं। अखिलेश और पवन पांडेय के आरोपों पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रशासक



गोपालजी राव ने कहा, इन लोगों ने मंदिर के पक्ष में कभी नहीं बोला है। आरोप कोई भी लगा सकता है। आप महामंत्री से बात कीजिए। मैं अधिकृत वक्ता नहीं हूं। आप चंपत राय से बात कीजिए। महंत नृत्य गोपाल दास राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

#### अखिलेश ने लिखा- रुपए गायब होना मंदिर ट्रस्ट के लिए शर्मनाक

अखिलेश ने पोस्ट कर लिखा, पूरी दुनिया में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील खबर है। राम मंदिर के चढ़ावे की करोड़ों रुपए की रकम गायब मिली है।
अखिलेश ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और सरकार को भी घेरा है। लिखा, करोड़ों रुपए गायब होना मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है। सपा अध्यक्ष ने कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनानती समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर आज से 29 रु. महंगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपए महंगा हो गया है। नई दरें आज रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 रु. से बढ़कर 942 रु. का हो गया है। तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रु. बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपए महंगा हो गया है। न्यूज एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं।

साइकिलिस्ट लीलाधर पांडे को

### फिट इंडिया का स्टेट साइकलिंग लीडर नियुक्त किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सक्रिय साइकिलिस्ट और फिटनेस जागरूकता अभियान से जुड़े लीलाधर पांडेय को फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत स्टेट साइकलिंग लीडर (मप्र) नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें प्रदेश में साइक्लिंग संस्कृति को बढ़ावा देने, युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करने तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दी गई है। लीलाधर पांडे लंबे समय से साइक्लिंग के माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लोगों को प्रेरित करते रहे हैं। उन्होंने विभिन्न साइक्लिंग अभियानों, जागरूकता रैलियों और सामुदायिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति मध्य प्रदेश के साइक्लिंग समुदाय के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।



फिट इंडिया के अंतर्गत देशभर में साइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए कई अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। साइक्लिंग प्रेमियों और खेल जगत से जुड़े लोगों ने लीलाधर पांडे को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया।

### अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन गिराए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने रविवार को होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फॉरेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

टीएमसी नेताओं पर फूटा लोगों का गुस्सा

### एक का सिर मुंडवाया, जूते की माला पहनाकर परेड निकाली

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके।

वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। बीजेपी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर



किया है। इसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा वीडियो हावड़ा का है। इसमें कट मनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली।

केरलम-तमिलनाडु में भारी बारिश, चेन्नई में पारा 40 डिग्री

### मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है।

आईएमडी के मुताबिक मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में



कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। एमपी में भोपाल समेत 4 जिलों में 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार वाली आंधी चली। राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे।

असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बैकुंठ नाथ बेहरा के पास से करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

## लॉकरों में 2 करोड़ रुपये नकद मिले

### ओडिशा में 5 मल्टीस्टोरी बिल्डिंग समेत 13 प्लॉट, 27 साल पहले 6 हजार सैलरी पर नियुक्ति हुई थी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बैकुंठ नाथ बेहरा के पास से करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है। बेहरा कंधमाल जिले के बलिगुड़ा स्थित एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी में पदस्थ हैं। उनका 1999 में जूनियर इंजीनियर के पद पर अपॉइंटमेंट हुआ था। तब सैलरी 6 हजार रुपए थी।

ओडिशा विजिलेंस को बेहरा के पास आय से ज्यादा संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद भुवनेश्वर के विशेष न्यायाधीश (विजिलेंस) के सर्च वारंट के आधार पर विजिलेंस ने शुक्रवार को भुवनेश्वर, जाजपुर, बारिपदा और कंधमाल जिले के कुल 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

इस दौरान 5 बहुमंजिला इमारतें, 13 प्लॉट, सोने के गहने और बैंक लॉकरों से करीब 2.4 करोड़ कैश बरामद किए गए हैं। सभी संपत्तियों की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इसे हाल के वर्षों की सबसे बड़ी आय से अधिक संपत्ति की कार्रवाइयों में एक माना जा रहा है।

भुवनेश्वर के 4 इलाकों के अलावा जाजपुर जिले के धर्मशाला स्थित पैतृक घर, रिश्तेदारों के आवास, सरकारी क्वार्टर और ऑफिस में भी तलाशी ली गई। कार्रवाई में 2 एडिशनल एसपी, 5 डीएसपी, 6 इंस्पेक्टर और बड़ी संख्या में अन्य अधिकारियों को लगाया गया। जांच में अब तक पांच बड़ी इमारतों का पता चला है। इनमें भुवनेश्वर स्थित नीलाद्री विहार में लगभग 10,500 वर्गफुट क्षेत्रफल वाली चार मंजिला इमारत सबसे बड़ी है। इसके अलावा सैलश्री विहार में तीन मंजिला भवन, पटिया में दो मंजिला मकान, चंद्रशेखरपुर में दो मंजिला मकान है।



#### पत्नी के बैंक लॉकरों से निकले 2 करोड़ कैश

- छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने अलग-अलग ठिकानों से सिर्फ 2.66 लाख कैश नकद बरामद किए। हालांकि जांचकर्ताओं को पता चला कि बेहरा की पत्नी के नाम पर भुवनेश्वर के चंद्रशेखरपुर स्थित एक्सिस बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में दो लॉकर हैं।
- लॉकर खोले जाने पर करीब 2 करोड़ कैश मिले। नोटों की गिनती बैंक की मशीनों से कराई जा रही है। इसके अलावा सोने के गहनों का वजन और कीमत का आकलन किया जा रहा है। विजिलेंस टीम बैंक खातों और अन्य इन्वेस्टमेंट की भी जांच कर रही है।

**1999 में 6 हजार की सैलरी पर शुरू की थी नौकरी-** बैकुंठ नाथ बेहरा ने 16 अगस्त 1999 को जूनियर इंजीनियर के रूप में सरकारी सेवा शुरू की थी। उस समय उनका शुरूआती वेतन 6 हजार रुपए महीना था। 31 अक्टूबर 2016 में उन्हें असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर प्रमोशन मिला। फरवरी 2026 में उन्हें असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बनाया गया और बलिगुड़ा आईटीडीए में पोस्टिंग मिली। अभी उनका मासिक वेतन करीब 80 हजार था।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## अनुमति का गौरख धंधा

देश स्तर पर शहर के मंदिर की सबसे ज्यादा चर्चित आरती के मोह में देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ आए दिन धोखाधडी हो रही है। कतिपय लोगों ने इसे गौरखधंधा और आय का साधन बना लिया है। ये बडे क्षोभ एवं स्थानीय निवासियों की नैतिकता पर सवाल का विषय बन गया है। इसमें शामिल चेहरे जब सामने आ रहे हैं और मंदिर से उन्हें किस वजह से अनुमति की पात्रता अनुशंसा मिली है यह सामने आता है तो कई सारे सवाल जन्म लेते हैं। हाल ही में एक मामला सामने आया है जिसमें संबंधित वर्दी केंद्र ने प्रकरण दर्ज किया है। इसमें महाराष्ट्र में राजनीति करने वाले एक दल के एक गुट से संबंधित शहर के युवा नेता के लेटर पैड का उपयोग किया गया है। यही नहीं वे इस दल के मंदिर में प्रोटोकाल प्रभारी हैं। इनकी नियुक्ति दल के गुट के जिला अध्यक्ष ने की है । मंदिर के अधिकारियों ने फरियादियों से एक आवेदन लेकर महाकाल थाने में प्रकरण दर्ज करवाया है। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मंदिर समिति के अधिकारियों को राजनीतिक दलों के लेटर पेट पर होने वाली भस्म आरती के गौरख धंधे का मामला उजागर हुआ। अब इस मामले में मंदिर प्रशासन तह तलाशने में लगा हुआ है कि संबंधित लेटर पेड वाले राजनैतिक दल के गुट के लोगों ने अब तक कितने लोगों की भस्म आरती करवाई है । श्रद्धालुओं से भी इसमें संपर्क किया जा रहा है फोन एवं मोबाईल काल किए जा रहे हैं। दस्तावेज निकाले जा रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि आखिर मंदिर धर्म का मामला है फिर इसे राजनीति से जोडकर आखिर अनुमति अनुशंसा की पात्रता देकर समिति क्या जताना चाह रही है। यही नहीं जब भी पूरे मामले में सांप निकल चुका होता है उसके बाद ही लाठी पिटने का सलीका तरीका आखिर कब तक मंदिर के कार्यकलापों में जारी रहेगा। इसे लेकर मंदिर समिति और उसके अशासकीय सदस्यों के मुंह पर ताले लगे होना भी आश्चर्यजनक है और धर्म की ठेकेदारी करने वालों को सांप सूंघने जैसे हाल तो और अधिक आश्चर्यजनक हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ होने वाले मामलों में मंदिर से संबंधित लोग आखिर क्यों आवाज नहीं उठा रहे हैं इस पर भी अब सवाल उठने लगे हैं।




## न्यूज कॉलम

### पीपीए की पाक्षिक बैठक में विभिन्न विषयो पर चर्चा

**उज्जैन।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, उज्जैन की पाक्षिक बैठक डॉ. योगेंद्र कोठारी के मुख्य आतिथ्य व प्रमोद कुमार मेहता, जाकिर हुसैन देहलवी, कैलाशचंद्र राठौर, श्रीमती सुनीता राठौर, मीना श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्यारेलाल पालीवाल ने किया। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय ने बताया की इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर मोहम्मद खान के 86वें जन्मदिवस के अवसर पर उनका अभिनंदन कर स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की शुभकामना दी गई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष अशोक दुबे एवं पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त संदेश का वाचन कर सदस्यों को अवगत कराया गया। पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व मानते हुए उपस्थित सदस्यों ने अधिकाधिक पौधारोपण करने एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

### नंदी हॉल में वीआईपी श्रद्धालुओं को मिलने वाली प्रोटोकॉल व्यवस्था समाप्त करने की मांग



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान नंदी हॉल में वीआईपी श्रद्धालुओं को मिलने वाली प्रोटोकॉल व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। अखिल भारतीय मंदिर मठ सनातन धर्म मोर्चा के अध्यक्ष ने महाकाल मंदिर समिति से मांग की है कि मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था समाप्त की जाए। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के नाम पर वर्षभर प्रत्येक सोमवार, शिवरात्रि सहित विभिन्न त्योहारों और पर्वों पर कई बार विशेष अनुमति देकर लोगों को भस्म आरती में बैठने की सुविधा दी जाती है। इससे आम भक्तों के सनातन अधिकारों पर कुठाराघात हो रहा है। अध्यक्ष ने उन्होंने रोजाना आने वाले सेलिब्रिटी और उन्हें मिलने वाली प्रोटोकॉल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि महाकाल मंदिर समिति प्रोटोकॉल के तहत उन्हें विशेष दर्शन, स्वागत और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराती है, जबकि उन्होंने मंदिर को कोई विशेष दान नहीं दिया है। ऐसे में उन्हें यह विशेष महत्व क्यों दिया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में 25 आम भक्तों को नंदी हॉल में बैठने की सुविधा दी जाती थी, जो श्रद्धालुओं के सम्मान में अच्छी व्यवस्था थी।

लाइन में लगकर और समयबद्ध मिलने के बाद भी महंगाई का तड़का लगा सिलेंडर में

# उज्जैन में अब एक हजार दो रूपए का हुआ घरेलू गैस सिलेंडर

## उपभोक्ताओं को मुश्किल के साथ मुहैया हो रहा और दाम-दिन प्रतिदिन बढ़ रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

घरेलू गैस सिलेंडर ने एक बार फिर महंगाई का तगड़ा झटका उपभोक्ता को दिया है। लाइन में लगकर और समयबद्ध रूप से मिलने वाला सिलेंडर ने एक बार फिर भाव खाया है। उपभोक्ताओं को पूरा दाम चुकाने पर भी मुश्किल से मुहैया होने वाले सिलेंडर की कीमत में 29 रूपए की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद उज्जैन में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत एक हजार एक रूपए 50 पैसे निकल कर सामने आ रही है। 50 पैसे के लेनदेन की स्थिति को देखते हुए उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए एक हजार दो रूपए ही खर्च करने पड़ेंगे।



पिछले तीन महीनों में घरेलू एलपीजी की कीमतों में दूसरी बार वृद्धि के चलते रविवार को उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका लगा है। महंगाई की मार की जानकारी लगने पर उपभोक्ता का रविवार ही बिगड़ गया है। उज्जैन में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत रूपए 972.50 थी। 29 रूपए की वृद्धि के बाद ये बढ़कर अब 1001.50 रुपए पर पहुंच गई है। संशोधित कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। इससे पहले सात मार्च को घरेलू गैस सिलिंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।

### वैश्विक तनाव का बाजार पर असर

जानकारों के अनुसार पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता के कारण एलपीजी की लागत लगातार बढ़ रही है। अमेरिका-ईरान तनाव और समुद्री आपूर्ति मार्गों पर बढ़ते जोखिमों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा कीमतों को ऊंचा बनाए रखा है। इसका सीधा असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। मार्च में कीमतें बढ़ाने के बावजूद सरकारी तेल विपणन कंपनियों को घरेलू एलपीजी की बिक्री पर भारी घाटा उठाना पड़ रहा था। ताजा संशोधन से पहले कंपनियों को प्रत्येक घरेलू सिलिंडर पर लगभग 703 रुपये का नुकसान हो रहा था। इसी कारण लागत का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डालना जरूरी माना गया। लगातार दूसरी बार कीमत बढ़ने से आम लोगों के मासिक बजट पर अतिरिक्त दबाव बढ़ने की स्थिति बन गई है।

### रसोई में महंगाई की मार

इस दर वृद्धि से गृहणियों को महंगाई के मोर्चे पर एक और बड़ा झटका लगा है। पहले से ही दूध, सब्जी, तेल, मसालों और राशन के बढ़ते दामों से कमजोर रसोई पर और भार बढ़ा है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में सीधे 29 रुपये की बढ़ोतरी से निम्न मध्यम परिवारों के मासिक बजट पर गहरा असर देखा जा रहा है।

### 3 महीने और रूपए 90 की बढ़ोतरी

पिछले 90 दिनों के भीतर घरेलू गैस पर यह दूसरी बढ़ोतरी है। 7 मार्च को कंपनियों ने एकमुश्त 60 रुपये की भारी वृद्धि की थी। ठीक तीन महीने बाद फिर से 29 रुपये बढ़ा दिए गए। घरेलू गैस सिलेंडर पर 89 रुपये (करीब 90 रुपये) रूपए की वृद्धि की गई है।

### सब्सिडी लगभग बंद चौतरफा होगा असर

आम उपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक खातों में आने वाली एलपीजी सब्सिडी पहले ही नाममात्र की या लगभग बंद हो चुकी है। आर्थिक विश्लेषकों का भी मानना है कि रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का सीधा असर केवल चाय या खाना पकाने तक सीमित नहीं रहता। जब घरों का बुनियादी ईंधन महंगा होता है, तो पूरे परिवार का लॉजिस्टिक्स और सेविंग्स प्लान बिगड़ जाता है।

# पीएचई कार्यालय की छत पर पेड़ गिरा, कर्मचारी बाल-बाल बचे

## बड़ा हादसा टला : छत का पीओपी भी उखड़कर टेबल व कंप्यूटर पर गिरा





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास गेट स्थित पीएचई के पेढ़ी कार्यालय के ऊपर एक विशाल पेड़ अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय पीएचई के कर्मचारी ऑफिस में मौजूद थे और ऑफिस का कार्य निपटा रहे थे।


इस घटना में ऑफिस में कार्य कर रहे कर्मचारी बाल-बाल बच गए और बड़ा हादसा होने से टल गया। बताया जाता है कि कार्यालय की छत भी लोहे के चद्दर व टीन शेड से बनी थी ऐसे में पेड़ सीधे कार्यालय की छत के चद्दर और टीन शेड पर गिरा। पेड़ के भार से चद्दर टूट गए और छत का पीओपी भी उखड़कर ऑफिस के अंदर टेबल व कंप्यूटर पर गिर गया। इसके साथ ही पेड़ छत में लगे लोहे के पाइप पर लटक गया इस कारण ऑफिस में कार्य कर रहे कर्मचारी बाल-बाल बच गए। जैसे ही कार्यालय की छत पर पेड़ गिरा तो धड़ाम की तेज आवाज सुनते ही ऑफिस में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी घबराकर तुरंत बाहर निकल आए।

### पेड़ गिरने से लाखों का नुकसान

पेड़ गिरने से ऑफिस में रखा सामान टूट गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 1 से 2 लाख रुपये तक का नुकसान होना बताया जा रहा है। घटना उस समय हुई जब पीएचई का पेढ़ी कार्यालय संचालित हो रहा था पीएचई कर्मचारी अपने काम में लगे थे। इसी दौरान अचानक विशाल पेड़ ऑफिस की छत के ऊपर गिर गया और इस घटना में चद्दर व टीन शेड से बनी छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और छत का पीओपी भी उखड़ गया। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है।

एकोकार्डियोग्राफी वन स्टाप सॉल्यूशन

## डॉ. विजय गर्ग को 40 वर्ष में 22000 इको करने पर दी बधाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इको जांच से हम आसानी से हृदय की बीमारी कौनसी हे, कितनी सीरियस है, कौनसा इलाज सही है, आगे कौनसी जांच करवाना है का पता आसानी से लगाया जा सकता है उपरोक्त जानकारी चेन्नइ के डॉ. आर एलगरसन ने उज्जैन के प्रोफेसर डॉ. विजय गर्ग से साझा की आप ने कहा कि इको जैसी जांच हम आसानी से कम पेसो में, बिना नुकसान लिए कहीं भी बार बार कर सकते हैं।

दूसरे डॉ. बेंगलुरु भारत प्रसिद्ध जया इंस्टिट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी डॉ. सतीश गोविंद ने डॉ. विजय गर्ग को बताया कि हम आसानी से दिल का दौरा के नहीं एवं कितना भयंकर हे उसमें कौनसा इलाज सर्वश्रेष्ठ है, दवा से कितना फायदा हुआ यह हम इको से पता कर सकते हैं। हम छाती के दर्द का दिल के दोरो के अलावा और कोई कारण तो नहीं है, मसलन हृदय की मुख्य पाइप लाइन का फटना, फेपड़ों में थक्का जमना, फेपड़ों में हवा जमना है आसानी से मालूम कर सकते हैं। डॉ. विजय गर्ग के अनुसार दोनों चिकित्सक ने बताया कि हृदय की अन्य बीमारियां वॉल्व की बीमारी, हृदय की मासपेसी की बीमारी, हृदय की जन्मजात बीमारी, हृदय में पानी भरने की बीमारी को भी मालूम कर सकते हैं, साथ ही सर्जरी की अवसक्ता है या नहीं मालूम कर सकते हैं, हृदय की सर्जरी के बाद ऑपरेशन सफल हुआ है या नहीं इको द्वारा पता लगाया जा सकता है।

डॉ. एल्गरसन और डॉ. सतीश गोविंद ने बधाई देते हुए कहा डॉ. गर्ग ने उज्जैन में 1986 से अभी तक 22000 मरीज का इको कर चुके हैं, साथ ही नगर में करीब 15 इको सेंटर कार्यरत है। दोनों भारत प्रसिद्ध चिकित्सक नगर में धार्मिक यात्रा पर परिवार सहित आए थे, साथ ही उज्जैन में उन्होंने 7 जून को डॉक्टरों की कार्यशाला ली।

## गुजराती गायिका किंजल दवे, मोनल गज्जर भस्म आरती में हुईं शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध गुजराती गायिका किंजल दवे और फिल्म अभिनेत्री मोनल गज्जर ने रविवार तड़के उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

दोनों कलाकार सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचीं और नंदी हॉल में बैठकर लगभग दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहीं। इस दौरान वे भगवान महाकाल का जाप करती नजर आईं। उन्होंने नंदी महाराज का पूजन कर अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। भस्म आरती के बाद किंजल दवे और मोनल गज्जर ने भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने



उनका स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर किंजल दवे ने बताया कि यह लगभग दो महीने में उनका दूसरा महाकाल दर्शन है। उन्होंने कहा, "बाबा महाकाल ने मुझे दोबारा बुलाया है, इसके लिए मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूं और सभी का धन्यवाद करती हूं। मोनल गज्जर एक भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं, जो मुख्य रूप से गुजराती और तेलुगु फिल्मों में सक्रिय हैं। वह इससे पहले 08 अप्रैल को भी महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आ चुकी हैं।

उज्जैन में सिंहस्थ से पहले नमामि गंगे मिशन पूरा कराना बड़ी चुनौती

## समानांतर चल रहे विकास कार्यों के बीच होगी परीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तीन साल की लंबी प्रतीक्षा और कड़े संघर्ष के बाद आखिरकार शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने वाले "नमामी गंगे मिशन" को केंद्र सरकार से हरी झंडी तो मिल गई है, लेकिन अब प्रशासन और निर्माण एजेंसी के सामने इससे भी बड़ी अग्निपरीक्षा शुरू होने जा रही है। गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) की सोमवंशी एनवायरो फर्म को 81 करोड़ रुपये का टेंडर मंजूर होने के बाद, अब सबसे बड़ा संकट सिंहस्थ-2028 की समय-सीमा के भीतर इस पूरी परियोजना को धरातल पर उतारने का है।





टेंडर की शर्तों के मुताबिक, इस पूरी परियोजना को पूरा करने के लिए 18 महीने का समय निर्धारित है। लेकिन तकनीकी और वित्तीय उलझनों के कारण जो परियोजना दो साल पहले शुरू हो जानी थी, उसमें तीन साल की भारी देरी हो चुकी है। इस लेती-लतीफी के कारण अब प्रशासन के पास समय बहुत कम बचा है।

वर्तमान में उज्जैन शहर के भीतर सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों को लेकर सड़क चौड़ीकरण, नए घाटों का निर्माण, पुल, सीवरेज नेटवर्क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े दर्जनों विकास कार्य एक साथ समानांतर रूप से चल रहे हैं। ऐसे में अलग-अलग निर्माण एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय बैठाना और बिना किसी बाधा के समयबद्ध तरीके से काम को अंजाम देना जिला प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होगा। यदि इस बार भी काम समय पर पूरा नहीं हुआ, तो सिंहस्थ से पहले शिप्रा शुद्धिकरण का मुख्य लक्ष्य सीधे तौर पर प्रभावित हो सकता है।

### एमआईसी कब करेगी मंजूर

केंद्र सरकार ने तो ठेकेदार तय करने को स्वीकृति दे दी मगर एमआइसी यानी महापौर परिषद से स्वीकृति मिलना अभी बाकी है। ये स्वीकृति कब मिलेगी, स्वीकृति उपरांत कार्य आदेश कब जारी होगा, कब भूमि पूजन होगा, ये अभी तय नहीं हो सका है। शिप्रा नदी में मिलने वाले भैरवगढ़ और पीलियाखाल क्षेत्र के दूषित पानी को रोकने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने 24 मई 2023 को ही 92 करोड़ 78 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दे दी थी। जून 2023 में महापौर परिषद (एमआइसी) से हरी झंडी मिलने के बाद चार फर्मों ने निविदा में भाग लिया, लेकिन कड़ी परीक्षण प्रक्रिया के चलते पूर्व के सभी प्रस्ताव निरस्त करने पड़े।

# खबर का असर: एमपी नगर में जल्द मिलेगी जलभराव की समस्या से राहत

## दैनिक अवंतिका में समाचार प्रकाशित होने के बाद निगम प्रशासन हरकत में आया, अलग ड्रेनेज सिस्टम बनाने का कार्य शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कनीपुरा स्थित एमपी नगर में लंबे समय से नालियों के चोक होने और गंदे पानी की निकासी नहीं होने की समस्या बनी हुई थी। नालियों का दूषित पानी सड़कों पर जमा रहने से क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का माहौल था, जिससे रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

क्षेत्रवासियों के अनुसार जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों पर लगातार गंदा पानी भरा रहता था। इससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा था, बल्कि मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा था और संक्रामक


कानीपुरा रोड स्थित एमपी नगर में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा... रहवासी परेशान



बीमारियों का खतरा मंडरा रहा था। एमपी नगर की इस गंभीर समस्या के बारे में दैनिक अवंतिका ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।



### निगम की टीम पहुंची मौके पर

रविवार को नगर निगम की टीम जेसीबी मशीन और अन्य आवश्यक संसाधनों के साथ क्षेत्र में पहुंची। नालियों के पानी की सुचारु निकासी के लिए अलग से ड्रेनेज सिस्टम तैयार करने का कार्य शुरू किया गया। इसके तहत ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं।

### जल्द मिलेगी समस्या से निजात

ड्रेनेज सिस्टम तैयार होने के बाद क्षेत्र में जलभराव, गंदगी और दुर्गंध की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। इससे रहवासियों को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी और क्षेत्र का वातावरण भी स्वच्छ रहेगा।

### क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू होने पर एमपी नगर के रहवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए दैनिक अवंतिका का आभार जताया है। उनका कहना है कि समाचार पत्र द्वारा मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद ही प्रशासन ने संज्ञान लेकर कार्रवाई की है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

57 since 1968

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 8 जून, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज कॉलम

### जनकल्याण शिविर के माध्यम से मिलेगा योजनाओं का लाभ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 12 से 18 जून 2026 की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं (सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित) के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की पहचान विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही प्राथमिकता से की जायेगी।

### पारिवारिक विवाद में हुई हत्या के खुलासे में भाई ही निकला कातिल

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के सूर्यदेव नगर, नाथ मोहल्ला में 4 जून को हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। ये हत्या पारिवारिक विवाद के चलते हुए थी। मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 4 जून को सूर्यदेव नगर, नाथ मोहल्ला में चाकूबाजी की घटना की जानकारी पुलिस को मिली थी। घटना में घायल हरीश पिता नरेंद्र शितोले निवासी सूर्यदेव नगर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मृतक की मां पुष्पा और आसपास की कुछ महिलाओं ने थाने पहुंचकर मृतक की पत्नी शीतल पर चाकू मारने का आरोप लगाया। बाद में जब यह स्पष्ट हुआ कि घटना के समय शीतल थाने में ही मौजूद थी, तब परिजनों ने अपने बयान बदलते हुए हरीश ने ही खुद को चाकू मारने की बात कही।

### मोहर्रम पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

**इंदौर।** आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेंद्र कुमार वर्मा ने गौतमपुरा क्षेत्र में मोहर्रम जुलूस मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुभागीय अधिकारी पुलिस संग्रीय सम्राट, उप पुलिस अधीक्षक नितिन सिंह, रक्षित निरीक्षक योगेंद्र सिंह भाटी, थाना प्रभारी गौतमपुरा अल्का मीना सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।
निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक वर्मा ने जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए, जिससे मार्ग में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक वर्मा ने शांति समिति की बैठकें पूर्व से आयोजित करने, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं समिति सदस्यों के साथ सतत संवाद बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

**इंदौर।** इंदौर में 9 से 13 जून तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स देशों के महत्वपूर्ण कृषि सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने शनिवार को रेसीडेंसी में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में सम्मेलन से जुड़ी व्यवस्थाओं, सुरक्षा, आवागमन, आवास, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन तथा अतिथियों के स्वागत-सत्कार सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में एमडी मंडी कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, किसान कल्याण विभाग के उप सचिव रोहित सिसोनिया सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि 15 जून

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की तैयारी के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए। नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि अब 15 जून 2026 अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है।

### 7 से 13 जून तक चलेगी प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया

**इंदौर।** प्रदेश के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी कर दी गई है। इस चरण में प्रदेशभर के 1 लाख 25 हजार 917 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है। जारी सूची के अनुसार स्नातक स्तर पर 93 हजार 546 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 32 हजार 371 विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। द्वितीय चरण में महाविद्यालय आवंटित विद्यार्थियों को 7 से 13 जून 2026 के बीच निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में आवंटित सीट निरस्त हो जाएगी।

श्री महाकाल महालोक के बाद उज्जैन में एक और भव्य धार्मिक-पर्यटन परियोजना लेने जा रही आकार

# 151 फीट ऊंची भगवान श्रीकृष्ण की विराटस्वरूप वाली मूर्ति होगी स्थापित

### उज्जैन विकास प्राधिकरण यूनिटी माल के पीछे शिप्रा नदी तट पर मूर्ति स्थापित करेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन, जल्द ही भगवान श्रीकृष्ण की विराट स्वरूप मूर्ति के रूप में देश को एक नई पहचान देने जा रहा है। श्री महाकाल महालोक के बाद यहां एक और भव्य धार्मिक-पर्यटन परियोजना आकार लेने जा रही है। परियोजना, 220 करोड़ रुपये की है, जिससे उज्जैन विकास प्राधिकरण यूनिटी माल के पीछे शिप्रा नदी तट पर 151 फीट ऊंची भगवान श्रीकृष्ण की विराट स्वरूप धातु की मूर्ति स्थापित करेगा।



30 एकड़ क्षेत्र विकास की इस परियोजना में मूर्ति के साथ अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो, प्रोजेक्शन मैपिंग और विशाल हरित पर्यटन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। विशेष बात यह है कि मूर्ति का निर्माण सरदार वल्लभभाई पटेल की विश्व प्रसिद्ध 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टैच्यू आफ यूनिटी) के शिल्पकार पद्मभूषण राम वनजी सुतार के पुत्र एवं ख्यात आर्किटेक्ट डा. अनिल राम सुतार करेंगे। लगभग 30 फीट ऊंचे पेडस्टल पर स्थापित होने वाली यह प्रतिमा भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को दर्शाएगी और इसके देश की सबसे बड़ी धातु निर्मित कृष्ण प्रतिमा बनने की संभावना जताई जा रही है। परियोजना को अंतिम स्वरूप देने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी सिलसिले में आर्किटेक्ट अनिल सुतार उज्जैन और विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी से मिले। बैठक में मूर्ति के स्वरूप, उसके धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व तथा पूरे परिसर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बताया गया कि प्रतिमा को ऐसा स्वरूप दिया जाएगा जो भगवान श्रीकृष्ण के विराट रूप, उनके दर्शन और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें।

#### स्टैच्यू आफ यूनिटी की तर्ज पर विकसित होगा परिसर

योजना के अनुसार यूनिटी माल के पीछे शिप्रा नदी क्षेत्र से लगी लगभग 30 एकड़ भूमि को एक विशेष धार्मिक-पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां हरित परिदृश्य, आकर्षक उद्यान, दर्शक दीर्घा, भ्रमण पथ और पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रतिमा परिसर में स्टैच्यू आफ यूनिटी की तर्ज पर अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो तथा प्रोजेक्शन मैपिंग का भी प्रावधान रखा गया है। इसके माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, गीता के संदेश और भारतीय संस्कृति को आधुनिक तकनीक के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा।

#### मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा प्रस्ताव

परियोजना का प्रारंभिक खाका और वित्तीय प्रस्ताव तैयार हो चुका है। करीब 220 करोड़ रुपये की इस योजना को अगले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन और निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना केवल एक प्रतिमा निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उज्जैन को धार्मिक पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर नई ऊंचाई प्रदान करेगी। महाकाल लोक के बाद यह परियोजना शहर के लिए एक और बड़ा आकर्षण बन सकती है। यदि योजना निर्धारित स्वरूप में साकार होती है तो भगवान श्रीकृष्ण के विराट रूप की यह प्रतिमा देश की सबसे बड़ी धातु निर्मित कृष्ण प्रतिमा के रूप में स्थापित हो सकती है।

#### यह भी जानिये

उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन की श्रीकृष्ण पाथेय परियोजना में शामिल है जिसके तहत 81 करोड़ रुपये से मंगलनाथ रोड स्थित महर्षि सांदीपनि आश्रम (वह स्थान जहां भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की) और 120 करोड़ रुपये से महिदपुर के नारायणा धाम का विकास एवं सुंदरीकरण कार्य भी होना है।

इंदौर में नगर निगम द्वारा छावनी क्षेत्र में की गई तोड़फोड़ के विरोध में जताया आक्रोश

# कांग्रेसियों की भीड़ देखकर छावनी में आई जान

### लंबे समय बाद दिखी ताकत, मांगा जनता का हक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम द्वारा छावनी क्षेत्र में की गई तोड़फोड़ के विरोध में और प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा देने की मांग को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने मधु मिलन चौराहे से छावनी चौराहे तक जन अधिकार यात्रा निकाली।

इंदौर नगर निगम द्वारा छावनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान की गई तोड़फोड़ से प्रभावित व्यापारियों और नागरिकों को उचित मुआवजा देने की मांग तेज हो गई है। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मधु मिलन चौराहा से लेकर जगन्नाथ धर्मशाला तक आयोजित की गई जन अधिकार यात्रा में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि इस मार्ग के सभी मकानों और दुकानों के नक्शे सड़क की चौड़ाई को 60 फीट मानते हुए ही मंजूर किए जाने चाहिए। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।



मलबे का ढेर बन चुके छावनी क्षेत्र के लोगों में कांग्रेसियों को देखकर हिम्मत आ गई और उन्होंने भी नगर निगम के द्वारा की जा रही तोड़फोड़ के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

यह जन अधिकार यात्रा मधु मिलन चौराहे से प्रारंभ हुई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों आम नागरिक और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी लोग मधु मिलन चौराहे से लेकर छावनी चौराहे तक पैदल मार्च करते हुए आगे बढ़े। यात्रा के दौरान शामिल लोगों ने पूरे रास्ते प्रभावितों को मुआवजा देने और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छावनी चौराहे पर पहुंचने के बाद यह जन अधिकार यात्रा एक विशाल सभा के रूप में बदल गई। इस सभा को शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रभारी पिंटू जोशी, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, कांग्रेस उपाध्यक्ष शैलेश गर्ग तथा ब्लॉक अध्यक्ष शैलू सेन के साथ क्षेत्र के स्थानीय व्यापारियों ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने नगर निगम की इस कार्रवाई को आम जनता के साथ अन्याय बताया।

#### मास्टर प्लान की 23 सड़कों पर आंदोलन की चेतावनी

यात्रा के समापन के अवसर पर चिंटू चौकसे ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आज की यात्रा के साथ हमने इस गंभीर मुद्दे पर अपनी लड़ाई की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही छावनी क्षेत्र के व्यापारियों के साथ एक और बैठक करेंगे, जिसमें आंदोलन के अगले चरण की रणनीति तय की जाएगी। चौकसे ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई सिर्फ छावनी की सड़क तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इंदौर नगर निगम द्वारा मास्टर प्लान के तहत बनाई जाने वाली सभी 23 सड़कों पर यह आंदोलन जारी रहेगा।

#### सरकारी दस्तावेजों में सुधार और मुआवजे की मांग

कांग्रेस नेतृत्व ने मांग की है कि जब नगर निगम ने छावनी की सड़क का निर्माण 60 फीट चौड़ाई के आधार पर किया है, तो सरकारी दस्तावेजों में भी इसकी चौड़ाई को घटाकर 60 फीट दर्ज किया जाना चाहिए। इसके साथ ही इस क्षेत्र के नागरिकों के नक्शे भी 60 फीट की सड़क के हिसाब से ही मंजूर किए जाएं। सरकार द्वारा नागरिकों की जो जमीन सड़क निर्माण के लिए ली गई है, उसका उचित मुआवजा दिया जाए और जो तोड़फोड़ हुई है, उसकी मरम्मत का पूरा खर्च भी प्रशासन द्वारा वहन किया जाए।

विश्व पर्यावरण दिवस पर

## मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा हरित पहल एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने इस वर्ष की थीम जलवायु परिवर्तन पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर विश्व पर्यावरण दिवस 2026 मनाया तथा पर्यावरणीय सततता एवं जलवायु संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवसर पर मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया।

मंडल भर में कुल 60 पौधे लगाए गए, जिनका उद्देश्य हरित आवरण बढ़ाना, जैव विविधता को प्रोत्साहित करना तथा कार्बन अवशोषण में योगदान देना है। अभियान की प्रमुख विशेषताओं में से एक मुंबई सेंट्रल स्थित कोच केयर सेंटर के निकट अनुपयोगी भूमि का पुनर्विकास रहा। पूर्व में जहाँ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) संयंत्र स्थित था, उस क्षेत्र को एक सुंदर उद्यान के रूप में विकसित किया गया। यह उपलब्ध स्थान के प्रभावी उपयोग तथा शहरी हरितीकरण को बढ़ावा देने का उत्कृष्ट उदाहरण है। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के दौरान मंडल में संचालित विभिन्न पर्यावरणीय पहलों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही, चित्रकला प्रतियोगिता की पुरस्कार विजेता प्रविष्टियों एवं अन्य रचनात्मक कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया गया, जो रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और रचनात्मकता को दर्शाता है।

## महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने मंगल नाथ घाट पर किया श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान और विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मंगल नाथ घाट पहुंचकर नगर निगम के सहयोग से शिप्रा नदी के शुद्धिकरण एवं गंगा संवर्धन कार्य में श्रमदान किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि मंगलनाथ छोटे पुल के निकटवर्ती घाट पर सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों, परियोजना अधिकारियों, सहायिकाओं एवं स्टॉफ ने उत्साहपूर्वक इस पुण्य कार्य में भाग लिया। अभियान में सहायक संचालक बृजेश वर्मा, रीना सोलंकी, पोषण अभियान जिला समन्वयक रोहित हिरवे तथा जिला एवं परियोजना कार्यालय के अन्य स्टॉफ सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।नगर निगम के घाट प्रभारी व्यास एवं उनकी टीम ने महिला एवं बाल विकास विभाग के दल को पूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा घाट सफाई कार्य में सहयोग किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने तीन सौ से अधिक कार्यकर्ताओं को निर्मल शिप्रा सिंहस्थ पूजा स्वच्छता संकल्प की शपथ दिलाई।

## इंदौर से उज्जैन जाने के लिए चौथी सड़क का काम होल्ड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सिंहस्थ में सबसे अधिक भक्त इंदौर होते हुए उज्जैन जाएंगे। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान कुंभ क्षेत्र से जुड़े मार्गों पर हुए ट्रैफिक जाम को देखते हुए इंदौर से उज्जैन जाने के लिए तीन मार्ग तैयार किए जा रहे हैं। चौथा मार्ग भानगढ़ से होकर बनना था, लेकिन फिलहाल उसे होल्ड पर रखा गया है।

इंदौर से उज्जैन जाने के लिए सबसे प्रमुख सड़क इंदौर-उज्जैन सिक्स-लेन रोड है। इसका लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सांवेर और उससे आगे के हिस्सों में पुलों का निर्माण जारी है। यह सिक्स-लेन सड़क बनने के बाद इंदौर से उज्जैन की यात्रा 35 से 40 मिनट में पूरी की जा सकेगी, जबकि पहले इसमें एक घंटे से अधिक समय लगता था। इस सड़क के निर्माण पर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मौजूदा फोर-लेन सड़क को सिक्स-लेन में विकसित किया गया है। पिछले सिंहस्थ के दौरान इसी मार्ग को फोर-लेन बनाया गया था।

इसके अलावा इंदौर के हातोद से चंद्रावतीगंज होते हुए उज्जैन तक एक ग्रीनफील्ड सड़क बनाई जा रही है। इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। सड़क निर्माण के लिए किसानों ने काफी विरोध किया था, लेकिन मुआवजे से जुड़े प्रावधानों में बदलाव के बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह सड़क उज्जैन के चिंतामन गणेश मार्ग से जुड़ेगी। इसके अलावा इंदौर से देवास होते हुए उज्जैन जाने वाले मार्ग का भी सिंहस्थ के दौरान व्यापक उपयोग होगा। इस मार्ग को भी फोर-लेन बनाया गया है। बड़ी संख्या में लोग इंदौर आने-जाने के लिए इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं।

इंदौर से उज्जैन को जोड़ने के लिए भानगढ़ (चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा चौराहा) से इंदौर-देवास हाईवे को जोड़ने वाली एक सड़क भी प्रस्तावित है। सरकार ने इस परियोजना को नए सिरे से परीक्षण के लिए लोक निर्माण विभाग के पास भेजा है। उज्जैन की तीन दिशाओं से बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होने के कारण इस परियोजना को फिलहाल होल्ड पर रखा गया है।

शाजापुर नगरपालिका इन दिनों सियासी अखाड़े और भ्रष्टाचार के एक बड़े केंद्र में तब्दील हो चुकी

# शाजापुर नगरपालिका में मची लूट, सिस्टम से विपक्ष ही नहीं, खुद अध्यक्ष भी त्रस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर के विकास का जिम्मा संभालने वाली शाजापुर नगरपालिका इन दिनों सियासी अखाड़े और भ्रष्टाचार के एक बड़े केंद्र में तब्दील हो चुकी है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि यहां सिस्टम की नाकामी को लेकर सिर्फ विपक्ष ही हमलावर नहीं है, बल्कि खुद नगरपालिका अध्यक्ष अपनी ही परिषद के अधिकारियों के खिलाफ बगावत पर उतर आए हैं। कुत्तों की नसबंदी के नाम पर लाखों के वारे-न्यारे से लेकर करोड़ों के सीवरेज प्रोजेक्ट के डूबने तक, आरोप इतने गंभीर हैं कि अब यह प्रशासनिक विवाद एक बड़े राजनीतिक घमासान का रूप ले चुका है।

अध्यक्ष और सीएमओ के बीच चल रही वर्चस्व की इस जंग के बीच रविवार को कांग्रेस ने भी प्रेस वार्ता कर इस भ्रष्टाचार के महाकुंभ की पोल खोल दी। कांग्रेस पार्षद दल के नेता प्रतिपक्ष अजीज मंसूरी ने नगर




पालिका अध्यक्ष के वायरल वीडियो को ही ढाल बनाकर अफसरों पर तीखे तीर छोड़े। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि नगर पालिका में अब नियम-कानून का नहीं, बल्कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मनमानी का राज चल रहा है। भ्रष्टाचार की इंतहा तो यह है कि आवारा कुत्तों की नसबंदी के नाम पर कोई जमीनी काम किए बिना ही, सिर्फ कागजों में 17 लाख रुपये डकार लिए गए। इतना ही नहीं, सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए नगर पालिका के वाहनों के मीटर तक बंद कर दिए गए हैं, ताकि हर महीने डीजल-पेट्रोल के नाम पर लाखों रुपये के फर्जी बिल पास कराए जा सकें।

जनप्रतिनिधि बोर्ड निर्माण और वाहनों के बेजा इस्तेमाल को लेकर भी सिस्टम की बेशर्मी पूरी तरह उजागर हो चुकी है। मंसूरी ने कहा कि शहर के विकास की जो तस्वीरें कागजों पर रंगीन दिखाई जा रही हैं, वे जमीन पर उतनी ही बदरंग और खोखली हैं। वहीं पूर्व विधायक प्रतिनिधि आशुतोष शर्मा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश्वरप्रताप सिंह ने करोड़ों रुपये की सीवरेज और नर्मदा जल योजना की पोल खोलकर रख दी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि सीवरेज निर्माण में इतनी घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है कि लाइनें जगह-जगह चोक पड़ी हैं। आज आधा शहर इस प्रशासनिक लापरवाही और बदहाली का खामियाजा भुगत रहा है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी सिर्फ ठेकेदारों की जेबें भरी गई हैं। विपक्ष का सीधा आरोप है कि शिकायतों के अंबार लगे हैं, लेकिन ऊपर से नीचे तक बैठे जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं।

#### सत्ता और विपक्ष के निशाने पर नपा प्रशासन

इस पूरी कहानी का सबसे हैरान करने वाला और स्याह पहलू नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन की वह पीड़ा है, जो अब खुलेआम छलक रही है। जो गंभीर आरोप विपक्ष लगा रहा है, कमोबेश वही दर्द खुद अध्यक्ष का भी है। अध्यक्ष ने सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए यहां तक कह दिया है कि ठेकेदारों और सप्लायरों के इस बेलगाम गठजोड़ ने शाजापुर को समस्याओं का सजापुर बनाकर रख दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा शहर के विकास के लिए घोषित 10 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि की फाइल भी लालफीताशाही की भेंट चढ़ गई है। अध्यक्ष की बेबसी का आलम यह है कि अधिकारी उनकी बात तक सुनने को राजी नहीं हैं। शहर के बुनियादी काम स्ट्रीट लाइट, पार्कों का रखरखाव, चीलर नदी की जालियों की मरम्मत और नालियों की सफाई सब पूरी तरह ठप पड़े हैं। अफसर अपने अध्यक्ष को ही दरकिनार कर केवल कलेक्टर कार्यालय या बैठकों का बहाना बनाकर कुर्सी से नदारद रहते हैं। अब आजिज आ चुके नगर पालिका अध्यक्ष ने इस बेलगाम अफसरशाही की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री और स्थानीय सांसद-विधायक से करने का मन बना लिया है। सत्ता और विपक्ष, दोनों के ही निशाने पर अब नगर पालिका का यह भ्रष्ट तंत्र आ चुका है। लेकिन इस पूरी सियासी और प्रशासनिक नूराकुश्ती में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस जनता ने विकास की उम्मीद में वोट दिया था, उसके हिस्से में यह सजापुर क्यों आया? क्या शासन स्तर पर बैठे आका इस लूटतंत्र पर कोई सख्त कार्रवाई करेंगे, या शाजापुर की जनता यूं ही घोटालों की धूल फांकने को मजबूर रहेगी? प्रेसवार्ता के दौरान राजेश पारछे, सरदार मूसा आजम खान, सनी दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## न्यूज कालम



### मलेरिया जागरुकता रथ गांव गांव जाकर ग्रामीणों को सचेत कर रहा

**खण्डवा।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि मलेरिया रथ अभी तक ग्राम सिहाड़ा, ललवाड़ा, जावर, पिपल्याफुल, खुटफल, रनगांव, डोरानी, तलवाड़िया, कोलगांव, जामनी मूंदी, सैलानी, फतेहपुर एवं केहलारी के हाट बाजार, ग्राम खेड़ी, रजूर, मछौडी, जोगी बेड़ा, आशापुर, जामनी गुर्जर, मेंढ़ापानी, डाबिया, लंगोटी, पटाजन, रोशनी, बाराकुंड, उदयापुर, सांवलीखेड़ा, खालवा, संदलपुर, बखार, खार के हाट बाजार में पहुंच और वहां के ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके साथ ही चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण, लक्षण, जांच और उपचार की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा खण्डवा शहरी क्षेत्र में भी स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत टीम द्वारा घर-घर जाकर और सामुदायिक चौपालों के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है।

### डॉक्टर्स ने जटिल ऑपरेशन कर प्रसूता अर्चना और उसके बच्चे की जान बचाई



**खण्डवा।** स्वास्थ्य विभाग के अमले के आपसी समन्वय और डॉक्टर्स के अथक प्रयासों से हाईरिस्क गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की जान बचाई जा सकी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया ने बताया कि खालवा विकासखण्ड के वनग्राम ढेमरिया गुलाई निवासी गर्भवती महिला अर्चना पति रोहित उम्र 20 वर्ष गंभीर सीवियर प्री-इक्लम्प्सिया अत्यधिक उच्च जोखिम वाली स्थिति से ग्रसित थी। डॉ. बकोरिया ने बताया कि गत दिनों वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाई के निरीक्षण के लिए गये तो गर्भवती महिला अर्चना की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्होंने महिला और उसके परिजनों की काउंसलिंग की और उन्हें स्थिति की गंभीरता को समझाते हुए तत्काल उच्च स्तरीय उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय खण्डवा लाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. याचिका ने तत्काल सीजर करने का निर्णय लिया। डॉ. याचिका के साथ ही एनेस्थेटिक डॉ. दीक्षित व डॉ. अजेंद्र के अथक प्रयासों और सटीक उपचार से यह जटिल ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की जान बचाने में सफलता मिली।

### मंत्री डॉ. विजय शाह ने विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

**खंडवा।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने शनिवार को जिले के ग्राम खालवा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग १.२० करोड रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री दिव्यादित्य शाह भी मौजूद थे इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं। जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के साथ साथ निशुल्क गणवेश, निशुल्क पुस्तकें, निशुल्क साइकिल जैसी अनेक सुविधाएं दी जा रहे हैं, ताकि वे शिक्षा से वंचित न रहें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के विकास की गति बढ़ी है। प्रदेश में किसानो और मजदूरों की आय भी बढ़ी है, जिससे उनके परिवारों में खुशहाली आई है।

### देपालपुर में प्रस्तावित बेदखली कार्रवाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

**देपालपुर।** देपालपुर-बिरगोदा मार्ग चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित अतिक्रमण हटाओ अभियान पर फिलहाल न्यायिक रोक लग गई है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति राजेश कुमार अग्रवाल ने देपालपुर के लगभग 65 परिवारों से जुड़े मामले में अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 8 जून (सोमवार) को निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि को शासकीय बताते हुए राजस्व प्रशासन द्वारा बेदखली की कार्रवाई प्रारंभ की गई थी। प्रभावित परिवारों को नोटिस जारी कर ५ जून को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। इसी के विरुद्ध प्रभावित पक्षों ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि मामले में आवश्यक जानकारी प्राप्त किए जाने के लिए 3 जून को भी समय लिया गया था। इसके बाद 5 जून को भी शासन की ओर से आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रकरण को आगे रखने का अनुरोध किया गया।

### बड़वानी की होनहार खिलाड़ी स्नेहा दाऊदे ने बढ़ाया देश का मान, एशिया कप हॉकी में जीता कांस्य पदक

**बड़वानी।** जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बड़वानी जिले की प्रतिभावान खिलाड़ी कुमारी स्नेहा दाऊदे ने कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के हॉकी फीडर सेंटर की इस होनहार खिलाड़ी की ऐतिहासिक सफलता पर संपूर्ण बड़वानी जिले में गौरव और हर्ष का माहौल है। स्नेहा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर बड़वानी लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद श्री सुमेर सिंह सोलंकी, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा बड़वानी नगर की समस्त जनता ने उन्हें हृदय से बहुत-बहुत बधाई दी है और उनके इस शानदार खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

# नेपानगर में आदिवासी विवाहित महिला को शादी का झांसा देकर गुजरात ले जाकर बंधक बनाने और दुष्कर्म का मामला दर्ज

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर




जिले के नेपानगर में एक आदिवासी विवाहित महिला को शादी का झांसा देकर गुजरात ले जाने और वहां १५ दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर नेपानगर पुलिस ने शनिवार देर रात आरोपी समीर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस मामले को लेकर तीन दिन पहले हिंदू संगठनों नेपानगर थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

पीड़िता ने अपने पति, सास और जेठ के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। महिला ने बताया कि वह भील आदिवासी समाज से है, उसकी शादी ८ साल पहले हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। करीब ३ से ४ महीने पहले उसकी पहचान आरोपी समीर से हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा देना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि समीर उसे बार-बार अपने पति को छोड़कर शादी करने के लिए उकसाता था। आरोपी को महिला के भील आदिवासी होने की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उसने अपनी पहचान छिपाकर महिला को गुमराह किया और विश्वास में ले लिया।

पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने पहले उससे नजदीकियां बढ़ाई और फिर 17 मई 2024 को उसे बस से गुजरात ले गया। गुजरात के एक गांव में आरोपी ने उसे लगभग १५ दिनों तक बंधक बनाकर रखा। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी ने एक सुनियोजित साजिश के तहत महिला को प्रेमजाल में फंसाकर उसका शोषण किया है।

**जान से मारने की धमकी दी, 10 से 15 बार किया दुष्कर्म***

महिला ने पुलिस को बताया कि गुजरात में बंधक रहने के दौरान आरोपी समीर ने उसके साथ 10 से 15 बार जबरन दुष्कर्म किया। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकियां भी दीं। पुलिस ने महिला के बयानों के आधार पर आरोपी समीर के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक जांच शुरू कर दी है।

## बुरहानपुर में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कड़ी कार्रवाई

# 17 सैंपल फेल, 6 प्रतिष्ठानों पर 1.30 लाख का जुर्माना

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। भोपाल लैब की रिपोर्ट में 17 सैंपल फेल पाए गए हैं। इनमें कुछ सैंपल गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे, जबकि कुछ में पैकिंग और लेबल से जुड़ी गड़बड़ियां मिलीं।

**17 मामलों की कोर्ट में सुनवाई, 6 पर लगा जुर्माना**

जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सभी 17 मामले एडीएम कोर्ट में पेश किए गए हैं। इनमें से छह प्रतिष्ठानों पर कुल 1 लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि बाकी मामलों की सुनवाई जारी है।

**जिन प्रतिष्ठानों पर लगा फाइन**

जिन प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना लगाया गया है, उनमें शामिल हैं: - नेपानगर की सई नमकीन पर घी के सैंपल के लिए 20 हजार रुपये - मंडी बाजार की न्यू हरिओम डेयरी पर दूध के लिए २० हजार रुपये - फेमस दूध डेयरी पर मावा के लिए 30 हजार रुपये - नितिन होटल पर धनिया के लिए 30 हजार रुपये - अरुण दूध डेयरी पर दूध के लिए 25 हजार रुपये - योगेश्वर दूध डेयरी पर दूध के लिए 5 हजार रुपये

**इन खाद्य पदार्थों के सैंपल भी फेल मिले**

**फेल पाए गए अन्य सैंपलों में शामिल हैं:**

आजाद नगर के ए-१ जलेबी सेंटर का हलवा, एसबी किराना का सोयाबीन तेल, प्रतापपुरा की दत्त डेयरी का दूध, हरि गोपाल फूड प्रोडक्ट का सोयाबीन तेल, डेढ़तलाई के जायसवाल किराना का सरसों तेल, जीटी प्रोडक्ट का पान मसाला और सिंधीपुरा गेट स्थित वीरेंद्र आइसक्रीम की आइसक्रीम।

वहीं नेपानगर के ट्रैफिक जाम होटल का मावा रोल, असीरगढ़ के रामकृष्ण मिडवे का नमकीन और नेपानगर के प्रकाश होटल का मावा पेड़ा भी जांच में नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए।

**बिना लाइसेंस चल रही दुकान पर भी कार्रवाई**

खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुरहानपुर जलेबी व नमकीन सेंटर के खिलाफ बिना लाइसेंस कारोबार करने का मामला भी दर्ज किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश डावर ने बताया कि जांच में फेल पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम 2011 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मेगा अपार दिवस के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को विशेष कैंप

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



विकासखंड में 1 जून से 30 जून तक "मेगा अपार दिवस" का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को विकासखंड के समस्त जन शिक्षा केंद्र एवं संकुल केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुरलीधर बोरासी व खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक रूपेश नरोटे द्वारा बताया गया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण एवं अद्यतन कार्य को गति प्रदान करना है। कैंप के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अपार आईडी के महत्व, उपयोगिता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी जाएगी।

खंड अकादमिक समन्वयक राजेश भावसार, महावीर भंडारी, मुकेश राठौर व मनोज यादव ने माह के प्रथम शनिवार को शासकीय हाईस्कूल काटजू, शासकीय उमावि कमला नेहरू एवं हाईस्कूल रोजाना जन शिक्षा केंद्र मे आयोजित कैंप का अवलोकन किया। बोरासी ने सभी संस्था प्रमुखों, जन शिक्षकों, शिक्षकों तथा संकुल प्रभारी को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित करें तथा अभिभावकों से संपर्क कर अभियान को सफल बनाएं। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निर्धारित तिथियों पर कैंप का प्रभावी संचालन करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया है। मेगा अपार दिवस के माध्यम से विद्यार्थियों की डिजिटल शैक्षणिक पहचान को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।

# पश्चिम रेलवे ने अप्रैल मई 2026 के दौरान सघन टिकट जांच अभियानों से 50 करोड़ से अधिक का जुर्माना वसूला

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ इन्दौर

पश्चिम रेलवे द्वारा टिकट जांच के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए अप्रैल से मई 2026 की अवधि के दौरान अपने नेटवर्क पर चलाए गए सघन टिकट जांच अभियानों के माध्यम से 50.33 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया है। यह संग्रहण पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त 43.54 करोड़ की तुलना में लगभग 16 प्रतिशत अधिक है।

निर्बाध एवं आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने तथा बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मुंबई उपनगरीय सेवाओं, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, यात्री ट्रेनों तथा हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में निरंतर सघन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं।

पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की निगरानी में कार्यरत अत्यंत प्रेरित टिकट जांच टीम द्वारा अप्रैल एवं मई 2026 के दौरान पूरे नेटवर्क पर व्यापक अभियान चलाए गए। इसके परिणामस्वरूप बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के 6.80 लाख से अधिक मामले, जिनमें बिना बुक किए गए सामान के मामले भी शामिल हैं, पकड़े गए तथा 50.33 करोड़ का जुमार्ना प्राप्त किया गया।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केवल मई 2026 के दौरान ही 3.21 लाख बिना टिकट एवं अनियमित यात्री पकड़े गए, जिससे लगभग ?२३ करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ।

एसी उपनगरीय लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए नियमित रूप से विशेष एवं औचक टिकट जांच अभियान भी चलाए गए। अप्रैल से मई 2026 की अवधि के दौरान एसी लोकल ट्रेनों में 32,600 से अधिक मामले पकड़े गए, जिनसे लगभग 1 करोड़ का जुमार्ना प्राप्त हुआ। यह राशि पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त 34.90 लाख की तुलना में लगभग 190 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में पश्चिम रेलवे के मुंबई उपनगरीय खंड में 2.20 लाख से अधिक बिना टिकट एवं अनियमित यात्री पकड़े गए, जिनसे लगभग 11.80 करोड़ का जुमार्ना प्राप्त हुआ।

# सनावद से चलने वाली ट्रेन को सातों दिन और चार फेरों में भुसावल तक चलाने की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन के कार्य में तेजी लाई जाए और वर्तमान में सनावद से खंडवा तक चलाई जा रही मेमू ट्रेन को सप्ताह के सातों दिवस चलाया जाए। ये मांग सामाजिक संस्थाओं सनावद विकास संघर्ष समिति एवं अंकुर फाउंडेशन ने रेल मंत्री से की है। समिति के सदस्यों ने रेल मंत्री को लिखे पत्र में मांग की है कि मेमू ट्रेन को सातों दिन चलाकर दो की जगह चार फेरे किए जाएं और मेमू ट्रेन को भुसावल खंडवा से बढ़ाकर भुसावल तक किया जाए। ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र से दक्षिण भारत की डायरेक्ट कनेक्टिविटी बनाने के लिए मेमू ट्रेन को भुसावल तक बढ़ाया जाना चाहिए। इससे महाराष्ट्र और दक्षिण भारत से ओंकारेश्वर आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों का आवागमन सुगम हो सके। समिति ने रेल मंत्री से मांग की है कि वर्तमान में मेमू ट्रेन का आवागमन का समय विसंगतिपूर्ण होने से क्षेत्र के रेल यात्रियों को रेल सुविधा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मेमू ट्रेन के संचालन का समय स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की सलाह से निश्चित किया जाना चाहिए। समिति ने अन्य प्रांतों से आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए ओंकारेश्वर नगर में रेलवे का रिजर्वेशन काउंटर खोलने की भी पुरजोर मांग की है।

ये मांग सनावद विकास संघर्ष समिति एवं अंकुर फाउंडेशन के संयोजक डॉ.राजेंद्र पलोड़, ओमप्रकाश बंसल,राकेश गेहलोत, जाकिर हुसैन अमी, लक्ष्मीकांत राठी,धीरेंद्रसिंह सोलंकी ने रेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि सनावद से ओंकारेश्वर चलाई जा रही मेमू ट्रेन सप्ताह में केवल पांच दिन संचालित की जा रही है और सनावद से खंडवा तक आवागमन हेतु मेमू ट्रेन दो फेरे लगाती है। वर्तमान में ये ट्रेन सनावद रेलवे स्टेशन से सुबह 11.10 और दोपहर 3.30 बजे खंडवा के लिए रवाना होती है और खंडवा रेलवे स्टेशन से चलकर सनावद रेलवे स्टेशन सुबह 10.30 और दोपहर 3 बजे आती है। समिति के सदस्यों मांग की है कि मेमू ट्रेन के चार फेरे किए जाएं।

# नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संयुक्त दल के गठन का सुझाव

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

कृषकों और आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु शासकीय विभागों में चक्कर काटने से राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने अनूठी पहल करते हुए बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान और आम जन को राहत प्रदान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को संयुक्त दल गठित करने और समस्या निवारण शिविरों के आयोजन हेतु पत्र लिखा है। जिला कलेक्टर,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एसडीएम बड़वाह को प्रेषित पत्र में विधायक ने बताया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों और नगरों से बड़ी संख्या में नागरिक शासकीय विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर विधायक जन सेवा केंद्र में आ रहे हैं। पत्र में शासकीय विभागों में लंबित प्रकरणों के अंबार पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। राजस्व,विद्युत, पंचायत,नगरीय निकाय एवं पीएचई जैसे जनसरोकार से सीधे जुड़े विभागों में आमजन की समस्याओं के समाधान के संबंध में न तो उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है और न ही सही जानकारी दी जा रही है।

इस कारण नागरिकों को एक टेबल से दूसरी टेबल और एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय के चक्कर काटने पर विवश होना पड़ रहा है इससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी हो रही है और उन पर अकारण आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है इसलिए व्यापक जनहित में शासकीय विभागों में गतिरोध को समाप्त करने तथा शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। विधायक ने सुझाव दिया है कि शासकीय विभागों में गतिरोध की स्थिति से उबरने के लिए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में पाँच-पाँच पटवारी हल्कों और ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक क्लस्टर (संयुक्त दल) गठित किया जाए। इस संयुक्त दल में क्षेत्र के पटवारी हल्कों और पंचायतों के अंतर्गत ग्रामों को केंद्र बिंदु बनाया जाए और जन समस्या निराकरण शिविरों का आयोजन किया जाए।

# सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बाद भी फिक्स चार्ज की मार झेल रहा उपभोक्ता

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलोट

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और बिजली बिल से पूरी तरह मुक्ति पाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं को करारा झटका लग रहा है। सरकार और बिजली कंपनियों के बड़े-बड़े दावों के विपरीत, सोलर प्लांट लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं को हर महीने एक मोटी रकम 'फिक्स चार्ज' के रूप में चुकानी पड़ रही है। हाल ही में लागू हुए नए टैरिफ और स्मार्ट मीटर के नियमों के बाद यह समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है।

**क्या है पूरा मामला?**

अकेले आलोट इस क्षेत्र में सेकंडों उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग की सब्सिडी योजनाओं और जीरो बिल' के विज्ञापन देखकर 70 हजार से लेकर 2 लाख तक खर्च करके ऑन-ग्रिड सोलर सिस्टम लगवाए हैं। ऑन-ग्रिड सिस्टम में उपभोक्ता दिन के समय बनने वाली अतिरिक्त बिजली ग्रिड को भेजता है और रात में ग्रिड से बिजली लेता है। महीने के अंत में दोनों का मिलान कर बिल बनता है।

उपभोक्ताओं का सोचना था कि जितनी बिजली वे विभाग को दे रहे हैं, उससे उनका बिल शून्य हो जाएगा। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। बिजली विभाग ऊर्जा खपत तो शून्य कर देता है, लेकिन लोड चार्ज के आधार पर लगने वाला फिक्स चार्ज, मीटर रेंट, टैक्स और अन्य सेस ज्यों के त्यों वसूल रहा है।

सोलर उपभोक्ता डॉ सुनील चोपड़ा ने बताता कि हालात कितने खराब हैं। उन्होंने कहा, "मेरे यहां ३ किलोवाट का सोलर एक साल पहले लगा है, लेकिन बिल हमेशा बढ़कर ही आ रहा है। नियत प्रभार के नाम से हर माह बिल में अधिक राशि ली जा रही है। इस बार अकेले 1800 नियत प्रभार के जोड़ दिए। वहीं इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी और फ्यूल चार्ज भी जोड़कर कुल बिल 8042 का बना दिया है। सोलर से जनरेशन हो रही है, फिर भी इतना बिल क्यों?"

**5 किलोवाट सोलर का भी कोई फायदा नहीं हुआ**

अभिभाषक विमल जैन ने बताया कि "बिजली बचत के लिए 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया था। लाखों रुपए खर्च किए। सोचा था बिल कम आएगा, पर इस बार ?८५७३ का बिल आ गया।

इसी प्रकार उपभोक्ता पंकज निगम, विष्णु सोनी ने भी बतलाया की हमने ३ किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया लेकिन प्रति माह लगने वाले फिक्स चार्ज की वजह से हमें हर माह अतिरिक्त रुपए बल के रूप में देना पड़ रहे हैं जिससे सरकार की इस योजना का सीधा फायदा हमें नहीं मिलकर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी को अधिक मिलता दिख रहा है।

**क्यों लग रहा है यह चार्ज?**

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, फिक्स चार्ज बिजली की खपत का नहीं, बल्कि उपभोक्ता तक बिजली पहुंचाने वाले बुनियादी ढांचे का होता है।

इस मामले में सहायक अभियंता अमित पाटीदार का कहना है, "नियत प्रभार तथा अन्य प्रभार इंपोर्ट यूनिट के हिसाब से लगता है। सभी चार्ज एमपीईआरसी के टैरिफ ऑर्डर के अनुसार हैं। नियत प्रभार कनेक्शन लोड पर तय होता है। उसके बाद भी यदि किसी उपभोक्ता को कोई शिकायत है तो लिखित में दें, हम उसकी जांच करवा सकते हैं।"

इस व्यवस्था से निराश सोलर उपभोक्ताओं और पर्यावरण कार्यकताओं ने सरकार से नियमों में ढील देने की मांग की है। तरफ सरकार रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' जैसी स्कीमें चला रही है, वहीं दूसरी तरफ फिक्स चार्ज की यह मार लोगों को सोलर अपनाने से हतोत्साहित कर रही है। यदि समय रहते नियमों में सुधार नहीं किया गया, तो सोलर मिशन की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

## न्यूज -कॉलम

### परिवार की प्रताड़ना से तंग आकर लगाई थी फांसी

**उज्जैन।** मक्सीरोड पिलियाखाल रेलवे ब्रिज की रेलिंग से 23 अप्रैल को संतोष पिता दयाराम पाल 45 साल निवासी देसाईनगर की रस्सी के फंदे पर लटकी लाश मिली थी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का सामने आया था। पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। इस दौरान पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के बयान दर्ज किये गये। जिसमें सामने आया कि संतोष को पिता दयाराम, भाई राजकुमार और भाभी आरती पाल द्वारा पैतृक मकान को लकर प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसके चलते वह परेशान रहने लगा था। घटना वाले दिन भी पारिवारिक विवाद हुआ था उसके बाद संतोष घर से उद्योगपुरी पॉवर लूम पर काम करने का बोलकर निकला था, लेकिन उसने पिलियाखाल रेलवे ब्रिज पर पहुंचकर फांसी लगा ली थी। विवेचना में आये तथ्यों और बयानों के आधार पर पंवासा पुलिस ने मृतक की पत्नी दीपमाला की शिकायत पर पिता, भाई और भाई के खिलाफ धारा 108, 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर लिया। तीनों की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### रात में शराब पीकर लौटा सुबह फंदे पर लटका मिला



**उज्जैन।** नीमनवासा में रहने वाला हुकुम पिता केसरसिंह मालवीय 45 साल शनिवार रात शराब का नशा कर घर लौटा था। उसकी हालत देख परिजनों ने कुछ नहीं कहा और अपने कमरे में सोने चले गये। रविवार सुबह पास में रहने वाला भाई देवकरण पानी की मोटर चालू करने के लिये पहुंचा तो उसने हुकुमसिंह को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। उसने परिवार को बुलाया और मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल से शव को चरक अस्पताल पोस्टमार्टम के लिये पहुंचा। दोपहर में पोस्टमार्टम के दौरान भाई देवकरण ने बताया कि हुकुम 2 बच्चों का पिता था और पूर्व में पीएचई मस्टर कर्मचारी था। लेकिन नशा करने से उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी। संभवतः नशे की हालत और आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

### हनुमान मंदिर में शराब पीने से मना करने पर विवाद

**उज्जैन।** ग्राम कागदी कराडिया हनुमान मंदिर में शराब पीने से मना करने की बात पर जितेन्द्र पिता मोहनलाल मेवाडा पिपलीनाका और अमित पिता धारासिंह चौहान पानबिहार के बीच विवाद हो गया। दोनों की ओर से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटनाक्रम में एक पक्ष से जितेन्द्र और उसका साथी हितेश पिता राजेश भामी मोहल्ला रतलाम घायल हो गये। दूसरे पक्ष से अमित चौहान को चोंट आई। मामला भैरवगढ़ थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। अमित का कहना था कि उसके साथ बिना वजह दोनों ने मारपीट की है। वहीं जितेन्द्र का आरोप था कि मंदिर में शराब पीने से मना किया तो उनके साथ मारपीट की गई है।

### पिता के साथ मारपीट कर पुत्र ने हत्या की दी धमकी

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया सुकडी में रहने वाला शंकरलाल शराब पीकर घर लौटा था। उसे नशे की हालत में देख पिता कालूराम बागरी 60 साल ने शराब नहीं पीने की समझाईश दी। नशे में धुत पुत्र शंकरलाल ने पिता के साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अन्य मामले में नागदा के रहने वाले भगवान पिता कचरू 65 साल के साथ भी पुत्र संजय ने मारपीट की और घर से निकाल दिया। घायल पिता को परिजनों ने उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। घायल भगवान का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। पिता का कहना था कि पुत्र की शादी की और मकान बनाकर दिया। जिसके चलते कर्ज हो गया था, पुत्र से कर्ज लौटाने की बात कहीं तो उसने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। मामले में नागदा पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर पुत्र के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

### घर के बाहर खडे युवक से बदमाश ने मांगे रूपये

**उज्जैन।** देवासरोड स्थित हामूखेडी में रहने वाला साहिल पिता दीपक सोलंकी 20 साल शनिवार-रविवार रात 11.30 बजे गर्मी अधिक होने पर घर के बाहर हवा में खड़ा था। उसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला बदमाश मधु उर्फ मधुसुदन बोडाना आया और शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा। साहिल के मकान करने पर दोनों के बीच विवाद हुआ, बदमाश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। साहिल के परिजन और आसपास लोग आवाज सुनकर बाहर आये तो बदमाश भाग निकला। मामले में साहिल की शिकायत पर नागझिरी थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर किया है। एक अन्य मामले में जानकीनगर जीवाजीगंज में रहने वाला अजय पिता दीपनारायण 30 साल ग्राम गौंसा से लौट रहा था। उसी दौरान एक बदमाश ने रास्ता रोक शराब के रूपयों की मांग की और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। भैरवग? थाना पुलिस ने मामले में बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों मामलो में रविवार शाम तक बदमाशों की तलाश जारी थी।

# हिरासत में आये ठग ने लौटाई 1.95 लाख की राशि

## झांसा देकर कराया था ट्रांजेक्शन, 118 दिन बाद गुजरात से लाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर ग्रामीण से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराकर 1.95 लाख की ठगी करने वाला 118 दिन बाद गुजरात से पुलिस की हिरासत में आ गया। पूछताछ के बाद आरोपी ने ठगी की पूरी राशि लौटा दी। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि ग्राम कडाई में रहने वाला गोपाल पिता प्रेमसिंह खेती किसानी का काम करता है। कुछ माह पहले मोबाइल पर आये कॉल के बाद उसे ट्रेडिंग में मुनाफ का झांसा दिया गया और चंद दिन में ही राशि इंवेस्ट करने पर 15 से 20 प्रतिशत का मुनाफा देने की बात कहीं गई। गोपाल झांसे में आ गया, उसने पहले कुछ राशि का इंवेस्टमेंट किया, उसे मुनाफा दिखाया गया, राशि 2 से 3 दिन में बढ़ने पर गोपाल ने अलग-अलग दिनों में करीब 1.95 लाख रूपये का इंवेस्टमेंट करते हुए कॉल धारक के खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर दिया। कुछ दिन बाद मुनाफा नहीं मिले और कॉल धारक से संपर्क नहीं होने पर धोखाधडी का आभास हुआ। गोपाल द्वारा सायबर हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई। जहां से मामला पुलिस के पास पहुंचा। 2 फरवरी को मामले में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4), 319 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। मोबाइल नम्बर के साथ जिस खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हुआ था, उसकी जानकारी बैंक के माध्यम से प्राप्त की गई। इस दौरान सामने आया कि उक्त 1.92 लाख का ट्रांजेक्शन गुजरात के दाहोद में रहने वाले राजेश पिता बिछिया भाई निवासी पिपलिया थाना लिमडी, जिला दाहोद (गुजरात) के खाते में हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एसआई राजेन्द्र सिंह तोमर,एएसआई दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, अशोक कटारा, आरक्षक भोजराज परमार, दिलीप सिंह राणा, दीपक मालवीय की टीम गठित की गई और गुजरात रवाना किया गया। शनिवार सुबह आरोपी को हिरासत में लिया गया और इंगोरिया लाया गया। जहां पूछताछ के बाद उसने ठगी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से ठगी की सौ प्रतिशत राशि 1.95 लाख रूपये बरामद कर ली। जिसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### पूर्व में कई लोगों से कर चुका था ठगी

एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि आरोपी ऑनलाइन धोखाधडी का पेशेवर आरोपी है। वह पूर्व में भी कई लोगों के साथ मुनाफे का झांसा देकर ठगी कर चुका है। उसके खिलाफ गुजरात में भी कई प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। उसके द्वारा लोगों को 2 से 3 दिनों में 15 से 20 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर अपने झांसे में लिया जाता था। ट्रेडिंग के साथ ही वह अन्य माध्यमों में भी इंवेस्टमेंट का झांसा देता था।

### लम्बी बीमारी के बाद प्रधान आरक्षक का निधन



**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना पर पदस्थ प्रधान आरक्षक का लम्बी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। खबर जैसे ही थाना स्टॉफ को मिली माहौल गमगीन हो गया। प्रधान आरक्षक के निधन पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी शौक प्रगट कर श्रद्धांजलि दी गई।

चिंतामण गणेश थाना एएसआई विक्रम वर्मा ने बताया कि प्रधान आरक्षक रूपेन्द्र यादव पिछले कई महिनों ने बीमार चल रहे थे। उन्हे किडनी में पथरी हो गई थी। बॉम्बे अस्पताल में भी उपचार चला। इस दौरान किडनी में इंफेक्शन फैल गया था। परिजन उज्जैन ले आये थे और निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। रविवार सुबह खबर आई कि प्रधान आरक्षक रूपेन्द्र का निधन हो गया। थाना स्टॉफ अस्पताल पहुंचा और दिवंगत प्रधान आरक्षक का शव अंतिम संस्कार के लिये उनके निवास स्थान पर लाया गया। जहां से निकली अंमित यात्रा में पुलिस विभाग से जुडे कई अधिकारी और जवान शामिल हुये। एएसआई वर्मा के अनुसार वर्ष 1995 में रूपेन्द्र को पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। सेवाकाल में उन्होने कई थानों पर अपनी ड्युटी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाई।

# जमीन मालिक बन धोखाधड़ी करने वालों का बड़ा रिमांड

## गिरोह में शामिल 3 आरोपियों की होगी गिरफ्तारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जमीन का फर्जी मालिक बनकर की गई 36 लाख की धोखाधडी में गिरफ्तार 2 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। रविवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश कर 2 दिन की अवधि बडवाई गई है।

माधवनगर थाना पुलिस ने ग्राम मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर की शिकायत पर जमीन का फर्जी मालिक बनकर 2 लोगों द्वारा 36 लाख की धोखाधडी की करने का प्रकरण दर्ज किया था। 1 जून को तथाकथित जमीन मालिक दिलीप सिंह उर्फ भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेडा चितावलिया माकडोन और दलाल मंगल पिता हाकमसिंह निवासी ग्राम रलायती को विक्रमनगर ब्रिज के पास से बिना नम्बर की स्वीफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट में पेश कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया था। उनके पास से फर्जी आधार कार्ड, दस्तावेज, मोबाइल जप्त किया गया। पूछताछ में सामने आया कि फर्जी आधार कार्ड तनोडिया के युवक से बनवाया था। वहीं गिरोह में एक खाताधारक और तनोडिया के पास ग्राम भुडवास का साथी भी शामिल है। एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि रविवार को गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों के लिये बडवाई गई है। धोखाधडी में शामिल दोनों के साथियों का पता चल गया है। जिनकी गिरफ्तारी सोमवार शाम तक कर ली जायेगी।

### 1.39 करोड में किया था जमीन का सौदा

मामला दर्ज होने के बाद सामने आया था कि रविन्द्रसिंह ने अपनी जमीन बेची थी। उसे दूसरी जमीन की तलाश थी, इसी बीच दलाल मंगलसिंह ने ग्राम सलामता में 12 बीघा जमीन दिखाई और जमीन का मालिक भैरूसिंह को दिलीप सिंह बताकर मिलवाया। दोनों ने 1.39 करोड में सौदा तय किया और रजिस्ट्रार कार्यालय बुलाकर अनुबंध कराया। इस दौरान रविन्द्रसिंह ने 10 लाख रूपये नगद, 25 लाख का चैक और 95 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया था। रविन्द्रसिंह परिवार को ग्राम सलामता जमीन दिखाने पहुंचा तो उसका सामान असली जमीन मालिक दिलीपसिंह से हो गया। जिसके बाद धोखाधडी का मामला उजागर हुआ था।

# दर्शनार्थियों की भीड में परिवार से बिछडी वृद्धा



**उज्जैन।** शनिवार-रविवार को अवकाश होने पर धार्मिक नगरी में बाबा महाकाल के दर्शन करने लाखों की संख्या में पहुंचे है। रविवार को दर्शनाथियों की भीड में तेलगांना से आई वृद्धा परिवार से बिछड गई। पुलिस ने 5 घंटों की तलाश के बाद वृद्धा को परिजनों से मिलवा दिया।

महाकाल थाना एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान ने बताया कि तेलगांना से परिवार महाकाल दर्शन करने आया था। दर्शन के बाद भीड में परिवार की 60 वर्षीय वृद्धा लक्ष्मी पति वासु परिवार से बिछड गई। परिवार ने लक्ष्मी के लापता होने की सूचना मंदिर समिति और पुलिस को दी। बिछडी वृद्धा लक्ष्मी के पास मोबाइल नहीं था। परिवार भी तलाश में लगा हुआ था। पुलिस ने अपने माध्यम से सोशल मीडिया पर जानकारी प्रसारित की और मंदिर के सुरक्षा ग्रुप में जानकारी साझा की गई। करीब 6 घंटे की तलाश के बाद मंदिर क्षेत्र से ही बिछडी वृद्धा को खोज लिया गया और परिवार को सौंपा गया। एक-दूसरे से मिलने पर परिवार की आंखों में आंसू आ गये थे। एएसआई चौहान के अनुसार परिवार को समझाया गया और आम लोगों से भी अपील की गई है कि वह दर्शन के लिये आये तो बुजुर्गो और बच्चों के पास मोबाइल नम्बर लिखी पर्ची, दस्तावेज रखे, ताकि बिछडने पर उनके परिजनों का तत्काल पता लगा लिया जाये।

# इंदौर में मिली लापता की लाश, आरोपियों की तलाश में बड़नगर पुलिस

## जल्द हो सकता है सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा

**बडनगर (उज्जैन)।** ग्राम पीरझलार से पिछले 10 दिनों से रहस्यमयी ढंग से गायब 35 वर्षीय सुल्तान पटेल की गुमशुदगी का अंत एक सनसनीखेज हत्याकांड के रूप में सामने आया है। जब तक सुल्तान का कोई सुराग नहीं मिला था, तब तक पुलिस भी मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। लेकिन जैसे ही इंदौर के यशवंत सागर जलाशय से सुल्तान का शव बरामद हुआ, वैसे ही यह पूरी तरह साफ हो गया कि यह सामान्य गुमशुदगी नहीं बल्कि एक बेरहमी से अंजाम दी गई हत्या है।

इस जघन्य वारदात के बाद से क्षेत्र के समाजजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पडा है, जिसे देखते हुए बडनगर थाना पुलिस ने आरोपियों को दबोचने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस मर्डर मिस्ट्री का पदार्फाश करने के लिए पुलिस की विशेष टीम ने पीरझलार गांव से लेकर यशवंत सागर तक के पूरे 60 किलोमीटर लंबे रास्ते को खंगाल डाला है। इस दौरान तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ मार्ग में आने वाले तमाम सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को फिर से खंगाला जा रहा है, जिससे कातिलों की आवाजाही के कई अहम सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। बडनगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने मीडिया से चर्चा में बडा दावा करते हुए कहा कि पुलिस की टीमें अब असली गुनहगारों के बिल्कुल नजदीक पहुंच चुकी हैं और बहुत जल्द इस पूरे मामले का ऐसा पदार्फाश किया जाएगा जिससे न्याय की जीत सुनिश्चित होगी।

गौरतलब है कि इस पूरी वारदात की शुरूआत बीते 28 मई 2026 की शाम को हुई थी। इंदौर के खजराना स्थित गोया रोड पर एक पारिवारिक शादी के कार्यक्रम में आई सुल्तान की पत्नी फजार्ना पटेल ने 29 मई को बडनगर थाने में पति के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फजार्ना ने बताया था कि 28 मई की शाम को सुल्तान ने फोन पर उससे और बच्चों से बात की थी, लेकिन जब उसने कुछ देर बाद दोबारा कॉल किया तो सुल्तान का मोबाइल बंद आ रहा था। अगले दिन सुबह रिश्तेदारों से पता चला कि कुर्ता-पजामा पहने सुल्तान घर से गायब हैं। शुरूआत में पुलिस इसे साधारण गुमशुदगी मान रही थी, लेकिन अब मर्डर की पुष्टि होने के बाद आरोपियों की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। फिर जो भी हो आरोपी अब बच नहीं सकते, वे जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

**संदिग्धों को कैसे पता चली मौत की बात?-** सुल्तान हत्याकांड में एक ऐसा पेचीदा मोड आ गया है जो पुलिस की थ्योरी और जांच प्रणाली पर कई गंभीर सवाल खडे कर रहा है। दरअसल, पुलिस ने शुरूआत में जिन पांच संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए थाने में बैठाया था, उन्हीं लोगों ने सबसे पहले सुल्तान के परिवार को सूचना देकर यह दावा किया था कि उसकी मौत हो चुकी है। इसी सूचना के आधार पर पत्नी फजार्ना ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी और पुलिस की तस्दीक में मर्डर की बात सामने आने पर इन संदिग्धों को उठाया गया था।

**क्या है राज?**

पूछताछ के दौरान इन संदिग्धों ने पुलिस को कई बार गुमराह किया। पहले कहा कि सुल्तान को घर पर गोली मारी है, जब पुलिस को साक्ष्य नहीं मिले तो बयान बदला कि चाकू से हत्या की है। इसके भी सबूत न मिलने पर पुलिस ने उन्हें छोड दिया। अब समाजजनों और परिजनों का सबसे बडा सवाल यह है कि जब सुल्तान का शव 6 जून को बरामद हुआ और वह 28 मई की रात से लापता था, तो इन पांचों संदिग्धों को करीब 9 दिन पहले ही उसकी मौत की सटीक जानकारी कैसे थी? इतना ही नहीं, बडनगर थाने से छूटने के बाद पुलिस सुल्तान को तलाशने जहां भी जाती, ये संदिग्ध पुलिस से पहले वहां पहुंच जाते। यशवंत सागर से जब शव मिला, तब भी ये पांचों वहां पहले से मौजूद थे, जिसके वीडियो फुटेज भी वायरल हो रहे हैं। इसी बात को लेकर आज उग्र समाजजनों और परिजनों ने बडनगर थाने का घेराव कर पुलिस पर आरोपी पक्ष से सांठगांठ करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने स्पष्ट सबूतों के बाद भी पुलिस इन पांचों को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है? हालांकि, पुलिस का कहना है कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और कातिल जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

# बैजनाथ महादेव मंदिर कुंड में अब नहीं दिखेगा शुभता का प्रतीक विशाल कछुआ

## करीब 200 वर्ष उम्र की मादा कछुआ छोटा कुंड में मृत मिली,7 कछुआ निकालकर मोतीसागर तालाब में छोडे थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगर-मालवा जिला मुख्यालय पर स्थित भगवान बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर में स्थित छोटे कुंड के निवासी करीब 200 वर्ष का विशालकाय मादा कछुआ अब कभी श्रद्धालुओं को दिखाई नहीं देगा। भगवान के दर्शनों के बाद यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु आस्था एवं शुभता के प्रतीक इस कछुआ के दर्शन भी यहां करते थे। मादा कछुआ शुक्रवार को कुंड में मृत मिली है। पोस्टमार्टम के बाद उसे वन विभाग ने विभागीय प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार किया है।

एसडीओ वन फतेहसिंह निनामा के अनुसार शुक्रवार को एसडीएम राजस्व एवं तहसीलदार की सूचना पर वन विभाग का अमला बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर पहुंचा था। यहां छोटे कुंड में कछुआ पानी की सतह पर निष्क्रिय अवस्था में मिला था। कछुआ को बाहर निकाल कर पशु चिकित्सक के पास ले जाने पर उन्होंने उसे मृत घोषित कर दिया । नियमानुसार कछुआ का पोस्टमार्टम करवाया गया मादा कछुआ करीब 70-80 किलो वजन एवं करीब 150 से 200 साल उसकी उम्र का आंकलन किया गया।

**15 दिन पूर्व 7 कछुआ को हटाया गया-** एसडीओ निनामा करीब 15 दिन पहले मंदिर परिसर के कमलकुंड से हमने 7 कछुआ को पकडकर मोतीसागर तालाब में छोडा था। कुंड की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ऐसा किया गया था। उसी समय में हमारे द्वारा दुसरे छोटे कुंड के इस कछुआ को भी पकडकर छोडने की कवायद की जा रही थी जिस पर मंदिर के पंडित ने आपत्ति ली थी। यहां तक की कुंड का पानी बदलने की बात भी कही गई थी। इसके चलते कछुआ को वहीं पर छोड दिया गया था।

**पशु चिकित्सक के अनुसार प्राकृतिक मौत-** बकौल पशु चिकित्सक अरविंद महाजन मेरे पास वन विभाग का अमला विशालकाय मादा कछुआ को मृत अवस्था में लेकर आए थे। करीब 70 किलो वजनी मादा कछुआ थी। विश्लेषण के आधार पर उसकी उम्र 150 से 200 साल के लगभग रही है। कछुआ की मौत नेचुरल रही है। उसके शरीर के अंग काफी नाजुक स्थिति में आ गए थे। उसकी सेंपलिंग की गई है।

### विशालकाय कछुआ पहचान बन चुका था

छोटे कुंड का यह कछुआ बैजनाथ महादेव मंदिर की पहचान बन चुका था। मंदिर आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक वर्षो से इसे देखकर शुभता की भावना रखते थे। इसके चलते यह आस्था का केंद्र भी था। कुछ समय पूर्व कमलकुंड के कछुआ को पकडकर मोती सागर तालाब में छोडने के दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक आस्था और भावनाओं के चलते इस वृद्ध कछुए को कुंड में ही रहने दिया गया था। बाद में उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाने की योजना भी बनाई गई थी। लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी विष्णु बाई पिता श्रवण कुमार जाति दर्जी निवासी ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के द्वारा अपने हक एवं हिस्से का एक भूखण्ड सर्वे नम्बर 829/1/8/1 रकबा 0.0044 हेक्टेयर का भाग होकर जो कि कुल 600 वर्गफिट याने के 55.76 वर्ग मीटर का भूखण्ड जो कि ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उक्त भूखण्ड का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। यह कि उपरोक्त भूखण्ड विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार ही या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 07-06-2026

**राकेश शर्मा सर्विस प्रोवाइडर**
**तहसील कार्यालय घटिया जिला उज्जैन मो. 8719997462**

## चांद क्यों है गुरु



भारत में मानसून का अद्वितीय महत्व है। और मानसून में भी आषाढ़ मास की अदा बिल्कुल अनूठी है। महाकवि कालिदास ने तो मेघदूत की रचना कर इस माह के सौंदर्य को अजर-अमर कर दिया है। एक यक्ष था, जिसे उसका स्वामी कुबेर अलकापुरी से निष्कासित कर देता है, क्योंकि वह पत्नी के प्रेम में पागल अपने कर्तव्य-पालन में असावधान हो गया था। यक्षपति ने उसे अभिशाप दिया कि तुम वर्ष भर पत्नी का भारी विरह सहो। यक्ष ने रामगिरि के आश्रम में बस्ती बनाई, जहां घने छायादार पेड़ और सीता के स्नान से पवित्र हुए जल-कुंड थे। लेकिन इस रमणीय स्थल में सजा काटते हुए वह पत्नी की याद में और व्याकुल हुआ। उन दिनों संचार का कोई साधन न था, सो उसने आकाश में तैरते काले मेघ को ही दूत बना दिया और उससे कहा की उज्जयिनी जाकर मेरी पत्नी को संदेश देना। यह काव्य इतना अद्वितीय है कि इसने न सिर्फ कालिदास को महाकवि की उपाधि दिलाई, बल्कि आषाढ़ माह को सदा के लिए गौरवान्वित कर दिया।

आध्यात्मिक क्षेत्र में आषाढ़ की पूर्णिमा का अनन्य महत्व है। इस दिन सभी गुरुओं का सम्मान किया जाता है। ओशो ने इसका काव्यात्मक कारण बताया है। गुरु को सूरज नहीं कहा जाता, वरन चांद कहा जाता है। और चांद भी ऐसा चुना गया है, जो काले बादलों से ढका हुआ दिखाई भी न देता। असल में, गुरु तभी गुरु होता है, जब वह शिष्यों से घिरा हुआ हो। शिष्य अपने अंधेरे साथ लाते हैं, पर गुरु का अमृत उसे पी लेता है, और साथ ही अपना उज्ज्वल अस्तित्व अक्षुण्ण रखता है। गुरु की करुणा और शिष्यों के समर्पण का प्रतीक है आषाढ़ की पूनम।

**सम्पादकीय**

# विदेशी मुद्रा आवक बढ़ेगी

मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका व इजराइल युद्ध के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था को हुए नुक्सान के झटके से बचने और भारतीय मुद्रा रुपये के मूल्य को डॉलर के मुकाबले संभालने की गरज से बड़ा व दमदार कदम उठाते हुए भारत में विदेशी मुद्रा की आवक को सुगम बनाने के उद्देश्य को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस कदम के तहत विदेशी निवेशकों द्वारा भारत सरकार के बांडों में किये गये निवेश पर दीर्घकालिक व लघुकालिक कर को समाप्त कर दिया है। सरकार ने एक अध्यादेश जारी करके इन बांडों में किये गये विदेशी निवेश से पाये गये लाभ को लम्बे समय तक रोके रखने से प्राप्त ब्याज पर लगने वाले कर को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। फिलहाल विदेशी निवेशक बांडों में दीर्घकालिक निवेश कर-के जो लाभ कमाते हैं उस पर 12.5 प्रतिशत कर लगता है और लघुकालिक निवेश से प्राप्त लाभ पर 30 प्रतिशत कर लगता है जबकि लाभ को रोक कर पाये गये अतिरिक्त ब्याज लाभ पर 20 प्रतिशत कर लगता है। सरकार ने विदेशी निवेशकों के लिए अब ये तीनों कर ही समाप्त कर दिये हैं। इस बाबत सरकार ने कल एक अध्यादेश जारी किया मगर यह व्यवस्था आगामी 1 अप्रैल से लागू होगी।

अध्यादेश पर कल राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने हस्ताक्षर किये। इससे भारत के विदेश भुगतान सन्तुलन के घाटे की समस्या भी हल होगी। क्योंकि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में यह घाटे का सन्तुलन 50 अरब डॉलर तक का हो सकता है। सरकार के इस कदम से सरकारी ऋण प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश बढ़ने के कारण डॉलर की आवक में इजाफा होगा जिससे भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में ठहराव पैदा होगा। यह अध्यादेश 2025 के भारतीय आयकर कानून में संशोधन के तौर पर भी लागू होगा। इसके समानान्तर कल भारतीय रिजर्व बैंक ने भी सरकारी या सार्वजनिक कम्पनियों के लिए विदेशी मुद्रा ऋण विदेशी बाजारों से लेने सम्बन्धी नियमों को भी बहुत लचीला व सरल बनाने की घोषणा की। सरकार व रिजर्व बैंक के इस सामूहिक प्रयास से उम्मीद है कि भारत में पिछले एक-दो वर्षों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मोर्चे पर जो कमी दर्ज हो रही है उस पर लगाम लगेगी और विदेशी मुद्रा भंडार में निरन्तर वृद्धि होगी जिससे रुपये की कीमत पर बढ़ता दबाव भी कम होगा क्योंकि इसकी कीमत अब 95 से 97 रुपये प्रति डॉलर के हिसाब से झूल रही है।

### ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम पर उठ रहे सवाल ?

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कब तक



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)



किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिकों के व्यक्तित्व, कौशल और सोच को विकसित करने का साधन भी है। इसलिए देश के विकास और भविष्य को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा नीति पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। शिक्षा व्यवस्था में तकनीक का प्रवेश आज की आवश्यकता है। परीक्षा मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली लागू की। इस व्यवस्था में उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर परीक्षकों के सामने डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बोर्ड का दावा है कि इससे जोड़-घटाव की गलतियां कम होंगी, मूल्यांकन की निगरानी बेहतर होगी और परिणाम अधिक विश्वसनीय बनेंगे।

लेकिन जिस तकनीक को सुधार का माध्यम माना गया था, वही अब विवाद के केंद्र में है। देशभर से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने स्कैनिंग की गुणवत्ता, उत्तर पुस्तिकाओं के कथित मिश्रण, कम अंक मिलने और मूल्यांकन संबंधी विसंगतियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। कुछ मामलों में छात्रों ने दावा किया कि उन्हें दिखाई गई स्कैन की गई उत्तर पुस्तिका उनकी नहीं थी, जबकि कई उत्तर पुस्तिकाओं को खराब स्कैनिंग के कारण दोबारा स्कैन करना पड़ा या मैन्युअल रूप से जांचना पड़ा। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन से पहले किए गए परीक्षणों में कई तकनीकी और संचालन संबंधी कमियां सामने आई थीं। आंतरिक रिपोर्टों में प्रशिक्षण की कमी, तकनीकी गड़बड़ियों मूल्यांकन की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था को लेकर चेतावनियां दी गई थीं। कुछ विशेषज्ञों ने प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू करने से पहले अधिक व्यापक परीक्षण की सलाह भी दी थी। यह विवाद केवल तकनीकी खामी का नहीं, बल्कि विश्वास का भी है। बोर्ड परीक्षाएं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं। कुछ अंकों का अंतर उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों को बदल सकता है। ऐसे में यदि मूल्यांकन प्रक्रिया पर संदेह पैदा होता है तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर पड़ता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन का सहारा लिया है।हालांकि यह भी सच है कि डिजिटल मूल्यांकन कोई नई अवधारणा नहीं है। दुनिया के अनेक परीक्षा बोर्ड और संस्थान वर्षों से ऐसी प्रणालियों का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं। समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन में दिखाई देती है। यदि स्कैनिंग, डेटा सुरक्षा, परीक्षकों के प्रशिक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान न दिया जाए तो तकनीक समाधान के बजाय नई समस्याएं पैदा कर सकती है।केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने भी कुछ विसंगतियों को स्वीकार करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। यह स्वागतयोग्य है, किंतु केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यकता इस बात की है कि पूरे विवाद की स्वतंत्र और पारदर्शी समीक्षा हो, तकनीकी कमियों की सार्वजनिक जानकारी दी जाए तथा प्रभावित विद्यार्थियों को शीघ्र और निष्पक्ष राहत प्रदान की जाए।शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन को रोका नहीं जा सकता और न ही रोका जाना चाहिए। परंतु किसी भी सुधार की सफलता उसकी विश्वसनीयता पर निर्भर करती है। विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि तकनीक का उद्देश्य केवल प्रक्रिया को तेज करना नहीं, बल्कि विश्वास को मजबूत करना भी होना चाहिए। यदि पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किए जाएं तो भविष्य की दिशा बन सकता है; अन्यथा यह एक ऐसे प्रयोग के रूप में याद किया जाएगा जिसने विद्यार्थियों के मन में परीक्षा व्यवस्था को लेकर अनावश्यक शंकाएं पैदा कर दीं।

**ब्लैकलिस्टिंग शर्त हटाना—पारदर्शिता पर उठते सवाल**

सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग परियोजना के टेंडर से विक्रेता को ब्लैकलिस्ट करने संबंधी शर्त हटाए जाने का मामला स्वाभाविक रूप से चर्चा और सवालों का विषय बना है। अब तक सीबीएसई ने सार्वजनिक रूप से इस बदलाव का स्पष्ट और विस्तृत कारण नहीं बताया है। ऐसे में यह केवल एक प्रशासनिक संशोधन नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा मुद्दा बन जाता है। किसी भी सार्वजनिक संस्था के टेंडर नियमों का उद्देश्य केवल सेवा प्रदाता चुनना नहीं होता, बल्कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, गुणवत्ता और सार्वजनिक धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी होता है। ब्लैकलिस्टिंग का प्रावधान आमतौर पर उन कंपनियों के विरुद्ध एक निवारक उपाय माना जाता है जो अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करती हैं या जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहता। इसलिए यदि ऐसी शर्त हटाई जाती है, तो उसके पीछे की प्रशासनिक और कानूनी तर्कसंगतता स्पष्ट रूप से सामने आनी चाहिए।यह भी संभव है कि सीबीएसई ने किसी कानूनी सलाह, नीति परिवर्तन या प्रक्रियागत सुधार के आधार पर यह निर्णय लिया हो। कई बार संस्थाएं ब्लैकलिस्टिंग के बजाय प्रदर्शन गारंटी, वित्तीय दंड या अन्य अनुबंधीय उपायों को अधिक प्रभावी मानती हैं। लेकिन जब तक आधिकारिक स्पष्टीकरण सार्वजनिक नहीं होता, तब तक अटकलों और संदेहों को बल मिलता रहेगा।शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में, जहां लाखों विद्यार्थियों के परिणाम और मूल्यांकन प्रक्रिया दांव पर होती है, वहां तकनीकी परियोजनाओं से जुड़े निर्णयों में अधिकतम पारदर्शिता अपेक्षित है। वह इस बदलाव के पीछे के कारणों को सार्वजनिक करे और यह स्पष्ट करे कि गुणवत्ता, जवाबदेही तथा निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कौन-से वैकल्पिक सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं। प्रश्न केवल एक टेंडर शर्त का नहीं है, बल्कि सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास बनाए रखने का है। स्पष्ट संवाद और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया ही ऐसे मामलों में भरोसे को मजबूत कर सकती है।

## हाँ वह पाकिस्तानी है

मई की उस तीखी दोपहर धूप इतनी नग्न थी कि जिला शिक्षा अधिकारी के दफ्तर की दीवार से चूना नहीं, गरिमा झड़ रही थी। तरुण श्रीवास्तव अपनी टूटी चप्पल की रबर को तागे से बांधते हुए काउंटर नंबर चार की जाली पर नाक सटाए खड़ा था। गणित में सौ में से सात नंबर पाकर वह हैरान नहीं था, वह तो बस उस क्लर्क की उंगलियों की रफ्तार देख रहा था जो पान चबाते हुए देश का भविष्य थूक रहा था। तरुण ने अपनी उत्तर पुस्तिका की दोबारा जांच के लिए प्रार्थना पत्र आगे बढ़ाया, तो क्लर्क ने उसे ऐसे देखा जैसे किसी ने लंगर में पनीर की सब्जी मांग ली हो। उसने बिना सिर उठाए कहा, लड़के, ये सरकारी स्याही है, गंगाजल नहीं कि हर पापी को पवित्र कर दे। तरुण की आंखों में आंसू नहीं, बारहवीं क्लास की पूरी मुफलिसी तैर गई, जिसने रातों को जागकर अपना खून सुखाया था। उसने धीमे से कहा, सर, मेरी री-टोटलिंग कर दीजिए, मेरे घर में मां की दवाई के पैसे इसी वजीफे से आने थे। क्लर्क ने जोर से हंसते हुए कहा, बेटा, यहां दिल की री-टोटलिंग नहीं होती, जाओ घर जाकर हल चलाओ।

अगले दिन जब अखबार के कोने में एक छोटी सी खबर छपी कि एक मेधावी छात्र के नंबरों की हेराफेरी हुई है, तो शहर के नामचीन न्यूज चैनल सत्य का तांडव के दफ्तर में हलचल मच गई। शाम आठ बजे स्टूडियो की बत्तियां ऐसे चमकीं जैसे किसी मुजरे की महफिल सजी हो। एंकर ने अपनी टाई सीधी की, चेहरे पर थूक की तरह चमकता राष्ट्रवाद पोता और कैमरे की तरफ उंगली तानकर चिल्लाया, क्या शिक्षा तंत्र को बदनाम करने की ये कोई गहरी साजिश है। पर्दे पर तरुण का सीधा-साधा, डरा हुआ चेहरा दिखाई दे रहा था। एंकर ने अपनी आवाज को पांचवें गियर में डालते हुए कहा, यह लड़का जो खुद को श्रीवास्तव बता रहा है, क्या इसकी जड़ों के तार सरहद पार से नहीं जुड़े हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 जून 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:07
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 7:30 से 09:00 तक
तिथि - अष्टमी रात्रि 03:26उपरांत नवमी
नक्षत्र - शतभिषा 09:10 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - विष्कुंभ 09:27 उपरांत प्रीति
करण - बालव
चन्द्रमा - कुंभ में है रात्रि 3:37 पर मीन में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 22 तारिख

**मेष-** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**वृषभ-** कर्ज लेना पड़ सकता है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है।

**मिथुन-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**कर्क-** मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**सिंह-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।

**कन्या-** धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है।

**तुला-** शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृश्चिक-** किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु-** विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे।

**मकर-** आज नौकरी में आपकी प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**कुंभ-** चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा।

**मीन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा।

**हास-परिहास**

# लूट और छूट



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

विक्रम वेताल को अपने कंधे पे डाल कर चल पड़ा था अपने महल की तरफ। तभी खिसियानी हंसी हंसते हुए वेताल ने विक्रम को कहानी सुनाना शुरू कर दिया। किसी समय घोड़ा पछाड़ नदी के किनारे एक गण राज्य था। इस गणराज्य में कभी गली गली भिक्षावृत्ति करके जीवन यापन करने वाला लाल बुझक्कड़ अपनी विद्वता और चतुराई के चलते अधिपति बन गया था। आज फिर वो अपनी प्रजा से मुखातिब हो रहा है। विक्रम !ध्यान से सुन। फिर मेरे प्रश्न का उत्तर देना। यदि नहीं दिया तो तेरा सिर टुकड़े टुकड़े हो जाएगा। और यदि तू बोला तो मैं चला जाऊंगा। तो सुन क्या कह रहा है लाल बुझक्कड़।

मित्रो। आज मै पुनः आपके साथ हूं । यूं तो अब आप अभ्यस्त हो गए होंगे मेरे संबोधनों के। वैसे मेरे शत्रु ये मान के चलते है कि जब भी मैं कोई ऐतिहासिक त्रुटि करता हूं तो अवश्य ही आपके पास दौड़ा दौड़ा आता हूं । भाई विपक्ष वाले है। क्या करे बेचारे । जब अकल बंट रही थी तो ये सब छन्नी लेकर खड़े थे। नकारात्मक होना तो इनकी आदत है। मै तो हमेशा कहता हूं कि बी पॉजिटिव । कभी एक तो मेरे माड़ साब रहे। उनको सकारात्मकता का कीड़ा हमेशा काटता था। गाहे बगाहे अपने शिष्यों को पेलते रहते थे कि गोबर की तरह बनो। गोबर जमीन से उठेगा तो कुछ नहीं तो धूल तो लेकर ही उठेगा। मत कहो कि ग्लास आधा खाली है।कहो कि ग्लास आधा भरा हुआ है। इक दफा तो एक शराबी ने उनको इतना गरिया दिया कि सब को लगा अब तो इनकी सकारात्मकता का ढोल फट ही जाएगा पर वो तो बंदे को समझाने लगे गालियां देने की कलां। बोलने लगे गाली देना सीखों ।जिसको गाली देना हो उसकी उम्र के हिसाब से गाली दो। गाली देना है तो कम से कम सही गाली तो दो। ये क्या बात हुई मुंह भी खराब करों और जग हंसाई भी हो। वैसे इन दिनों तो वो माड़ स्साब फूल के कुप्पा हुए जा रहे होंगे आप सबकी सकारात्मकता देखकर। अब देखो न अगला भूरे बाल वाला पंच पे पंच मारे जा रहा है और आप सकारात्मक हुए जा रहे है। कोई तो इतेक सकारात्मक हो गया है कि ट्वीटिया दिया ।अब तो सारे स्टार्ट अप्स सारी कंपनियां सारा आई टी वर्क आउट सोर्सिंग हो जाएगा। चांदी ही चांदी है अपनी तो अब। तो एक महाशय तो ऐसे सकारात्मक हुए कि कहने लगे सारी दुनिया की जेन जेड भारत आने के लिए मरी जा रही है ।अब देखो सब टूट पड़ेंगे अपने देश पे। एक सकारात्मक हुए महापुरुष तो ऐसे फैले कि अब समेटते नहीं बन रहे। जोश जोश में कह बैठे कि हमारा तो दृढ़ विश्वाश है कि जो होता है हमारे अच्छे के लिए ही होता है।जो देश छोड़ छोड़ के भागे जा रहे थे अब वो सभी देश में ही रहेंगे। देश धूर्त और द्रुत गति से तरक्की करेगा।

राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट सुनते सुनते हम सब बूढ़ा गए है।अब जा कर इसका अपडेट वर्जन मार्केट में मै लाया हूं राम नाम की छूट है छूट सके तो छूट। हमारा गुड गवर्नेंस का एक ही मंत्र है सूट की लूट और बूट को छूट। सूट और बूट, लूट और छूट जो भी है सब राम नाम से ही है। विदेशी सूट बूट में भी दिल तो शुद्ध भारतीय है। आंखों पे लाखों के चश्मे विदेशी है लेकिन विजन तो निहायत ही ठेठ देशी है। मजे की बात तो ये है कि लूटा वो भी राम मय और छूट दी वो भी राम मय। गोया कि चित भी मेरी, पट भी मेरी और अंटा मेरे पप्पा का। लूट हो या छूट, सूट हो या बूट ,सबका उत्सव जरूर मनना चाहिए। यदि हमने बापड़े गरीब गुरबों से पैसा लूटा तो क्या हुआ।देश के विकास में ही तो झोंक दिया। हो सकता है कभी भले ही सरकार बनाने गिराने में पैसा खर्च हो गया हो लेकिन विधर्मियों की सरकार गिराना, उनके नुमाइंदों को अपने पाले में लाना भी तो धर्म हित और देश हित है।

# सुबह उठते ही प्रभु दर्शन से पहले मोबाइल दर्शन – स्वास्थ्य के लिए घातक



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

आज के दौर में यदि पूछा जाए कि मनुष्य के लिए सबसे कीमती वस्तु कौन सी है, तो अधिकांश लोगों का उत्तर होगा मोबाइल। आधुनिक युग में मोबाइल मानव की सबसे प्रिय वस्तु बन चुका है। इसकी लत ऐसी है कि एक बार लग जाए तो उससे मुक्त होना अत्यंत कठिन हो जाता है। आज स्थिति यह है कि मनुष्य कुछ समय तक बिना भोजन, बिना आराम और कई बार अपने परिजनों से बातचीत किए बिना भी रह सकता है, लेकिन मोबाइल के बिना रहना उसके लिए लगभग असंभव होता जा रहा है। मोबाइल आज मनुष्य के हाथों से एक पल के लिए भी नहीं छूटता। यदि किसी मजबूरी में उसे अलग रखना भी पड़े, तो वह उसकी निगाहों की सीमा में ही रहता है। सुबह नींद खुलते ही घर में भगवान के दर्शन से पहले मोबाइल के दर्शन करना नई पीढ़ी की एक आदत ही नहीं, बल्कि एक नई परंपरा बनती जा रही है। मोबाइल देखने में मनुष्य इतना तल्लीन हो जाता है कि उसे अपने आसपास की दुनिया का भी ध्यान नहीं रहता।

वर्तमान समय का मानव अपने माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी या यहां तक कि अपने बच्चों से भी उतना लगाव नहीं दिखाता, जितना अपने मोबाइल से दिखाने लगा है। मोबाइल के प्रति यह अंधा मोह इस हद तक बढ़ गया है कि अनेक लोगों ने ईश्वर की अदृश्य शक्ति की अपेक्षा मोबाइल की रंगीन स्क्रीन को ही अपना आधुनिक देवता बना लिया है। तभी तो मोबाइल में डूबे व्यक्ति को न भूख का एहसास होता है, न प्यास का, न शारीरिक थकान का और न ही किसी सामाजिक उत्तरदायित्व का। मोबाइल आज मनुष्य का महबूब बन चुका है। उसे बड़े नाजों से हाथों में रखा जाता है। स्थिति यह है कि जब कोई व्यक्ति मोबाइल में व्यस्त होता है और कोई उसके इस एकांत में व्यवधान डाल दे, तो अपने ही परिवार के सदस्य उसे खलनायक प्रतीत होने लगते हैं। इसके बाद घरों में तकरार और विवाद का एक नया अध्याय शुरू हो जाता है।

यह कटु सत्य है कि मनुष्य ने मोबाइल को अपनी आवश्यकता से बढ़ाकर अपनी मजबूरी बना लिया है। उसका अधिकांश समय मोबाइल की स्क्रीन पर बीत रहा है। परिणामस्वरूप वास्तविक जीवन के रिश्ते कमजोर होते जा रहे हैं और काल्पनिक दुनिया का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। मोबाइल के माध्यम से मिलने वाले लाइक, कमेंट और फॉलोअर्स आज कई लोगों के लिए सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गए हैं, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल भिन्न है। जब तक व्यक्ति इस भ्रम से बाहर निकलता है, तब तक वह मानसिक तनाव, अकेलापन और अवसाद का शिकार हो चुका होता है। मोबाइल की अति ने घर-परिवार और सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित किया है। सोशल मीडिया पर बढ़ती निर्भरता ने लोगों के मन में संदेह, भ्रम और अविश्वास को जन्म दिया है। जब यही संदेह विकराल रूप धारण कर लेता है, तब प्रेम और विश्वास पर आधारित रिश्ते पल भर में बिखर जाते हैं। उस समय वही मोबाइल, जो कभी सबसे प्रिय था, जीवन की सबसे बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है।

मोबाइल की अत्यधिक लत का प्रभाव केवल मानसिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। रातों की नींद छीन रखी है, आंखों की रोशनी प्रभावित हो रही है, तनाव बढ़ रहा है और पारिवारिक संवाद समाप्त होते जा रहे हैं। मनुष्य आभासी दुनिया में जितना अधिक डूब रहा है, उतना ही वास्तविक जीवन से दूर होता जा रहा है। निस्संदेह, मोबाइल आधुनिक जीवन की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, लेकिन आवश्यकता और लत के बीच की सीमा को समझना भी उतना ही आवश्यक है।

**धर्म-आस्था**

# प्रेम के सही मायने, करना सरल निभाना कठिन



डॉ.महेन्द्र अग्रवाल
(दैनिक अवन्तिका)

प्रेम एक भावनात्मक लगाव है, रागात्मक अनुभूति है, स्नेहिल आकर्षण है,समर्पण का गहरा अहसास है।यह सकारात्मक भाव है जो दूसरों से जोड़ता है।यह परिचय से शुरू होता है और शीघ्र ही प्रेम पात्र की सुरक्षा ,सुख-सुविधा का दायित्व ग्रहण कर लेता है।यह निस्वार्थ खुशी और आनंद देना चाहता है।प्रेम भावना का स्वतः प्रसूत परिणाम है।प्रेम के अभाव में मानव जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती।काव्य का आधार भी मूलतः प्रेम ही है चाहे वह किसी भी रूप में क्यों न हो।नई पीढ़ी के किशोर यही समझते हैं कि वही सच्चा प्रेम करते हैं जबकि उसके उथले परिणाम साल दो साल में ही मिलने लगते है।कारण इनके सामने लैला मजनू , हीर रांझा ,रोमियो जूलियट के उदाहरण हैं जो हमारी परम्परा व संस्कृति से कोई संबंध नहीं रखते। वस्तुतः यह वो पीढ़ी है जिसने प्रेम को समझा नहीं ,जाना नहीं ,देखा नहीं ,भोगा नहीं है।

प्रेम का अर्थ ये नहीं है कि भागकर लव मैरिज कर ली, और याद रहे लव मैरिज का आरंभ भी भगवान शिव और कृष्ण ने किया। दक्ष की इच्छा के विपरीत सती ने शिव का चयन किया और कृष्ण ने रुक्मणी का हरण।और उसे किस तरह निभाया, ये सबने देखा है।आज भी प्रेम इतना हल्का शब्द नहीं है जितना विरह में उर्दू शायरी में बता दिया जाता है।प्रेम त्याग चाहता है, समर्पण चाहता है, सर्वस्व चाहता है।इसलिए प्रेम को ,प्रेम की गहराई को, प्रेम के आयामों को, उसके विविध स्तरों को आत्मा की गहराइयों में समझना चाहिए। लव एट फर्स्ट साइट की बात सही हो तब भी प्रेम करना सरल है पर निभाना कठिन। प्रेम किसे कहते हैं ? यह समझने के लिए हम अपनी संस्कृति के तीन ऐतिहासिक चरित्रों की चर्चा कर सकते हैं।मीरा का कृष्ण से अलौकिक प्रेम उनकी अटूट भक्ति और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।दोनों की लौकिक उपस्थिति में हजारों वर्ष का फासला है फिर भी प्रेम परवान चढ़ा। विवाहित पति का साथ छोड़कर वह संतों के सानिध्य में रहीं और परीक्षा में विष का प्याला भी पी लिया जिसका कोई प्रभाव न हुआ।किवदंती है कि वृंदावन में रहने के बाद वह द्वारका के रणछोड़ मंदिर में कृष्ण की मूर्ति में विलीन हो गइं।और राम तो आराध्य हैं।वह भी अपनी पत्नी के लिए जंगल-जंगल भटके।व्याकुल अवस्था में पेड़ पौधों से पूछा।ढूंढ़ने का हर संभव प्रयास किया। उस जमाने के सबसे बलशाली, सबसे बड़े योद्धा से लोहा लिया। बारह वर्ष पुरानी विवाहिता पत्नी के लिए और विजयी होकर पत्नी को लेकर अपने राज्य लौटे। प्रेम इसे कहते हैं। प्रेम की इससे बड़ी परीक्षा नहीं हो सकती ।राजा थे ,सोचते साल भर बचा है, अयोध्या लौटकर दस बीस विवाह कर लेंगे। कोई रोक लेता ?

प्रेम को समझने के लिए राम से भी बड़ा एक उदाहरण है।आपको आश्चर्य होगा राम से बड़ा उदाहरण ? हां! शिव । शिव एक सच्चे प्रेमी हैं। सच्चे पति हैं। वह जिसके भी साथ रहते हैं उसका साथ नहीं छोड़ते। धोखा नहीं देते, विश्वासघात नहीं करते, भले ही वह असुर ही क्यों न हो। उनकी बहुत सी कथायें जनमानस में प्रचलित हैं। प्रेम किसे कहते हैं ये शिव के जीवन से उनके आचरण से सीखना चाहिये। मेरे विचार से दुनिया में आज तक शिव से बड़ा कोई प्रेमी नहीं हुआ ।मैं जब राम के बारे में सोचता हूं तो उनसे ऊपर शिव को रखता हूं । शिव और सती दाम्पत्य जीवन में एक दूसरे के पूरक हैं। फिर हुआ क्या ? शिव की सहभागिनी सती लड़ झगड़क र बिना बुलाये अपने मायके पिता दक्ष के घर यज्ञ के आयोजन में आ गई।मगर वहां जब उनके पति को अन्य देवताओं की तरह सम्मान नहीं मिला तो अपने पति की अवहेलना उनसे सहन न हुई । क्रुद्ध होकर यज्ञ के अग्नि कुंड में कूद गइं ।शिव को खबर मिली तो उन्होंने तांडव मचा दिया। भीषण मारकाट हुआ। अंत में बौराये शिव अपनी प्रिय पत्नी की निर्जीव, जली अधजली हुई देह को कांधे पर रखकर पूरी पृथ्वी को नापते रहे ।न रुके ,न सुस्ताये, न मृत देह को कहीं पर रखा। इसे कहते हैं प्रेम नई पीढ़ी के बालकों में है इसकी झलक बाद की कथा सब जानते हैं। भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र चलाकर सती के देह के टुकड़े किए ताकि शिव उनके मोह से ,उनके शव से मुक्त हो सकें।एक-एक अंग कट-कट कर गिरता रहा पर शिव ने साथ नहीं छोड़ा।एक पति या प्रेमी के रूप में साहचर्य का ऐसा उदाहरण है जिसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। सती के अवशेष जहां गिरे उन्हें शक्तिपीठ माना गया, कराची के हिंगलाज से लेकर असम में कामाख्या तक फैले हुए अखंड भारत का उद्घोष करते हुए।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,200 चांदी-टंच- 2,53,500 पाट- 2,53,000।

## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



गारंटी अवधि में उखड़ी करणपुरा-नाहरखेड़ा सड़क

## बागरिया इन्फ्राटेक को 5 साल का रखरखाव ठेका, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

**बदनावर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित करणपुरा से नाहरखेड़ा तक का मार्ग संधारण अवधि के दौरान ही जर्जर हो गया है। लगभग 3.547 किलोमीटर लंबी सड़क जगह-जगह बड़े गड्ढों में बदल चुकी है, जिससे वाहन चालकों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के कई हिस्सों से डामर पूरी तरह उखड़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। गहरे गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक आए दिन असंतुलित होकर गिर रहे हैं। रात के समय गड्ढों का अनुमान न लग पाने से हादसों की आशंका और बढ़ जाती है। सड़क किनारे लगे सूचना बोर्ड के अनुसार, इस मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पीआईयू क्रमांक-3, धार की ओर से कराया गया था। सड़क के निर्माण के साथ ही पांच वर्ष के संधारण की जिम्मेदारी मेसर्स बागरिया इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को सौंपी गई है। संधारण अवधि 16 मार्च 2024 से 15 मार्च तक निर्धारित है। हालांकि, संधारण अवधि शुरू होने के बावजूद सड़क की हालत बेहद खराब है। मार्ग पर लगे संकेतक और सूचना बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई बोर्ड टूटे हुए हैं, जबकि कुछ पर लिखी जानकारी पढ़ना मुश्किल हो गया है, जिससे बाहरी वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और संधारण कार्यों पर सवाल उठाते हुए तत्काल मरम्मत की मांग की है।

## शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण अब छत्रपति के नाम से जाना जाएगा चौराहा



**अकोदिया।** अकोदिया में छत्रपति शिवाजी चौराहे के पास छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम के बाद अब यह चौराहा छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से जाना जाएगा। अनावरण समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह की शुरूआत भारत माता, मां सरस्वती और बालाजी महाराज के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्याम दास महाराज और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों ने 'जय शिवाजी, जय भवानी' के नारे लगाए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि राम मनावत ने किया। पूर्व भाजपा संगठन मंत्री माखन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान योद्धा होने के साथ-साथ आदर्श प्रशासक, राष्ट्रभक्त और जननायक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में स्वराज्य की स्थापना कर समाज को स्वाभिमान का संदेश दिया। कार्यक्रम में सचिन शर्मा ने कहा कि शिवाजी महाराज ने धर्म, संस्कृति और जनकल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। महामंडलेश्वर श्याम दास महाराज और अन्य वक्ताओं ने भी उनके नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर बात की।

## मक्सी नगर में शनिवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली

**मक्सी।** तेज हवाओं, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के साथ हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी से परेशान नगरवासियों को बड़ी राहत प्रदान की। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था, लेकिन अचानक बदले मौसम ने लोगों को राहत की सांस लेने का अवसर दिया। तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने कुछ ही देर में पूरे नगर को भिगो दिया। कई क्षेत्रों में ओले गिरने से लोगों में कौतूहल का माहौल देखने को मिला। बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया और तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। बच्चे और युवा बारिश का आनंद लेते नजर आए, वहीं किसानों ने भी इस मौसम परिवर्तन को फसलों के लिए लाभदायक बताया। हालांकि तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं और बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए प्रभावित रही। इसके बावजूद अधिकांश नागरिकों ने इस वर्षा का स्वागत किया क्योंकि लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से उन्हें राहत मिली है। मौसम के इस अचानक बदलाव से मक्सी नगर का वातावरण पूरी तरह बदल गया और लोगों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। नगरवासियों का कहना है कि झमाझम बारिश ने गर्मी के तेवर कम कर दिए हैं, जिससे मौसम काफी सुहावना हो गया है।



**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

बंद पड़े सीसीटीवी, सक्रिय हुए चोर-उचक्के

# चलती पिकअप से 30 नग खाद्य तेल गायब जांच के बीच खुली निगरानी व्यवस्था की पोल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झारड़ा



उज्जैन- पानबिहार फोरलेन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे खाद्य तेल लेकर जा रही एक पिकअप वाहन से अज्ञात चोरों ने चलते वाहन से लगभग 30 नग तेल के कट्टे/कार्टन पार कर दिए। घटना का पता चलने पर वाहन चालक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पानबिहार चौकी पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। घटना की कड़ियां जोड़ने के लिए पुलिस पद्माखेड़ी-बाँदका क्षेत्र स्थित टोल नाके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पहुंची, लेकिन वहां पहुंचकर पुलिस को बड़ा झटका लगा। टोल नाके से उज्जैन की ओर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए, जिससे घटना से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में परेशानी खड़ी हो गई।

जानकारी के अनुसार, उज्जैन से पानबिहार तक फोरलेन के इस हिस्से में पूर्व में भी चोरी और अन्य आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस की लगातार निगरानी के कारण रात्रिकालीन वारदातों में कमी आई थी, लेकिन अब दिनदहाड़े होने वाली घटनाओं ने नई चिंता पैदा कर दी है। बदमाश चलती गाड़ियों को निशाना बनाकर माल चोरी करने जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

फोरलेन निर्माण कंपनी के साइट इंजीनियर चंदन मिश्र ने बताया कि कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों का इंस्टॉलेशन कार्य अभी शेष है। साथ ही कई बार असामाजिक तत्व कैमरों की वायरिंग काट देते हैं। वायरिंग तकनीकी मशीनों से जुड़ी होने के कारण उसके क्षतिग्रस्त होने पर कैमरे बंद हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि शेष कार्य पूरा होने के बाद कैमरे पुनः चालू कर दिए जाएंगे।

इधर पुलिस विभाग भी स्टाफ की कमी की समस्या से जूझ रहा है। अधिकारियों के अनुसार सीमित पुलिस बल को थानों के नियमित कार्यों के साथ-साथ लंबे फोरलेन मार्ग की निगरानी भी करनी पड़ती है। गरोठ-उज्जैन रोड पर अब तक हाईवे चौकी स्वीकृत नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब फोरलेन पर लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं, तब सुरक्षा के लिए लगाए गए कैमरे बंद क्यों हैं और उन्हें चालू करने की प्रक्रिया कब तक पूरी होगी।

## सुजल शर्मा ने सोशल मीडिया पर रचा नया कीर्तिमान, 5 लाख फॉलोअर्स

**जीरापुर।** राजगढ़ जिले की खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र के छोटे से ग्राम कोडक्या से निकलकर अपने सपनों को उड़ान देने वाले युवा सुजल शर्मा पिता संदीप शर्मा ने सोशल मीडिया की दुनिया में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 5 लाख फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। क्रिकेट के प्रति बचपन से ही गहरा लगाव रखने वाले सुजल शर्मा को उनके पिता का पूरा सहयोग मिला। बेहतर प्रशिक्षण के लिए उन्हें इंदौर की क्रिकेट अकादमी में प्रवेश दिलाया गया, जहां उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ क्रिकेट और पढ़ाई दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया। समय के साथ क्रिकेट प्रशिक्षण और अन्य आवश्यकताओं का खर्च बढ़ने लगा, लेकिन सुजल ने हार नहीं मानी। अपने सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया और इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब चैनल शुरू किया। क्रिकेट से जुड़ी रोचक और उपयोगी वीडियो लगातार साझा करते हुए उन्होंने लाखों लोगों का विश्वास और प्यार अर्जित किया। उनकी मेहनत, लगन और क्रिकेट के प्रति समर्पण का परिणाम है कि आज उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 5 लाख से अधिक फॉलोअर्स जुड़ चुके हैं। विशेष बात यह है कि चार वर्ष पहले गांव से निकलते समय जिस जुनून और जज्बे के साथ उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की थी, वही ऊर्जा और समर्पण आज भी उनके भीतर बरकरार है। क्रिकेट में आगे बढ़ने का उनका सपना लगातार मजबूत होता जा रहा है।



बदनावर में 50 लाख की चोरी की जाँच के लिए

# एसआईटी गठित, आरोपियों का सुराग देने पर 10 हजार इनाम घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

बदनावर में उद्योगपति और भाजपा नेता राजेश अग्रवाल के घर हुई 50 लाख रुपये की चोरी के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। मामले की जांच के लिए कई टीमें लगातार काम कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। जांच में अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया गया है। साथ ही आरोपियों के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति के लिए 10 हजार रुपये के नकद इनाम की घोषणा भी की गई है।

### हर पहलू की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और संभावित संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जांच टीम सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और अन्य उपलब्ध सुरागों का विश्लेषण कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि मामले के खुलासे के लिए घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों से जुटाए गए साक्ष्य महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।



### चोरी की वारदात में इस्तेमाल हुई थीं दो बाइक

पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना वाले दिन तीन अज्ञात बदमाशों ने एक घंटे से भी कम समय में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस को आशंका है कि आरोपियों ने बड़ी चौपाटी और रावतसेरी मोहल्ले से चोरी की गई दो मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल किया था। बताया जा रहा है कि पेट्रोल खत्म होने के कारण दोनों मोटरसाइकिलें उसी दिन अलग-अलग स्थानों से बरामद कर ली गई थीं। पुलिस अब इन वाहनों के इस्तेमाल और आरोपियों की आवाजाही के बीच संबंध तलाश रही है।

### सुराग देने वालों की पहचान रहेगी गोपनीय

पुलिस दोनों घटनाओं की कड़ियों को जोड़कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। हालांकि चार दिन बाद भी मामले का खुलासा नहीं होने से यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। बदनावर थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि मामले से जुड़ी जानकारी देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और घोषित इनाम भी प्रदान किया जाएगा। पुलिस को जल्द ही मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद है।

# बटावदा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन 9 जून से

**जीरापुर/बटावदा।** जीरापुर से 2 किलोमीटर दर ग्राम बटावदा में तोमर परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का भव्य आयोजन 9 जून से 15 जून तक किया जाएगा। कथा का आयोजन बालाजी मंदिर के समीप, ग्राम बटावदा, में होगा।

आयोजन समिति के अनुसार कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पं. पू. सतीश नागर (ब्यावरा) द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कथा प्रारंभ से पूर्व 9 जून को प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा एवं श्री गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

कथा के दौरान 12 जून को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 13 जून को गोवर्धन पूजा, 14 जून को रुक्मणी मंगल तथा 15 जून को सुदामा चरित्र एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। समापन 15 जून को होगा।

तोमर परिवार द्वारा क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

# खाद-बीज की किल्लत और अघोषित बिजली कटौती पर जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और ग्रामीणों के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ कलेक्टोरेट पहुंचकर जिला कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में खाद-बीज की किल्लत, मंडी में भुगतान की समस्या और ग्रामीण इलाकों में हो रही भारी बिजली कटौती का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

खाद-बीज की किल्लत और मंडी व्यवस्था पर घिरे अधिकारी

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे पूर्व जनपद सदस्य रोशन खत्री, सेवादल जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य शांतिलाल नागर और कांग्रेस जिला सचिव मुकेश मेघवाल ने कलेक्टर को बताया कि सारंगपुर अनुविभाग क्षेत्र के किसानों को बोआई के इस बेहद महत्वपूर्ण समय में खाद एवं उत्तम बीज की उपलब्धता के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। समय पर इन संसाधनों का न मिलना किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। इसके साथ ही उन्होंने कृषि उपज मंडी की बदहाली का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कलेक्टर को अवगत कराया कि मंडी में किसानों को उनकी उपज का नगद भुगतान नहीं मिल रहा है, जिसके चलते मंडी बंद होने जैसी स्थिति निर्मित हो रही है और पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। कलेक्टर मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल की सभी समस्याओं को बेहद ध्यानपूर्वक सुना और इन सभी गंभीर मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान मुख्य रूप से रोशन खत्री, जनपद सदस्य शांतिलाल नागर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, मुकेश मेघवाल, विजय मालवीय, संस्कार खत्री सहित ग्रामीण और किसान साथी उपस्थित थे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य साधना सप्तक ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना सप्तक द्वारा सिविल अस्पताल, ब्यावरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के पीआईसीयू , एनआरसी, ऑपरेशन थिएटर, एनसी, पीएनसी तथा मैटरनिटी वार्ड का विस्तृत अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने भर्ती मरीजों एवं पीआईसीयू तथा एनआरसी में भर्ती बच्चों के परिजनों से चर्चा कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

अस्पताल में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए उन्होंने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि विगत 13 वर्षों में संस्था में एक भी मातृ मृत्यु का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्होंने डॉ. जैन महिला रोग विशेषज्ञ एवं मैटरनिटी स्टाफ की प्रशंसा की। अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, उपचार सेवाओं एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अवलोकन करने के उपरांत उन्होंने संस्था प्रभारी डॉ. सौरीन दत्ता के नेतृत्व एवं कार्यों की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान सदस्य ने अस्पताल में रिक्त पदों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाने का आश्वासन प्रदान किया। सदस्य ने अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण एवं जनहितैषी सेवाएं प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान संस्था में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ शरद साहू, अधीक्षक डॉ सौरीन दत्ता, डॉ आर के जैन, डॉ लखन दांगी,मनीषा चौहान,नेहा कुशवाह,विष्णु दांगी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने जब्त की 15500 रुपये की शराब

**राजगढ़-ब्यावरा।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय व परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत क्षेत्र गश्त के दौरान ग्राम देवलीकलां में संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर एवं रोड चेकिंग के दौरान कुल 2 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर, 100 पाव प्लेन मदिरा 18 बल्क लीटर, 50 पाव मसाला मदिरा 09 बल्क लीटर एवं 23 केन बीयर 11.5 ब.ली. जिसका अनुमानित मूल्य रुपए 15500/- है।

## आरोह ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का हुआ समापन

**राजगढ़-ब्यावरा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जीरापुर में समापन हुआ। यह शिविर एक माह तक संचालित किया गया, जिसमें विभिन्न खेल विधाओं के लगभग 150 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ की संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डाबर उपस्थित रहीं।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि अतुलकुमार पिता ज्ञानचंदजी जैन निवासी अरविंद पथ बड़नगर द्वारा प्रमोद कासलीवाल, सुबोध, श्रीमती मणिप्रभा पुत्र व पुत्री समीरमलजी जैन निवासीगण इन्दौर के विरूद्ध भवन कमांक 19/2 अरविंद पथ बडनगर जिसके पूर्व में नगर पालिका की सड़क व रास्ता, पश्चिम में अतुल कासलीवाल का मकान, उत्तर में शामलती दिवार के पश्चात गंभीरमलजी के उत्तराधिकारी का मकान, दक्षिण में रास्ता व पुष्कर पण्ड्या का मकान स्थित है। उक्त चतुर्सीमा के अंदर स्थित मकान के संबंध में न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बडनगर के न्यायालय में प्रकरण कमांक 175 ए/2022 आदेश दिनांक 13.04.2022 अनुसार प्रमोद कासलीवाल, सुबोध, श्रीमती मणिप्रभा पिता समीरमलजी निवासी इंन्दौर के विरूद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की गई है कि, प्रतिवादीगण कों अस्थायी रूप से निषेधीत किया जाता है वह प्रकरण के अंतिम निराकरण तक तथा अन्य आदेश होने तक विवादित भवन 19/2 अरविंद पथ बडनगर तहसील बडनगर कों किसी भी प्रकार से किसी को भी अंतरित नहीं करेंगें।

अतः हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि गृह कमांक 19/2 को किसी भी रिती सें क्रय नही करे, किराए पर प्राप्त नहीं करे, आधिपत्य प्राप्त नही करे, न ही भारग्रस्त करे। यहि निषेधाज्ञा प्रकरण कमांक 29/2025 दी.ए. प्रमोदकुमार विरूद्ध अतुलकुमार में भी जारी की गई है।

**निखिल तलाज अभिभाषक**
**बड़नगर जिला उज्जैन मोबाईल नम्बर 7089653927**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के सम्प्रदाय के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्र. 2 व 3 सती मार्ग गली नं. 3. स्थित बुधवारिया उज्जैन जो कि रामद्वारा के नाम से जाना जाता है, के तत्कालिन व्यस्थापक मुमुक्षु राम गुरू स्व. श्री प्रतीतरामजी रामस्नेही द्वारा उक्त भवन को अवैधानिक रूप से श्रीमती लीला देवी नेहरिया पति श्री प्रभुलाल जी नेहरिया, निवासी-9/1, रामद्वारा गली बुधवारिया उज्जैन को अवैधानिक रूप से विक्रय कर दिया है, उक्त जानकारी प्राप्त होने के बाद मेरे पक्षकारगण व उनके सम्प्रदाय द्वारा उक्त लीलाबाई के पक्ष में सम्पादित विक्रय पत्र को निरस्त कराने सहित उक्त मुमुक्षु राम व लीलाबाई एवं अन्य सम्बन्धितो के विरूद्ध पुलिस व सक्षम न्यायालय में कार्यवाही की जा रही है, मेरे पक्षकारगण को जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त लीलाबाई उक्त भवन को विक्रय अथवा अन्य किसी प्रकार से अन्तरित व हस्तांतरित अथवा बंधक करने एवं बैंको से उक्त भवन बंधक रख ऋण प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है व इस हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है, जिसका कोई वैधानिक अधिकार उक्त व्यक्तिगणो (लीलाबाई नेहरिया व उसके परिवार अथवा मुमुक्षुराम) अथवा अन्य किसी को अथवा अन्य किसी को नहीं है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लीला देवी नेहरिया पति श्री प्रभुलाल जी नेहरिया, निवासी-9/1, रामद्वारा गली बुधवारिया उज्जैन से अथवा अन्य किसी से भी उक्त भवन (रामद्वारा) बुधवारिया, उज्जैन के सम्बन्ध में विक्रय अथवा अन्य किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करे अन्यथा भविष्य में होने वाले परिणामो का दायित्व सम्बन्धितों का स्वयं का होगा। अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

**अजहर दानिश खान (एडवोकेट)**
**कार्यालय-79/5, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग,**
**उज्जैन म.प्र. मोबा.नं. 942594142, 8770811515**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार किशोर पिता मथुरालालजी जाति अहिर निवासी ग्राम जलोदिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन का निवासी होकर मेरे पक्षकार के मालिकी आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 422/1 रकबा 1.6100 हे. ग्राम जलोदिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि सर्वे नम्बर 422/1 रकबा 1.6100 हे. भूमि को कय करने का सौदा मेरे पक्षकार से केतागण 1. अर्जुन पिता लक्ष्मीनारायण जी ढोलिया निवासी 827, ग्राम मंगलियता सडक सांवेर रोड, इन्दौर म.प्र. आधार नम्बर 9147 1707 0097 एवं 2. अनिल पटेल पिता श्री चतुर्भूज पटेल निवासी 254, तिरूपति सेफरन कॉलोनी उज्जैन म.प्र. आधार कार्ड कं. 4310 6460 4820 द्वारा संयुक्त रूप से 3,71,18,500/- तीन करोड इकहत्तर लाख अठारह हजार पाँच सौ रुपए मे दिनांक 22-11-2025 को तय कर एक अनुबंध पत्र सम्पादित कर, नोटरी से नोटराईज्ड करवाया था। उक्त सौदे की बयाना राशि 11,00,000/- रुपए अदा करना थी परन्तु आप दोनो केतागण द्वारा 1,50,000/- एक लाख पचास हजार रुपए ही मेरे पक्षकार को अदा किये है। बयाना राशि की शेष राशि व अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार सौदे की 25 प्रतिशत राशि व विकय मुल्य की शेष राशि आप केतागण (अर्जुन व अनिल पटेल) द्वारा समय समय पर अदा करने थे परन्तु आप दोनो केतागण द्वारा आज दिनांक 08-06-2026 तक कोई राशि अनुबंध की शर्त अनुसार अदा नही की गई है और आप केतागण द्वारा अनुबंध पत्र की शर्तों का पालन नही किया गया होने से मेरा पक्षकार उक्त सौदे को निरस्त कर रहा है। यदि आप केतागण (अर्जुन व अनिल पटेल) उक्त भूमि का विकय पत्र करवाना चाहते है या अनुबंध पत्र अनुसार राशि प्रदान करना चाहते है तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भितर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप मे मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे 7 दिवस की अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा यह माना जावेगा की आप दोनो उक्त भूमि को कय करना नही चाहते है और दिनांक 22-11-2025 को किया गया अनुबंध पत्र निरस्त माना जावेगा, 7 दिवस की अवधि पश्चात मेरा पक्षकार अनुबंधीत कृषि भूमि सर्वे नम्बर 422/1 रकबा 1.6100 हे. ग्राम जलोदिया की भूमि को अन्य किसी भी व्यक्ति को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। सूचित हो पाबंदी करे। इति दिनांक 08-06-2026

**राकेश जादव एड्वोकेट,**
**कोर्ट परिसर, बडनगर जिला उज्जैन**
**मोबा. 8251823925, 8770835347**

# विध्यांचल कॉलोनी में प्राणघातक हमले के मामले में कोतवाली थाना पुलिस की तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही

## फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी, कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

**गुना।** कोतवाली टीम द्वारा विगत दिनों शहर की विध्यांचल कॉलोनी में हुई प्राणघातक हमले के गंभीर मामले के मुख्य आरोपी संतोष किरार को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04 जून 2026 को फरियादी नरेश चौकसे उम्र 45 वर्ष निवासी विध्यांचल कॉलोनी गुना ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पुलिस को रिपोर्ट करते हुए बताया था कि आज दिनांक 04 जून 2026 के सुबह वह मंदिर से स्कूटी द्वारा अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान वंदना स्कूल के पास गली में संतोष किरार, सूरज किरार, श्रीराम किरार एवं एक अन्य साथी ने उसे रोक लिया। पुरानी रंजिश के चलते संतोष किरार ने उसकी स्कूटी पर लाठी से हमला किया, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद आरोपियों ने लाठी, पाइप एवं फर्सा जैसे घातक हथियारों से उसकी बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसे शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल आरोपीगणों के विरुद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 269/26 धारा 296(ए), 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा आरोपियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुपालन में गुना कोतवाली थाना पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश हेतु तत्काल अभियान चलाया गया और इस हेतु पुलिस द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ से कार्यवाही करते हुए तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की सहायता आरोपियों की तलाश में सघन दविशें दी गईं। इसमें पुलिस की सतर्कता और प्रभावी रणनीति के परिणाम स्वरूप घटना के मात्र तीसरे दिन ही आज दिनांक 07 जून 2026 को मुख्य आरोपी संतोष पुत्र राधेश्याम किरार उम्र 54 साल निवासी ग्राम गुढ़ा थाना फतेहगढ़ जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं आरोपी से प्रकरण में शामिल अन्य फरार एवं अज्ञात आरोपियों के संबंध में पूछताछ उसे माननीय न्यायालय से विधिवत पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी संतोष किरार एक आदतन अपराधी है । उसके विरुद्ध पूर्व में जिले के थाना फतेहगढ़, कोतवाली, बमोरी, धरनावदा, राघौगढ़ इत्यादि थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, मारपीट, चोरी, अमानत में खयानत, आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट जैसी गंभीर धाराओं के कुल 20 आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। गुना पुलिस द्वारा प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। गुना पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि रंगदारी, गुंडागर्दी, मारपीट, धमकी एवं कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। गुना कोतवाली पुलिस की इस तत्पर और सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में सउनि हरिचरण मीना, प्रधान आरक्षक दीपक तोमर, प्रधान आरक्षक उमेश शर्मा, आरक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं आरक्षक हाकिम सिंह यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### भारत में जन्मी 27 माह की मादा चीता KGP-11 की उपचार के दौरान मौत

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीता पुनर्स्थापन परियोजना को एक और बड़ा झटका लगा है। भारत में जन्मी 27 माह की मादा चीता KGP-11 की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल अवस्था में मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने उसका रेस्क्यू कर इलाज शुरू कराया था, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। इस घटना के बाद कूनो में चीतों की संख्या घटकर 49 और देशभर में कुल संख्या 52 रह गई है। चीता प्रोजेक्ट की ओर से जारी जानकारी के अनुसार 1 जून की सुबह मॉनिटरिंग टीम को रेडियो कॉलर के सिग्नल के जरिए पहाड़गढ़ के घने जंगल में KGP-11 की लोकेशन मिली। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि मादा चीता गंभीर रूप से घायल थी और चलने-फिरने में असमर्थ थी। KGP-11की मौत ने चीता परियोजना को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं। पिछले 25 दिनों के भीतर भारत में जन्मे पांच चीतों की मौत हो चुकी है। वहीं गांधीसागर क्षेत्र में मौजूद तीन चीतों को मिलाकर देशभर में चीतों की कुल संख्या अब 52 रह गई है। वन विभाग का कहना है कि चीतों के संरक्षण और निगरानी के प्रयास लगातार जारी हैं और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

### सेवा के क्षेत्र में रोटरी ने दुनिया में स्वयं को सर्वश्रेष्ठ स्थान पर स्थापित किया

**रतलाम।** केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने विधायक निधि से प्रदत्त कार्डियक एम्बुलेंस का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया। रोटरी क्लब रतलाम मंडल 3040 एव रोटरी सोश्यल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट रतलाम द्वारा आयोजित समारोह में रोटरी मंडलाध्यक्ष सुखदेव सिह घुम्मन एवं संस्कार कोठारी विशेष अतिथि रहे। मंत्री श्री काश्यप ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब श्रेष्ठ सेवा संस्थान है, इसने सेवा के क्षेत्र में स्वयं को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर स्थापित किया है। गंभीर मरीजों को सेवाएं उपलब्ध होना पुनीत कार्य है , जिससे मानव सेवा के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में कार्डियक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने के सभी संभव प्रयास किया जा रहे हैं। श्री काश्यप ने पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी द्वारा महिलाओं के एनीमिया से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों तथा गोविंद काकानी द्वारा कोविड काल में की गई सेवाओं की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आरंभ एयर एंबुलेंस सेवाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस की सेवा नि:शुल्क उपलब्ध है। श्री काश्यप ने कार्डियक एम्बुलेंस को भी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की तर्ज पर संचालन की आवश्यकता जताई।

### सात दिवसीय संत सहजराम साहिब स्मृति दिवस का हुआ समापन

**रतलाम।** सिंधी सनातन धर्म मंदिर सिंधी गुरूद्वारा न्यू रोड़ पर चल रहे सात दिवसीय संत सहराम साहिब स्मृति दिवस का आज समापन हुआ । सचिव मन्नू शिवानी ने बताया कि श्री गुरूनानक देवजी की कृपा से यह संत बाबा हिरदाराम जी के आशीर्वाद से व परम श्रद्धेय श्री सिद्धभाऊ जी की प्रेरणा से संत सहजराम साहिब स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में सिंधी सनातन धर्म मंदिर न्यू रोड़ गुरूदरा में 31 मई रविवार से श्री गुरूद्वारा साहिब जी के सहज पाठ की सेवा प्रारम्भ की गई । जिसका भोग साहिब आज 7 जून 2026 रविवार को हुआ । श्री सुखमखी पाठ साहेब प्रात: 8 से 9:30 बजे तक, श्री गुरु ग्रंथ साहेब सहज पाठ प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से, 11 बजे गुरू ग्रंथ साहेब को भोग लगाया गया। सात दिवस तक प्रतिदिन दादी सुशीला देवी (नागपुर) द्वारा पाठ व संगत मिलकर भजन कीर्तन के आयोजन किए जाते रहे । आज समापन के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया । आज संगत में बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं पुरूषों ने शामिल होकर भजन किर्तन में हिस्सा लिया।

### दादाजी धाम के भव्य मंदिर निर्माण को मिली रफ्तार

**खंडवा।** दादाजी धाम के भव्य मंदिर निर्माण को मिली रफ्तार, मार्बल चयन के लिए मकराना पहुंची समिति दादाजी धाम पर प्रस्तावित भव्य संगमरमर मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंदिर निर्माण समिति ने वर्ष 2030 में दादाजी की 100वीं वर्षगांठ तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है। इसी कड़ी में मंदिर निर्माण में उपयोग होने वाले उच्च गुणवत्ता के संगमरमर के चयन और बुकिंग के लिए समिति के सदस्य, इंजीनियर और आर्किटेक्ट राजस्थान के मकराना पहुंचे हैं। दादाजी धाम में इन दिनों मंदिर की लिंथ और नींव निर्माण का कार्य जारी है। मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए विशेष श्रेणी के संगमरमर का उपयोग किया जाना है। इसके लिए समिति के सदस्यों ने मकराना की विभिन्न खदानों और मार्बल इकाइयों का निरीक्षण शुरू किया है। समिति का एक दल पहले भी मकराना आकर दरों और पत्थर की गुणवत्ता का अध्ययन कर चुका है। उस समय की तुलना में वर्तमान में मार्बल की कीमतों में उल्लेखनीय कमी देखने को मिली है, जिससे मंदिर निर्माण की लागत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### विकास की बात भाजपा के साथ ही हो सकती है

**खंडवा / खालवा।** आदिवासी क्षेत्र हरसूद के लोकप्रिय विधायक एवं प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह जगत 35 वर्षों से अजैय योद्धा के रूप में आदिवासी के दिलों में बस कर उनकी समस्याओं के निराकरण के साथ पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रहे हैं। मंत्री विजय शाखा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार से सीधा संपर्क है किसी का परिणाम है कि लगातार आठ बार से इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को जिले के ग्राम खालवा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1.20 करोड रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर शुभारंभकर श्री शाह ने क्षेत्र वासियो को विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह भी मौजूद थे।

## जन-जन तक पहुंच रहा मातृ स्वास्थ्य का संदेश

दैनिक अवन्तिका » गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषीश्वर के नेतृत्व में जिले में परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य एवं किशोर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से विशेष संचार अभियान संचालित किया जा रहा है। गुना, यूएनएफपीए समर्थित जिलों में शामिल है, जहां यह अभियान 02 जून 2026 से प्रारंभ होकर 22 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के लिए गुना एवं बीनागंज विकासखंडों का चयन किया गया है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना तथा परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य एवं किशोर स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर सूचित निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। इसके अंतर्गत गर्भधारण के बीच उचित अंतराल रखने की आवश्यकता, उपलब्ध आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी, सम्मानजनक मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व तथा स्वस्थ समय एवं अंतराल पर गर्भधारण को बढ़ावा देने संबंधी संदेशों का व्यापक प्रसार किया जा रहा है। साथ ही युवाओं एवं समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संवादात्मक एवं सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त आईईसी सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

अभियान के तहत संचालित विशेष आईईसी वाहन ऑडियो-विजुअल माध्यमों एवं जनसंपर्क गतिविधियों के जरिए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश आमजन तक पहुंचा रहा है।

यह वाहन अब तक गुना, म्याना, लेहरघाट, भदौरा, नेतलपुर, बजरंगगढ़, विनायक खेड़ी, छीपोन, भिलेरा, पगारा एवं बेहटाघाट क्षेत्रों में पहुंचकर समुदाय को जागरूक कर चुका है। आगामी दिनों में भी चयनित गांवों एवं समुदायों में यह अभियान जारी रहेगा। अभियान के सफल संचालन में यूएनएफपीए मध्य प्रदेश के राज्य प्रमुख सुनील थॉमस जैकब तथा डॉ. मेघा गुप्ता का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग एवं यूएनएफपीए के संयुक्त प्रयासों से परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य एवं किशोर स्वास्थ्य से संबंधित संदेश जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाए जा रहे हैं।

### घाटाबिल्लोद स्थित होटल पर फटा तिरंगा फहराने का मामला, कार्रवाई की मांग

**देपालपुर ।** बेटमा थाना क्षेत्र अंतर्गत महू-नीमच रोड पर स्थित घाटाबिल्लोद ब्रिज के समीप संचालित चौधरी होटल एंड रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय स्तर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार होटल परिसर में फटा एवं क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया पाया गया, जिसके बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि उक्त प्रतिष्ठान का संचालन सत्यनारायण चौधरी द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय ध्वज की स्थिति को लेकर नागरिकों ने इसे देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे की गरिमा के विपरीत बताया है तथा संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और सम्मान का प्रतीक है। केंद्र सरकार द्वारा जारी फ्लैग कोड ऑफ इंडिया, 2002 में राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन, रखरखाव और सम्मान संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। फ्लैग कोड के अनुसार किसी भी स्थिति में फटा, क्षतिग्रस्त, मैला या विकृत राष्ट्रीय ध्वज सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता। ध्वज ऐसी स्थिति में पाया जाने पर उसे सम्मानजनक तरीके से हटाया जाना आवश्यक है।

### दूषित पानी की शिकायत की तत्काल जांच

**गुना।** वार्ड क्रमांक 09 में दूषित पानी से कुछ बच्चों के स्वास्थ्य प्रभावित होने संबंधी सूचना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के संज्ञान में आते ही उन्होंने नगर पालिका को तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जिसके चलते नगर पालिका के जल प्रभारी द्वारा कर्मचारियों की टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया तथा वार्ड के विभिन्न स्थानों से पानी के नमूने एकत्रित किए गए। कार्रवाई वार्ड पार्षद श्रीमती सुमन लालाराम लोधा की उपस्थिति में संपन्न हुई।

**जाहिर सूचना**

सूचित किया जाता है कि खसरा नं. 233/2 ग्राम कमलिया कैलाश रेजीडेंसी विकसित की जा रही है जो की आष्टा रोड पर गायत्री मंदिर के सामने स्थित है एतत: कॉलोनी EWS एवं LIG, EWS ( आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), LIG ( निम्न आय वर्ग) के प्लाट उपलब्ध है इस हेतु इच्छुक क्रेता जो की EWS, LIG की केटेगरी में आते है अपने आवेदन के साथ आज दिनांक 03/06/2026 से 180 दिन के अन्दर अपना आवेदन आय का प्रमाण पत्र, समग्र आईडी आधार कार्ड सहित जाकर कॉलोनी में अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर देवे । उक्त भूमि का क्षेत्रफल 24497 वर्ग मीटर है। कॉलोनी का विधिवत नक्शा पास कर डायवर्सन विकास अनुमति रेरा रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।

**संपर्क हेतु**
**कैलाश रेजीडेंसी कॉलोनी**
**आष्टा रोड, शुजालपुर**
**मोबा.: 8827272207**
**रेरा नंबर P-SJL-24-4962**

### बहू पर 1.45 करोड़ रुपए निकालने का आरोप, ससुर ने दर्ज कराई शिकायत

**शुजालपुर।** शहर के मोती मोहल्ला फ्रीगंज निवासी एक सेवानिवृत्त लिपिक ने अपनी बहू पर घर में रखी 1 करोड़ 45 लाख रुपए की नकदी बेईमानीपूर्वक निकाल लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में कन्हैयालाल वर्मा ने बताया कि वे कन्याशाला विद्यालय शुजालपुर सिटी में सहायक ग्रेड 3 लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने करीब एक वर्ष पूर्व ग्राम जेठड़ा स्थित अपनी जमीन 2 करोड़ 79 लाख रुपए में बेची थी। इसमें से 1 करोड़ रुपए की राशि से भोपाल और सीहोर में प्लॉट खरीद लिए थे, जबकि शेष 1 करोड़ 79 लाख रुपए घर में एक पेटी के भीतर रखे बक्से में सुरक्षित रखे थे। रिपोर्ट के अनुसार 20 दिसंबर 2025 को वे अपनी पत्नी के साथ भोपाल में नाती के जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर उनकी बहू विनिता वर्मा और उसके तीन बच्चे मौजूद थे। जाने से पहले उन्होंने पेटी और बक्से की चाबी बहू को सौंपते हुए उसमें रखी नकदी की जानकारी भी दी थी। कन्हैयालाल के मुताबिक 21 दिसंबर को वापस लौटने पर उन्होंने चाबी वापस ले ली। उसी रात जब उन्होंने पेटी और बक्सा खोलकर नकदी की गिनती की तो 1 करोड़ 79 लाख रुपए में से केवल 34 लाख रुपए ही मिले। शेष 1 करोड़ 45 लाख रुपए गायब थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी अनुपस्थिति के दौरान चाबी बहू के पास थी, इसलिए उसी ने राशि निकालकर कहीं इधर-उधर कर दी है। फरियादी का कहना है कि उन्होंने लंबे समय तक पारिवारिक स्तर पर मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलने पर अब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## बिजली के गुल रहते उपभोक्ताओं को खुले में बैठकर बीताना पड़ी रात

**खरसौदकलां।** खरसौदकलां विधुत वितरण कंपनी के बिजली सप्लाई में लगे उपकरण में अचानक आग लगने से गुरुवार को रात भर लोगों के घरो में अंधेरा छाया रहा। वहीं बिजली के गुल रहते डेढ़ सौ से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को गर्मी सहन करने को विवश होना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक खरसोद कला विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली सप्लाई में लगाए गए ट्रांसफार्मर में एक सप्लाई भाग के उपकरण में गुरुवार की शाम को अचानक आग लग गई। आग से केबल एवं उपकरण जलकर खाक हो गए। बदले में डेढ़ सो से अधिक घरों में बिजली सप्लाई के अभाव में रात भर भारी परेशानी हुई। यहां तक की लोगों को भीषण गर्मी में घर से बाहर बैठकर रात बिताने के लिए विवश हुए।

#### ट्रांसफार्मर के आसपास फेला पड़ा कुंडा कटकर

डेढ़ सौ से अधिक घरों में बिजली सप्लाई करने में लगे दो ट्रांसफार्मर के आसपास में कुडाकरटक के ढेर पड़े हैं वहीं जंगली पौधों के अलावा बेल तार तक चढ़ चुकी हैं। जबकि आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर बिजली गुल की जाती है। लोगों ने बताया की वर्तमान के भीषण गर्मी के दौरान रोज-रोज आए दिन घंटो बिजली गुल रहते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**जाहिर सूचना**

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मैं दिनेश भाटी पिता श्री गब्बा जी भाटी, निवासी-239, गौतम मार्ग, नयापुरा, उज्जैन में निवास करता हूं। मेरी पत्नि संगीता भाटी तथा मेरे तीन पुत्र अजय, विजय, अमन, भी मेरे साथ ही उक्त पते पर निवास करते थे। लगभग 2 माह पूर्व मेरा पुत्र अजय भाटी किसी लडकी के प्रेम प्रसंग में पड़कर मेरे घर से 4,00,000/- रूपयें की रकम बिना बताये घर से चुराकर कही चला गया हैं। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा पुलिस थाना जीवाजीगंज में की गई थी। मुझे ऐसी जानकारी प्राप्त हुई कि कई लोगों से उसके द्वारा लेन-देन किया है। पिछले लगभग 2 माह से मेरा मेरे पुत्र अजय भाटी से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सारोकार नहीं हैं। यदि किसी संस्था, व्यक्ति आदि के द्वारा मेरे पुत्र अजय भाटी से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता हैं या मेरा पुत्र किसी प्रकार के कोई आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया जाता हैं या मेरे या मेरे परिवार के किसी सदस्य के नाम से किसी भी तरह का संव्यवहार किया जाता है तो उक्त लेन-देना आपराधिक गतिविधि या संव्यवहार से मेरा किसी प्रकार से कोई लेना-देना नहीं हैं। सूचित हो। इति दिनांक07 ..06.2026

**दिनेश भाटी पिता श्री गब्बा जी भाटी,**
**निवासी-239, गौतम मार्ग, नयापुरा,उज्जैन**

## हनुमान चालीसा पाठ से गूंजा खेडापति हनुमान मंदिर

### श्रद्धालुओं ने की धर्म रक्षा और राष्ट्र कल्याण की कामना

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर



विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल शुजालपुर प्रखंड द्वारा नगर में धार्मिक जागरण और हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ अभियान के तहत शनिवार को मानस भवन स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले चार माह से नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में धार्मिक संस्कारों का संवर्धन, समाज में एकता का संदेश तथा सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान के पूजन-अर्चन से हुई। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया।

पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम तथा बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने देश, समाज और नगर की सुख-समृद्धि के साथ धर्म रक्षा एवं राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हनुमान चालीसा केवल एक धार्मिक पाठ नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है। नियमित पाठ से व्यक्ति के भीतर सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास होता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता श्रीमान विष्णु कुमार पिता रतनसिह जाति कुल्मी निवासी ग्राम झीतरखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 717 रकबा 1.43 हैक्टर मे से 0.40 हैक्टर किता 01 कुल विकित रकबा 0.40 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम झीतरखेडी पटवारी हल्का नंबर झीतरखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । 07-06-2026

**मोहित पाटीदार ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 7999640229**

## शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदानियों ने किया सफाई कार्य

**मन्दसौर।** विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 128वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने नदी में उतरकर सफाई की। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण नालों के ओवरफ्लो होने से नदी के किनारों पर भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा जमा हो गया था।मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि श्रमदानियों ने नदी से गाद, गंदगी और एक ट्रॉली प्लास्टिक कचरा निकालकर उसे उचित स्थान पर पहुँचाया। उन्होंने नगरवासियों से प्रति रविवार प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने की अपील की। इस रविवार को हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, सुरेश मालवीय सहित कई समाजसेवियों, कांग्रेस कार्यकताओं और रफत पयामी, सोनाली जैन, इष्टा भाचावत जैसी महिला नेत्रियों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लिया।

## बीड़ी देने से मना करने पर युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा में शनिवार रात एक चाय की दुकान पर बीड़ी मांगने को लेकर हुए मामूली विवाद में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, कुमारवाड़ा निवासी 23 वर्षीय विजय नाथ पर सिराज नामक व्यक्ति ने बीड़ी देने से इनकार करने पर चाकू से वार कर दिया, जिससे विजय के हाथ में गहरा घाव हो गया और उसे अस्पताल में 7 से 8 टांके आए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार पुलिस ने आरोपी सिराज को हिरासत में ले लिया है व पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है।

## श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का संसार मे अन्य कोई सानी नहीं

**नीमच।** शहर के स्कीम नंबर ३६ में चल रही भागवत कथा में आज समापन के दिन विशेष भजन के साथ आध्यात प्रवचन संपन्न हुये द्य जिसमें सुदामा प्रसंग पर उपस्थित भक्त मुग्ध हो गए द्य कृष्ण सुदामा के मित्रता का संसार में कोई सानी नहीं है। सुदामा ने जीवन पर्यंत दरिद्रता और गरीबी को अपना लिया था, लेकिन कृष्ण से कभी नहीं कहा कि वह उनकी सहायता करें, सुदामा स्वाभिमानी थे, कृष्ण ने भी समय - आने पर अपना ऋण उतार दिया और सुदामा को दो लोक की खुशियों का राज दे दिया था। यह बात कथा वाचिका अनन्या शर्मा ने कही। वे सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ग्वालियर चंबल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा के अंतिम दिवस बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता में अमीरी गरीबी की , दीवार नहीं थी।

## टी इ टी में किसी की शिक्षक की नौकरी नहीं जाने देंगे

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार जिला शाखा रतलाम की बैठक शासकीय जवाहर प्राथमिक विद्यालय राम मंदिर पर आयोजित हुई। बैठक में संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई। सर्वेश कुमार माथुर ने गुरू छाया प्रकल्प पर अपने विचार रखे व आगामी गुरू पूर्णिमा व हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान कहा कि ने गुरूवंदना कार्यक्रम ब्लांक व तहसील स्तर पर आयोजित करने व एक बड़ा कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित करने विषयक चर्चा की।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

**नीमच।** विश्व पर्यावरण दिवस 6 जून के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा वीनू वाटिका, जवाहर नगर नीमच में सुबह 8 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार के सुशासन एवं जनकल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक पेड़ मां के नाम तहत वृक्षारोपण किया।

# एक वर्ष में बदली लोकोमोटिव केयर सेंटर (एलसीसी) रतलाम की तस्वीर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल स्थित लोकोमोटिव केयर सेंटर (एलसीसी) रतलाम में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए उद्यान पुनर्जीवन अभियान नेउल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। जून 2025 में पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर एलसीसी परिसर के उपेक्षित एवं जर्जर हो चुके उद्यानों को पुनर्जीवित कर उन्हें आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप प्रदान करने का संकल्प लिया गया था।



वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (डीजल) श्री मनोज छाबड़ा के कुशलमार्गदर्शन तथा अन्य अधिकारियों के निर्देशन में विभिन्न क्वालिटीयूनिटों के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने इस संकल्प को मिशन के रूप में अपनाया। सुनियोजित प्रयासों, नियमित देखरेख एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप मात्र एक वर्ष में ही परिसर की हरियाली, सौंदर्य और पर्यावरणीय गुणवत्ता में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अभियान को निरंतर गति प्रदान करने के लिए पूरे वर्ष नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई। उद्यानों के विकास कार्यों का आकलन करने हेतु प्रत्येक तिमाही में ऑडिट आयोजित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुभागों को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रॉफियां प्रदान की गईं। इस पहल से कर्मचारियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हुई और सभी संबंधित अनुभागों ने अपने कार्यक्षेत्र को अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि उद्यानों के विकास और रखरखाव का अधिकांश कार्य विभिन्न क्वालिटी यूनिटों के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने नियमित दायित्वों के साथ-साथ किया गया। कर्मचारियों ने कार्यालयीन समय के दौरान उपलब्ध अवसरों का सदुपयोग करते हुए अपने-अपने उद्यानों की

रूपरेखा में रचनात्मक परिवर्तन किए। यह प्रयास न केवल उनकी कार्यनिष्ठा को दशार्ता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी संवेदनशीलता और समर्पण को भी प्रतिबिंबित करता है। अभियान के दौरान उद्यानों की फेंसिंग, प्रवेश द्वार, सजावटी संरचनाओं तथा

सामग्रियों का पुनः उपयोग किया गया। इस प्रकार कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की "ट्रिपल आर" अवधारणा–रिड्यूस, रियूज एवं रिसाइकिल को व्यवहारिक रूप में साकार किया तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

निरंतर मॉनिटरिंग, प्रभावी समन्वय और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के फलस्वरूप एलसीसी परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण एवं उद्यान विकास कार्य संपन्न किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में सजावटी, औषधीय तथा फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी समुचित देखभाल सुनिश्चित की गई। लगाए गए प्रमुख पौधों में लिली, चंदन, पीपल, हरसिंगार, अपराजिता, अशोक और चंपा जैसे पौधे शामिल हैं।

# धर्म दिखावे का नहीं, स्वयं के भीतर महसूस करने का नाम -मुनिश्री प्रणम्यसागरजी



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

दिगम्बर जैन मुनि अर्हं योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज का 11 वर्षों बाद संघ सहित मंदसौर आगमन हुआ। रविवार प्रातः बोतलगंज गांधी हर्बल से पद विहार शुरू होकर महावीर द्वार चौराहा पहुँचा, जहाँ बैंडबाजों, ढोल और हाथी-घोड़ों के साथ विशाल जनसैलाब ने अगवानी की। सकल जैन समाज द्वारा मुनिश्री का पाद प्रक्षालन कर पूजन आरती की गई। शोभायात्रा में महिला मंडल सिर पर मंगल कलश लिए आगे चल रही थी और पूरा मार्ग रंगोलियों से सजाया गया था। तार बंगला मंदिर परिसर के पंडाल में मुनिश्री और चारों ऐलक महाराज विराजित हुए।

मुनिश्री ने प्रवचन में आत्मिक व मानसिक शांति के लिए च्ऊँ अर्हं नमःज्‍ मंत्र के जाप की प्रेरणा दी और कहा कि धर्म के मर्म को समझें क्योंकि धर्म दिखावे का नाम नहीं,धर्म तो स्वयं के भीतर महसूस करने का नाम है।

मुनिश्री ने अपने प्रवचनों के दौरान बताया पंच परमेष्ठी की पंचमुद्राओं के साथ योगाभ्यास का बीजारोपण मंदसौर से हुआ था, योग शारीरिक व्यायाम ना रह जाए,यह आत्मा के साथ जुड़े, क्योंकि अर्हं योग मानसिक शांति का कारक है। मुनिश्री ने कहा ध्यान के बिना योग अधूरा है, अर्हं योग से हर आत्मा परम आत्म तत्व की ओर उन्मुख हो सकती है।

इससे पूर्व नमन जैन व चिन्मय कियावत ने प्रोजेक्टर से अर्हं योग की 10 वर्षीय यात्रा दिखाई, जो 14 देशों के 10 लाख श्रद्धालुओं तक पहुँच चुकी है। धर्मसभा की शुरूआत में मंगलाचरण के बाद राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विजय सुराणा, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन सहित अन्य अतिथियों ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र का अनावरण व दीप प्रज्वलन किया। मंच संचालन डॉ. चंदा भरत कोठारी ने किया।




## पेट्रोल-डीजल और महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

**मन्दसौर।** देश में लगातार बढ़ती पेट्रोल, डीजल, घरेलू रसोई गैस की कीमतों, खाद्य सामग्रियों के दामों में उछाल और बिजली के स्मार्ट मीटर से बढ़े हुए बिलों के विरोध में मन्दसौर में शहर कांग्रेस अध्यक्ष ईष्टा भाचावत और मन्दसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सरकार की आर्थिक नीतियों को जनविरोधी करार देते हुए नारेबाजी की।विरोध प्रदर्शन की शुरूआत भारत माता चौराहे से हुई, जहाँ से कांग्रेस कार्यकताओं ने एक रैली निकाली। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर तक पहुंची। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गलत नीतियों के कारण आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने मांग की कि बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस ली जाएं और जनता पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम किया जाए। इस प्रदर्शन में डॉ. प्रीतिपाल सिंह राणा, सुरेंद्र कुमावत, दिलीप देवड़ा, अम्बालाल हिंगोरिया, महेश गुप्ता, अजय मारू, लियाकत नीलगर, विजय मारू, पंकज जोशी, संजय बारेट, सुनील बसेर, विजय जैन, संजय नाहर, मनोहर नाहटा, आमीन खान, विजय सिसोदिया, रविंद्र कुमावत, विश्वनाथ सोनी, मनोहर गुर्जर, राखी सत्रावाला, सुनीता बंडी, साबीर इलेक्ट्रिक, रमेश सेठिया, योगेंद्र जोशी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृति के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर में बच्चों के चित्रों की प्रदर्शनी के साथ शिविर संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

कृति संस्था के सात दिवसीय निशु ल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बच्चों ने अपने द्वारा सीखी कला का प्रदर्शन प्रदर्शनी के माध्यम से किया। उनके द्वारा बनाए गए लगभग 100 से अधिक चित्रों को प्रदर्शित किया गया द्य जिसे उपस्थित अतिथियों सहित अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों ने सराहा । समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंचल के ख्यात चित्रकार राहुल लोहार ने कृति संस्था की चित्रकला प्रतियोगिताओं को अपनी चित्रकला का आधार बताते हुए कहा कि वे बरसों बाद कृति संस्था के बीच आकर अभीभूत हूँ। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिला प्रेस क्लब नीमच के अध्यक्ष श्याम गुर्जर ने कहा कि कृति बाल प्रतिभाओं को निखारने का जो कार्य कर रही है वह सरहानीय है। संस्था इसी तरह साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्य करती रहे यही मेरी शुभ कामना है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गायत्री परिवार के जिला समन्वयक गिरिराज सिंह चौहान ने कहा कि कृति संस्था हमारे साहित्य और संस्कृति के विकास व संरक्षण में अच्छा काम कर रही है। संस्था द्वारा चित्रकला प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए हमारे परिसर का उपयोग संस्था के लिए गर्व की बात है। कृति के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में ५० बच्चों ने ७ दिन तक मन लगाकर जो कुछ सीखा वह चित्र प्रदर्शनी के रूप में आपके सामने हैं 7 इस वर्ष संस्था द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

# राक्षसों को बिरयानी खिलाने से बेहतर उन्हें मार दिया जाए - स्वामी चिदम्बरानन्दजी

**रतलाम।** महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वतीजी महाराज ने कहा है कि भगवान का अवतार और लीलाएं मुख्यतः धर्म संस्थापना, सज्जनों की रक्षा और आततताईयों के नाश के लिए होती है । धर्मभूमि भारत पर भगवान ने समयानुकूल अवतार लेकर धरती को धर्म और देशद्रोहियों के अत्याचारों से मुक्त किया है । युद्ध के मैदान में भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा का शंखनाद करते हुए अधर्म का अंत किया । भगवान के गीताज्ञान से प्रेरणा लेकर आज बदलते समय में इन्हीं आततताईयों के नाश के तरीके बदले है लेकिन सबसे बेहतर यही है कि देश, धर्म, संस्कृति, अखण्डता के लिए खतरा बनने वाले राक्षसों को बिरयानी खिलाने से बेहतर उन्हें मार दिया जाए । इस कार्य को आज बेहतर तरीके से अंजाम से देकर हमारी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत की एकता-अखण्डता को चुनौती देने वालों



को बक्शा नहीं जायेगा । उनका उनके ही घर में घुसकर अंत किया जायेगा ।

श्री हरिहर सेवा समिति मोहनलाल भट्ट परिवार एवं श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्र्स्ट द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर दयाल वाटिका सैलाना रोड पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव में स्वामीजी ने पांचवें सत्र में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं, गोवर्धन पूजा का वर्णन किया । यंहा म.प्र. सरकार के वरिष्ठ केबिनेट मंत्री एवं श्रीहरिहर सेवा समिति रतलाम संरक्षक श्री चेतन्य काश्यप ने पूज्य स्वामीजी से आशीर्वाद प्राप्त किया ।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना,**

**टेंडर नंबर SnT_RTM_26_12_Signal,** दिनांक : 04.06.2026 **1) कार्य का नामः** निम्नलिखित कार्य के संबंध में एस एण्ड टी सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंगः - 1) गोधरा-नागदा खंडः सुरक्षा और विश्वसनीयता में सुधार तथा दोषपूर्ण/पुराने मिडलाइफ सिग्नलिंग गियर और उपकरणों का प्रतिस्थापन । 2) आरडीएसओ अनुमोदित अर्थिंग सिस्टम द्वारा एसएंडटी के महत्वपूर्ण उपकरणों के मौजूदा अर्थिंग सिस्टम को बढ़ाना, बदलना और मजबूत करना। 3) - रतलाम डिवीजनः डिजिटल वीएचएफ सेट द्वारा एनालॉग 25-वाट वीएचएफ सेट का प्रतिस्थापन और उन्नयन। **2) कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 10,83,98,569.82/- **3) बयाना राशि :** रु. 21,68,000.00/- **4) निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 30/06/2026 समय 15.30 बजे के बाद । **5) कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 माह। **6) निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ अनलाइन E-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है।

V/090

**हमें लाइक करें :** facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**टेंडर नंबर: GEM/2026/B/7626642** दिनांक 05.06.2026, **1) कार्य का नाम एवं स्थानः** रतलाम मंडल के इंदौर कोचिंग डिपो एवं डॉ. अम्बेडकर नगर (DADN) की IGBC ग्रीन को रेटिंग के नवीनीकरण/पुनः प्रमाणीकरण का कार्य। **2) कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 6,92,343.58/- (सभी कर ड्यूटीज एवं जी. एस. टी. सहित)। **3) बयान राशिः** 13850/- **4) समापन अवधि :** एल.ओ.ए जारी होने की तारीख से 06 माह। **5) निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय :** 18:00:00 बजे दिनांक 06-07-2026 तक जमा करने का समय। **6) वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है : निविदायें GeM वेबसाईट पर देखी जा सकती है:** साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी वरि कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर कार्यालय (प. रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

V/092

**हमें लाइक करें :** facebook.com/WesternRly

# कंजार्डा पुलिस ने 6 दिनों में चोरी गया ट्रैक्टर बरामद किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया एवं अनुविभागीय अधिकारी मनासा सुश्री निकिता सिंह के मार्गदर्शन में, संपत्ति संबंधी अपराधों एवं चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना प्रभारी मनासा श्री निलेश अवस्थी व चौकी प्रभारी कंजार्डा उपनिरीक्षक श्री श्याम कुमावत के नेतृत्व में चौकी कंजार्डा पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ढूंढ निकालने में एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।




*घटना का संक्षिप्त विवरण- फरियादी के लाल रंग का मेसी फर्गुसन 1035 ट्रैक्टर को अज्ञात बदमाश दिनांक 27-28 मई 2026 की दरमियानी रात्रि में चोरी कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर दिनांक 1 जून 2026 को थाना मनासा में अपराध क्रमांक 268/26 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र की मदद से चौकी कंजार्डा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अजय पिता गोपाल, जाति धाकड़, उम्र २१ वर्ष, निवासी चौकड़ी, थाना मनासा को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी मनीष पिता गोपाल प्रजापत निवासी बलकुंडी थाना जावदा जिला चित्तौड़गढ़ के साथ मिलकर उक्त ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी मनीष की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है।

बरामदगी- मेसी फर्गुसन 1035 ट्रैक्टर (कीमती करीबन 8 लाख रुपये) शत-प्रतिशत बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त की गई एक एक्सट्रीम मोटरसाइकिल (कीमती करीबन एक लाख 50 हजार रुपये) भी जब्त की गई है। पुलिस व साइबर टीम के संयुक्त प्रयास से कुल 9 लाख 50 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।

उक्त सराहनीय एवं त्वरित कार्रवाई में विवेचक श्री निलेश अवस्थी , थाना प्रभारी मनासा, उनि श्याम कुमावत,.स्ढ पन्नालाल चौहान, प्रधान आर प्रदीप शिंदे जिला साइबर टीम एवं आर मोहन ,आर. कृष्णपाल,आर ईश्वर समस्त चौकी कंजार्डा टीम की मुख्य व सराहनीय भूमिका रही।

## न्यूज कालम




## सरस्वती शिशु मंदिर बने सामाजिक चेतना का केन्द्र

**मन्दसौर।** ग्राम भारती जिला मन्दसौर द्वारा संचालित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग-2026 के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर माल्या खेरखेड़ा में एक विमर्श सत्र आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता ग्राम भारती मालवा के कोषाध्यक्ष और अवंतिका प्रकाशन न्यास के सचिव धनसिंह धनगर थे। कार्यक्रम में ग्राम भारती मंदसौर के अध्यक्ष प्रभूलाल धनौरा, वर्ग पालक सुखलाल आंजना और वर्ग संयोजक बगदीरामदास बैरागी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री धनगर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज में संस्कार और राष्ट्रीय चेतना जगाने का माध्यम है। उन्होंने विद्यालय, परिवार और समाज के बीच मजबूत समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए आचार्यों से विद्यालय को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने की बात कही। प्रशिक्षणार्थियों ने इस विषय पर गहन चर्चा की और कार्यक्रम का सफल संचालन वर्ग संयोजक बगदीरामदास बैरागी ने किया।।

## आरव बाफना ने नेशनल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**मन्दसौर।** अहमदाबाद में 31 मई से 4 जून तक आयोजित 15 वीं मॉडर्न पेंटाथलॉन नेशनल चैंपियनशिप में मंदसौर के लोटस वैली स्कूल के छात्र आरव बाफना ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की है। नीलेश के. बाफना के सुपुत्र आरव ने अंडर 13 कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बायथले और ट्रायथले इवेंट्स (रनिंग, स्विमिंग और शूटिंग) में दो रजत पदक जीतकर मंदसौर और मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। आरव की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के प्रभु सर, सुधा मैम, नीलेश सर, आयुष सर, रोहित सर, अभिषेक सर और समीर सर ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## मंदसौर में त्रिदिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ संपन्न

**मन्दसौर।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम मंदसौर एवं गांधी नगर कॉलोनी के संयुक्त तत्वावधान में विक्रम संवत 2083 के अधिक ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी से षष्ठी क दास बालाजी मन्दिर परिसर में त्रिदिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ के मुख्य वक्ता गीता मनीषी आचार्य डॉ. विष्णु नारायण तिवारी (ग्वालियर) थे, जिन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग, ज्ञानयोग एवं भक्तियोग की सरल व्याख्या की। उन्होंने समापन पर निष्काम कर्म को जीवन का सार बताते हुए इसे व्यावहारिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। अंतिम दिन प्रातःकाल अखंड गीता पाठ और सामूहिक हवन हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों सहित अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश रघुवीर प्रताप सिंह चुंडावत ने अतिथियों का अभिनंदन किया और मंदसौर के गीता स्वाध्याय मंडल के पुनर्गठन की घोषणा की, जिसमें सुरेश शर्मा को संयोजक और चंद्रपाल सिंह को गीता स्वाध्याय प्रमुख सहित अन्य को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। उज्जैन, इंदौर और विदिशा से आए संस्था के पदाधिकारियों ने भी इस अवसर पर मार्गदर्शन और प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।

## खाती खेड़ा में पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त रोड का कार्य प्रारंभ हुआ



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा गत दिवस भगवानपुरा ग्राम पंचायत के ग्राम खाती खेड़ा में आयोजित जन समस्या निराकरण शिविर में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में जल निगम द्वारा त्वरित कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। महाप्रबंधक श्री धीरेंद्र बिजोरिया ने बताया कि ग्राम में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई आंतरिक सड़कों के सुधार कार्य एवं बचे हुए शेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। खाती खेड़ा एवं आसपास के तीनों गांवों में ग्रामीणों की मांग पर यह कार्य हाथ में लिया गया है। जन समस्या निराकरण शिविर में ग्रामीणों द्वारा पाइपलाइन कार्य से क्षतिग्रस्त सड़कों की समस्या रखी गई थी, जिस पर कलेक्टर द्वारा जल निगम को तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। निदेर्शों के परिपालन में जल निगम ने बिना विलंब कार्य शुरू कर दिया है।

## नीमच शहर के विकास हेतु पी आई सी बैठक में 64 प्रस्ताव पास

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की पीआईसी की बैठक शुक्रवार 5 जून को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चौपड़ा की अध्यक्षता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया की उपस्थिति में नगर पालिका कार्यालय स्थित नपा अध्यक्ष कक्ष में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित पीआईसी सदस्यों ने एजेंडे में शामिल सभी ६४ प्रस्ताव को पारित करते हुए शहर विकास के करोड़ों रुपयों के विकास कार्यों को हरी झंडी दी। पीआईसी में स्वीकृत किए गए विभिन्न वार्डों के विकास कार्यों को मंजूरी मिलने से अब शहर का विकास और तेजी से होगा।बैठक में पीआईसी सदस्य श्रीमती वंदना खंडेलवाल, श्री दारासिंह यादव, श्री धर्मेश पुरोहित, श्री नीरज अहीर एवं श्रीमती कुसुम-अशोक जोशी, श्री मनोहर मोटवानी, श्रीमती छाया जायसवाल के साथ ही कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा तथा नगर पालिका के इंजीनियर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में ब्रह्माकुमारी आश्रम के सामने चौराहा सौंदर्यीकरण, शास्त्री नगर में बगीचा विकसित करने, अनेक स्थानों पर डेकोरेशन लाइट लगाने, विभिन्न वार्डों में ऑक्टागोनल पोल लगाने सहित अनेक विकास कार्यों एवं नगर पालिका कर्मचारियों से संबंधित प्रस्ताव को रखा गया था जिन्हें उपस्थित पीआईसी सदस्यों ने सर्वसम्मति की मोहर लगाई।



## पत्रकार मंजूर मोहम्मद कुरैशी के निधन पर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**सुसनेर।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार मंजूर मोहम्मद कुरैशी का गत दिवस उज्जैन में निधन होने पर शनिवार को शाम 5 बजे स्थानीय उज्जैन कोटा मार्ग पर स्थित विश्राम गृह पर नगर के पत्रकारों ने शोकसभा आयोजित कर उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद अफजल बेग (नन्नू बेग), मुकेश हरदेनिया, विष्णु भावसार, युनुस लाला, शिव चौहान ने शोक सभा को संबोधित करते हुए स्वर्गीय मंजूर मोहम्मद कुरैशी को याद करते हुए उनके साथ के संस्मरण सुनाते हुए उन्हें जुझारू, संघर्षशील एवं लंबे समय तक जनहित की आवाज अपनी कलम से उठाने वाला समाज का जागरूक प्रहरी बताकर उन्हें सुसनेर नगर की पत्रकारिता की नींव बताया। इस अवसर पर नगर के पत्रकार मनोज जैन, मोहसिन काजी, मुकेश पाटीदार, मुस्तफा बोहरा आदि उपस्थित थे।

## संगठन सृजन कार्यक्रम के प्रशिक्षण प्रभारी का किया सम्मान



**जगोटी ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण में पधारे प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष व प्रशिक्षण प्रभारी श्री महेन्द्र जोशी का कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा व पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक महेश परमार, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा. चैनसिंह चौधरी, डा. विजय बोडाना, कुलदीप सिंह जाट, पोपसिंह पंवार, राजेन्द्र चंदेल, शेरखान, रघुनाथ चौधरी सहित सेवादल पदाधिकारी गण मौजूद थे।

## बोहरा समाज के आमिल द्वारा पौधारोपण कर स्वागत किया

**खाचरौद।** दाऊदी बोहरा समाज के जनाब आमिल साहब शेख मुस्तफा कुक्षीवाला का मुंबई से खाचरौद तबादला होने पर, उनके प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद एवं नगर पालिका स्वच्छता समिति के सभापति नारायण मंडावलिया ने आमिल साहब का आत्मीय स्वागत कर उनकी अगवानी की।अपने प्रथम



प्रवास के दौरान आमिल साहब ने पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट संदेश देते हुए पार्षद मंडावलिया के साथ 'बोहरा बावड़ी' क्षेत्र में पौधारोपण किया। इसके पश्चात उन्होंने पूरे क्षेत्र का पैदल दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं और भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमिल साहब शेख मुस्तफा कुक्षीवाला ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य संपूर्ण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करना, क्षेत्र को पूर्णतः साफ-सुथरा और स्वच्छ रखना तथा सभी वर्गों के बीच आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखना है। उन्होंने नगर के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए क्षेत्रीय पार्षद नारायण मंडावलिया को आश्वस्त किया कि नगर के विकास कार्यों, स्वच्छता अभियानों और जनहित के मुद्दों पर बोहरा समाज की ओर से उन्हें हर प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाएगा। आमिल साहब की इस सकारात्मक पहल और पर्यावरण प्रेम की क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

## माहेश्वरी सभा उज्जैन जिले के अध्यक्ष बने सतीश मूंदड़ा, निर्विरोध हुआ चयन



**तराना।** माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष के लिए तराना निवासी सतीश मूंदड़ा का तथा सचिव हेतु नागदा निवासी घनश्याम राठी का निर्विरोध चयन कर लिया गया है। चूंकि इस बार उज्जैन जिले में ग्रामीण से ही अध्यक्ष और सचिव का चयन किया जाना था। उल्लेखनीय है सतीश मूंदड़ा का पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति समर्पित एवं स्वयं सतीश 19 महीने मीसाबंदी रहे। तराना नगर परिषद पार्षद रहे एवं नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष रहे। निर्विरोध चयन करवाने में रविंद्र राठी, डॉक्टर वासुदेव काबरा, गोविंद मोहता, सतीश बजाज एवं बड़नगर, नागदा, तराना, महिदपुर, खाचरोद एवं रुनिजा समाज का विशेष योगदान रहा। इस चयन से उज्जैन जिले माहेश्वरी सभा में हर्ष व्याप्त है समाज के अधिकांश जन ने इस निर्विरोध प्रक्रिया का स्वागत किया और शुभकामनाएं प्रेषित की। एवं सामाजिक दायित्व की दृष्टि से माहेश्वरी समाज तराना के दो बार अध्यक्ष रहे एवं उन्हें के कार्यकाल में तराना समाज के भवन का निर्माण भी हुआ साथी अभी तत्काल में जिला के उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ पश्चिमांचल सदस्य भी रहे हैं।

### कचरे में दबी ऐतिहासिक धरोहर को बच्चों और युवाओं ने दिया नया जीवन

# खेरिया के प्राचीन सीढ़ीदार कुएं की सफाई कर स्वच्छता और विरासत संरक्षण का दिया संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

जनपद पंचायत सुसनेर के समीप स्थित ग्राम खेरिया में वर्षों से उपेक्षा का शिकार बने एक प्राचीन सीढ़ीदार कुएं को स्कूली बच्चों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से नया जीवन मिला है। कभी गांव की जल आवश्यकताओं का प्रमुख स्रोत रहा यह ऐतिहासिक कुआं समय के साथ कचरे, प्लास्टिक, झाड़ियों और गंदगी के ढेर में दबकर अपनी पहचान खो चुका था। कुएं की बदहाल स्थिति देखकर गांव के बच्चों और क्लैप क्लब के सदस्यों ने इसके संरक्षण का बीड़ा उठाया और एक प्रेरणादायक अभियान की शुरूआत की।

क्लैप क्लब एवं आयलेक के स्कार्फ बैनर तले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं जलवायु परिवर्तन नेता भेरूलाल ओसारा तथा सामाजिक कार्यकर्ता रीना यादव के मार्गदर्शन में मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत प्राचीन धरोहर संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने घंटों श्रमदान कर कुएं में जमा प्लास्टिक, कचरा, मिट्टी और अन्य अपशिष्ट सामग्री को बाहर निकाला। सफाई के बाद वर्षों से उपेक्षित यह ऐतिहासिक कुआं फिर से अपने मूल स्वरूप में




दिखाई देने लगा।

अभियान में शामिल बच्चों और युवाओं ने न केवल सफाई कार्य किया बल्कि ग्रामीणों को भी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों से अपील की कि सार्वजनिक स्थलों, जल स्रोतों और पुरातात्विक महत्व के स्थलों पर कचरा न फेंकें तथा इनके संरक्षण में सहयोग करें।

इस अवसर पर प्रकृति प्रेमी राहुल यादव, मंजू यादव, दीपिका यादव, नैतिक यादव, पिंस यादव, विजय यादव, विनय यादव, सपना भिलाला, आयुष सेन, पवन विश्वकर्मा, रौनक विश्वकर्मा, सुहाना यादव, सचिन सहित 30 से अधिक स्वयंसेवकों और स्कूली बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए यह संदेश दिया कि यदि समाज एकजुट होकर प्रयास करे तो अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखा जा सकता है।

यह स्वच्छता अभियान विश्व पर्यावरण दिवस 2026 से विश्व योग दिवस तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम जिला कलेक्टर प्रीति यादव, जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी सौरभ जैन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वयक प्रभारी पवन स्वर्णकार के निर्देशन में संचालित स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान के तहत आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना, मिशन लाइफ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

भेरूलाल ओसारा ने कहा कि गांवों में स्थित पुराने कुएं, बावड़ियां और अन्य जल संरचनाएं केवल जल स्रोत नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। इनके संरक्षण से आने वाली पीढ़ियों को इतिहास और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। वहीं रीना यादव ने कहा कि बच्चों और युवाओं की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है तथा इससे यह साबित होता है कि सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयास से किसी भी बदलाव को संभव बनाया जा सकता है।

ग्राम खेरिया में चलाया गया यह अभियान अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में गांव की अन्य धरोहरों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई एवं संरक्षण के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया है।

## कलेक्टर के प्रतिबंध के बावजूद नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही बोरिंग, जिम्मेदार मौन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

जिले में भूजल स्तर लगातार गिरने और जल संकट की आशंका को देखते हुए प्रशासन द्वारा नए बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद सारंगपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम बोरिंग का कार्य जारी है। प्रतिबंध के बावजूद कई स्थानों पर बोरिंग मशीनें दिन-रात संचालित हो रही हैं, जिससे प्रशासनिक निगरानी और कार्रवाई पर सवाल खडे हो रहे हैं।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कलेक्टर द्वारा जारी आदेशों के बाद भी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में नई बोरिंग कराई जा रही है। कई स्थानों पर भारी मशीनों से गहरे बोरवेल खोदे जा रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार अंधाधुंध बोरिंग से भूजल स्तर पर गंभीर प्रभाव पड सकता है। पहले से ही क्षेत्र में जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है और गर्मी के मौसम में कई हैंडपंप व कुएं सूखने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। ऐसे में प्रतिबंध के बावजूद बोरिंग होना भविष्य में जल संकट को और बढा सकता है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाए तथा अवैध रूप से बोरिंग कराने वालों और मशीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में भूजल संरक्षण के प्रयास प्रभावित होंगे और आने वाले समय में पेयजल संकट गहरा सकता है।

**बोले जिम्मेदार**

यदि कोई भी नियम विरुद्ध नलकूप खनन करता है तो उसे विरुद्ध सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**आकाश शर्मा, तहसीलदार, सारंगपुर**

## बिजली की डोरी लगाने को लेकर विवाद, मामला दर्ज

**शुजालपुर।** मंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डुंगलाय में बिजली की डोरी लगाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम डुंगलाय निवासी इन्दर सिंह मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मजदूरी का कार्य करता है। 5 जून की रात करीब 8.30 बजे वह गांव के हनुमान मंदिर के सामने बिजली की डोरी लगाने गया था। इसी दौरान वहां प्रेम नारायण धनगर तथा उसके पुत्र राहुल धनगर, सतीष धनगर और मनोज धनगर मौजूद थे। आरोप है कि बिजली की डोरी लगाने की बात को लेकर चारों ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों से मारपीट की, जिससे उसके दोनों हाथ, दोनों पैर और पीठ में चोटें आईं। फरियादी के अनुसार शोर सुनकर उसके काका रमेश मालवीय और पत्नी चिंता बाई मौके पर पहुंचे तथा बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। घटना के बाद पीड़ित अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा। चोट अधिक होने के कारण पुलिस ने पहले उसका शासकीय अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया। मेडिकल परीक्षण के बाद शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस पूरे प्रकरण की विवेचना कर रही है।

## पुलिस ने कंटेनर से 3 क्विंटल डोडा चूरा पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

कोतवाली पुलिस ने शनिवार दोपहर एक कंटेनर से करीब 3 क्विंटल डोडा चूरा जब्त किया है। इस दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुसनेर की तरफ से एक कंटेनर में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ ले जाया जा रहा है। इस खबर पर पुलिस ने बैजनाथ-निपानिया जोड़ इलाके में घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर बाद वहां से गुजर रहे संदिग्ध कंटेनर को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके अंदर रखे 16 बोरों में करीब 3 क्विंटल डोडा चूरा मिला।

पुलिस कंटेनर को जब्त कर कोतवाली थाना परिसर ले आई। कंटेनर में मौजूद आरोपी अनिल हाड़ा, निवासी आगर को हिरासत में लिया गया। शुरूआती पूछताछ में आरोपी डोडा चूरा को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### आगर मालवा में जमीन विवाद में 11 आरोपी गिरफ्तार

# पूर्व पत्नी पर कब्जा करने का आरोप पुलिस वाहन में भी की तोड़फोड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

आगर-मालवा जिले के बड़ौद थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर 11 आरोपियों को हिरासत में लिया है और दो चार पहिया वाहन जब्त किए हैं। इस दौरान पुलिस के डायल-112 वाहन को भी नुकसान पहुंचाया गया।



ग्राम सुदवास निवासी तेजुलाल सूर्यवंशी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनकी पहली पत्नी शांताबाई के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे उन्हें फोन पर खेत में बोवनी कर कब्जा करने की सूचना मिली थी।

सूचना मिलने पर तेजुलाल ने डायल-112 को सूचित किया और पुलिस के साथ खेत पर पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार, खेत पर ट्रैक्टर से जुताई की जा रही थी। तेजुलाल के विरोध करने पर शांताबाई, रचना, राधा, दुर्गा सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए डंडों से मारपीट की।

फरियादी ने आरोप लगाया कि कुछ आरोपी तलवार लेकर भी हमला करने के लिए आगे बढ़े, लेकिन पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित किया। एफआईआर में यह भी आरोप है कि विवाद के दौरान डायल-112 वाहन को घेर लिया गया और शिकायतकर्ता को बाहर निकालने के प्रयास में वाहन के गेट का लॉक तोड़ दिया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि जमीन छोड़ने के बदले उनसे तीन लाख रुपए मांगे गए और जान से मारने की धमकी दी गई। एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि मामले में अब तक 10 आरोपियों को नामजद किया गया है और अन्य आरोपियों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

एसडीओपी ने बताया कि घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन जब्त किए गए हैं और अन्य वैधानिक कार्रवाई जारी है। पुलिस महिला आरोपियों की तलाश भी कर रही है और पूरे मामले की जांच कर रही है।



## देवास में 200 से ज्यादा लोगों ने निकाली साइकिल रैली

**देवास।** देवास विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रविवार सुबह क्रीड़ा भारती द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, ईंधन की बचत करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। करीब एक घंटे तक चली इस रैली में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। रैली सुबह 7:30 बजे सयाजी द्वार से शुरू हुई। इसके बाद यह तहसील चौराहा, शनि मंदिर, कोठारी नर्सिंग होम, नगर पालिका सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस सयाजी द्वार पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली में युवाओं, खिलाड़ियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रतिभागियों ने साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए ह्यफिट इंडिया, स्वस्थ इंडियाह्ण के संकल्प को दोहराया। साथ ही स्वच्छ, स्वस्थ और हरित देवास के निर्माण का संदेश भी दिया। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष सुदेश सांगते ने कहा कि नियमित साइकिल चलाने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है। इसके अलावा यह पेट्रोल-डीजल की बचत करने के साथ-साथ प्रदूषण कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष सुदेश सांगते और भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष सेंधव ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## विश्व योगासन चैंपियनशिप में भावना ने रजत पदक जीतकर बढ़ाया देश का मान

**देवास।** देवास की शिक्षिका और योगासन खिलाड़ी भावना पाल ने प्रथम वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है। उन्होंने 78 देशों के योग खिलाड़ियों के




बीच हुए कड़े मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल कर जिले, प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्र ने बताया कि भावना पाल ने 4 से 8 जून तक अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित इस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रतियोगिता के दूसरे दिन बैक बैंड इंडिविजुअल इवेंट में यह सफलता प्राप्त की। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया के 78 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिससे मुकाबला बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। भावना पाल उत्कृष्ट विद्यालय देवास में शिक्षिका हैं। चैंपियनशिप का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में हुआ था। इस अवसर पर केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया, योग गुरु स्वामी रामदेव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे। भावना पाल की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर शिक्षा विभाग, खेल जगत और देवास के निवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## अपहृत नाबालिग राजस्थान में मिली, 3 दिन में ढूंढा, 1आरोपी गिरफ्तार



**आगर मालवा।** आगर मालवा पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत एक अपहृत नाबालिग बालिका को राजस्थान से बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को भी मौके से गिरफ्तार किया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालिका को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। यह मामला 31 मई को थाना कोतवाली में दर्ज हुआ था, जब फरियादी ने अपनी नाबालिग बेटी के अचानक लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते एसपी दिलीप कुमार सोनी ने बालिका की तलाश के लिए एक विशेष पुलिस टीम बनाई। एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि टीम ने परिजनों, रिश्तेदारों से पूछताछ कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान में दबिश दी और नाबालिग को सुरक्षित ढूंढ निकाला। पुलिस ने मौके से संदिग्ध जितेंद्र (22), पिता पंचम सिंह राठौर, निवासी देवगुराड़िया को हिरासत में लिया। पूछताछ में जुर्म कबूल करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

# करणी सेना परिवार ने निकाली महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा हुआ जगह-जगह स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शनिवार को बड़ौद नगर में करणी सेना परिवार के तत्वावधान में एक शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर बाद शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन और युवाओं ने भाग लिया।

शोभायात्रा का शुभारंभ श्री महावीर जैन विद्या मंदिर से हुआ और यह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में शामिल करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर का नगरवासियों, सामाजिक संगठनों, हिंदू संगठनों, राजनीतिक दलों और समाजसेवियों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। कई जगह स्वागत मंच बनाकर पुष्पवर्षा की गई और साफा बांधकर उनका सम्मान किया गया।



डीजे, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा में उत्साह का माहौल रहा। समापन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि उनका शौर्य, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में करणी सेना परिवार के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह और थाना प्रभारी रूप सिंह बेस सहित पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क था।

## सेवा-कारखाना क्षेत्र ने संभाली वृद्धि की रफ्तार



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कारखाना और सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन ने जीडीपी को सहारा दिया। इसी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, इस तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7.8% रही, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान 7.3% था। इससे पहले तीसरी तिमाही की संशोधित जीडीपी वृद्धि दर 8% दर्ज की गई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.7 फीसदी रही, जबकि फरवरी में इसका अनुमान 7.6% लगाया गया था। पिछले वित्त वर्ष में यह 7.1 फीसदी थी। मजबूत मांग और उत्पादन से अर्थव्यवस्था ने रफ्तार पकड़ी।

ताजा आंकड़े दिखाते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बनी हुई है। सरकार के अनुसार, आधार वर्ष को अपडेट करने के साथ आंकड़ों के स्रोतों का भी विस्तार किया गया है।

सेवा और उत्पादन का दम : आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में सकल मूल्य वर्धन 7.9 प्रतिशत बढ़ा, जो यह दशार्ता है कि वृद्धि केवल मांग पर आधारित नहीं थी, बल्कि उत्पादन में मजबूती भी रही। उत्पादन और सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन ने जीडीपी को सहारा दिया। हालांकि, इस तिमाही के अंतिम महीने मार्च में ही पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का असर नजर आया, लेकिन यह तनाव जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल और आपूर्ति में पैदा हुए गतिरोध का असर आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

### आरबीआई ने कहा, कमजोर मानसून, अल नीनो और महंगी चीजों का दिखेगा असर

# वित्तीय वर्ष का अनुमानः इस वर्ष महंगाई सताएगी


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मलहोत्रा ने इस साल खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी की चेतावनी जारी की है। उन्होंने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर का अनुमान 4.5% से बढ़ाकर 5.1% कर दिया। इसके अलावा उन्होंने रेपो रेट में कोई बदलाव न करते हुए इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। वहीं, वास्तविक आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल की खुदरा कीमतों में मई से अब तक कुल 7.4 प्रतिशत और डीजल में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी का कुल महंगाई पर करीब 0.36 प्रतिशत का सीधा असर पड़ेगा। इसके साथ दूसरे दौर के प्रभाव आने वाले महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में दिखाई देंगे।

वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी का असर वाणिज्यिक एलपीजी, औद्योगिक कच्चे माल, रसायन, रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों जैसे अन्य कच्चे माल पर भी दिख रहा है। साथ ही, कच्चे माल की लागत बढ़ने के दूसरे चरण के प्रभाव आगे चलकर महंगाई पर दबाव डाल सकते हैं। अमेरिकी डॉलर की मजबूती के सामने रुपये की कमजोरी के कारण जरूरी सामानों के आयात पर असर महंगाई को बढ़ाने में मदद करेगी।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी और मानसून की अनिश्चितता की वजह से दाल, सब्जियों जैसी खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। अल नीनो की वजह से कृषि पैदावार पर भी असर हो सकता है।




### आधार वर्ष बदला

जीडीपी को नए आधार वर्ष 2022-23 के पैमाने पर नई श्रृंखला के तहत जारी किया गया है। आर्थिक अनुमानों को ज्यादा सटीक बनाने के लिए जीएसटी नेटवर्क, ई-वाहन डेटाबेस और कुक, ड्राइवर और की सेवाओं से जुड़ा डेटा भी शामिल किया गया है।

### लोगों पर असर

नए आधार वर्ष का आम लोगों की जेब पर सीधा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इससे सरकार, निवेशकों और अर्थव्यवस्था को देखने का नजरिया बदल सकता है। सही आंकड़ों से सरकार बेहतर नीतियां बना सकेगी। सही जगह पैसा लगेगा और विदेशी निवेश भी बढ़ेगा।

### मानसून और अलनीनो का जोखिम

आरबीआई ने कहा कि खाद्य महंगाई अब भी चिंता का एक प्रमुख विषय बनी हुई है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, आने वाले महीनों में मानसून की स्थिति कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों के रुझान को प्रभावित कर सकती है।

### प्लास्टिक के नोट लाने पर विचार

गवर्नर ने कहा कि आरबीआई देश में पॉलीमर यानी प्लास्टिक के नोट लाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अभी विचार के स्तर पर है। और इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जा रही है।

## स्थिर दर से आवास क्षेत्र में मांग बढ़ेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ब्याज दरों में कोई बदलाव न होने से आवास मांग बढ़ने की उम्मीद है। रियल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि आरबीआई ने रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला सोच-समझकर लिया है। ऐसे माहौल में रियल एस्टेट क्षेत्र में स्थिरता बनी रहने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दरों में कोई बदलाव न होने से आवास ऋण लेने वालों को राहत मिलेगी और उनकी ईएमआई पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा कि ब्याज दर को यथावत रखने का निर्णय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सकारात्मक है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यह कदम बाजार में स्थिरता बनाए रखने और उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करने में सहायक होगा। रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए ब्याज दरों में स्थिरता मांग बढ़ाने वाला एक अहम कदम है, क्योंकि यह सीधे तौर पर घर खरीदने वालों की सोच, खरीदने की क्षमता और लंबे समय के निवेश की योजना पर असर डालती है।



इमामी रियल्टी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितेश कुमार ने कहा कि आरबीआई का रेपो दर को यथावत रखने का निर्णय एक संतुलित और दूरदर्शी कदम है। वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए एक संतुलित और सोच-समझकर लिया गया फैसला है।

## एलआईसी के भी तीन सौ करोड़ फंसे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने का कारोबार करने वाली कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स पर सेबी की कार्रवाई के बाद एलआईसी को सबसे बड़ा झटका लगा है। सेबी का आरोप है कि इस कंपनी ने फर्जी तरीके से 15.15 लाख करोड़ रुपये का राजस्व दिखाया है।

इस खबर के बाद से लगातार राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों में गिरावट आ रही है। इस कंपनी में भारतीय जीवन बीमा निगम के करीब तीन सौ करोड़ रुपये फंसे हैं। सेबी की अंतरिम जांच में कथित तौर पर करीब 15.15 लाख करोड़ के राजस्व संबंधी अंतर और गलत प्रस्तुति की बात सामने आई है। हालांकि, कंपनी ने बीएसई पर जानकारी देकर अपना पक्ष रखा। कंपनी ने कहा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया है और उसकी सभी वित्तीय जानकारियां सही हैं। कंपनी ने आगे कहा कि सेबी के अंतरिम आदेश में किसी भी तरह की कोई अनियमितता की रिपोर्ट नहीं दी गई और सेबी ने कंपनी के खिलाफ कोई जुमार्ना या कार्रवाई की घोषणा नहीं की। राजेश एक्सपोर्ट्स में भारतीय जीवन बीमा निगम की बड़ी हिस्सेदारी है। म्एलआईसी के पास कुल 10.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। राजेश एक्सपोर्ट्स का शुक्रवार को बाजार पूंजीकरण करीब तीन हजार करोड़ रहा।

# Sport

### वैभव ने 149 दिन के फासले से तोड़ा शेफाली का रिकॉर्ड

## वैभव भारतीय टीम में चुने गए सबसे युवा क्रिकेटर, 15 साल की उम्र में सिलेक्शन हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। 15 साल, 71 दिन के वैभव को जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ-साथ सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए चुना गया है। एशियन गेम्स में क्रिकेट के मुकाबले टी-20 फॉर्मेट में ही होते हैं। श्रेयस अय्यर टी-20 फॉर्मेट में भारत के नए कप्तान बनाए गए हैं। वर्ल्ड कप जीतने वाले सूर्यकुमार यादव से कप्तानी छीन ली गई है। उन्हें टीम से भी बाहर कर दिया गया है। तिलक वर्मा टी-20 टीम के उपकप्तान बनाए गए हैं।



टीम में पहली बार सिलेक्शन होने के दिन सबसे कम उम्र के मामले में वैभव ने शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले शेफाली पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर भारतीय टीम के लिए चुनी जाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी थीं। शेफाली जब पहली बार चुनी गई थीं, तब वह 15 साल, 220 दिन की थीं। वहीं, पुरुष क्रिकेटर्स में यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। सचिन 16 साल, 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे।

शेफाली ने 15 साल 239 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेल लिया था। वहीं, सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। वैभव को अगर इंग्लैंड-आयरलैंड टूर या एशियन गेम्स में एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाता है तो वे शेफाली और सचिन दोनों को पीछे छोड़कर भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन जाएंगे।

जर्सी की निया चार्लोट ग्रेग सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2019 में 11 साल, 40 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था। उनेक नाम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है।

## कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से हटे, रोहित शर्मा की फिटनेस पर भी सस्पेंस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विराट कोहली जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। एक सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। हालांकि, बीसीसीआई ने इसको लेकर अभी कोई बयान जारी नहीं किया है। अगर कोहली इस सीरीज से बाहर होते हैं तो वे 18 साल के करियर में पहली बार चोट की वजह से पूरी सीरीज से बाहर होंगे।

टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने कहा- कोहली और रोहित को लेकर अधिकृत जानकारी जल्द ही सामने आएगी। वनडे सीरीज से पहले उनकी फिटनेस का आंकलन किया जाएगा। कोहली ने हाल ही में फ्छइ को लगातार दूसरा आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 75 रन की नाबाद पारी खेली थी। बताया जा रहा है कि इसी पारी के दौरान उन्हें 'डिस्टल सेमीमेम्ब्रेनोसस टेंडन टियर' इंजरी हुई है। इसका मतलब है घुटने के पीछे और अंदर की तरफ मौजूद मुख्य नस का फटना। यह नस जांघ की



हैमस्ट्रिंग मांसपेशी को घुटने की हड्डी से जोड़ती है, जिसके फटने से पीछे तेज दर्द होता है और पैर मोड़ने या वजन उठाने में दिक्कत आती है। उन्हें डॉक्टर्स ने दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी है। आईपीएल फाइनल मैच में अर्धशतकीय पारी के दौरान कोहली को दौड़ने में परेशानी हो रही थी।

### ज्वेरेव पहली ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी से एक जीत दूर

**पेरिस।** जर्मनी के टेनिस स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के जाकुब मेंसिक को तीन घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में शिकस्त देकर दूसरी बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में खेल रहे दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी मेंसिक मुकाबले के दौरान डबल फॉल्ट की समस्या से जूझते रहे।

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762


**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईंट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कचरे के ढेर में मिला नवजात का शव सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक कॉलोनी के पास कचरे के ढेर में नवजात का शव मिला। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था और उसके आसपास आवारा कुत्ते घूम रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। टीआई मनोज संधव के मुताबिक सुबह एफआरवी को सूचना मिली थी कि झुग्गी बस्ती के पास एक नवजात का शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को वहां से हटाकर एमवाय अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शव के आसपास कुत्ते घूम रहे थे। टीआई संधव के मुताबिक मृत नवजात 6 से 7 माह का प्री-मैच्योर बच्चा प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि नवजात को वहां किसने और किन परिस्थितियों में फेंका। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जा रही है। कुछ दिन पहले एमवाय अस्पताल के बाथरूम में भी इसी तरह एक नवजात का शव मिला था। हालांकि घटना को एक सप्ताह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस और अस्पताल प्रशासन शव फेंकने वाले तक नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान के पास नवजात का शव मिला था, वहीं एमवाय अस्पताल का सोनोग्राफी विभाग भी स्थित है, जहां बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की जांच होती है।

### मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर 50 मोबाइल और 41 हजार नगदी ले गए



**इंदौर।** विजयनगर में एक मोबाइल व्यापारी की दुकान में शनिवार-रविवार की रात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश यहां से करीब 50 मोबाइल, एसेसरीज और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। विजयनगर पुलिस ने अभिषेक तिवारी निवासी गोल्डन फार्म, निरंजनपुर की शिकायत पर चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। अभिषेक ने बताया कि शेखर टावर में उनकी मोबाइल जोन नाम से दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद करके घर गए थे। रविवार सुबह जब वह वापस आए तो देखा कि शटर के ताले टूटे पड़े थे। दुकान के अंदर से करीब 50 मोबाइल फोन, पावर बैंक सहित कई एसेसरीज और लगभग 41 हजार रुपए कैश गायब थे। इसके बाद अभिषेक तिवारी थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### टैटू आर्टिस्ट की संदिग्ध मौत, परिवार ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली इलाके में रहने वाले एक टैटू आर्टिस्ट की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि दोस्त इसे सड़क दुर्घटना बता रहे हैं। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम योगेश (34) पुत्र छोटू सिलावट है, जो टैटू आर्टिस्ट था। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6 बजे योगेश के पास उसके दोस्त जीवन का फोन आया था। उसने योगेश को मिलने के लिए बुलाया और अपने साथ ले गया। रात करीब 10 बजे जीवन, योगेश के घर पहुंचा और उसके छोटे भाई को सूचना दी कि योगेश घायल हो गया है। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और योगेश को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि योगेश के सिर, हाथ और पैरों पर चोट के निशान थे। दोस्तों ने बताया कि वह गाड़ी से गिर गया था, लेकिन परिवार का कहना है कि उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। योगेश के परिवार में एक बहन, छोटा भाई और पिता हैं। उसके पिता मकान ठेकेदारी का काम करते हैं।

### पान दुकान में चोरी करने वाले आरोपी पकड़ाए, पुलिस कर रही पूछताछ

**इंदौर।** भंवरकुआ थाना क्षेत्र में खंडवा नाका स्थित एक पान दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके नाबालिग साथी को हिरासत में लिया गया है। दोनों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक 6 जून की सुबह खंडवा नाका स्थित कर्णावत पान दुकान में चोरी की वारदात सामने आई थी। बदमाश दुकान का टीन शेड तोड़कर अंदर घुसे और विभिन्न ब्रांड की महंगी सिगरेट, गुटखा पाउच, लाइटर सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए थे। सुबह दुकान खोलने पहुंचे कर्मचारियों ने दुकान का सामान बिखरा देखा और इसकी जानकारी संचालक को दी। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को की गई। टीआई संतोष दूधी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान आरोपियों के चेहरे और उनकी बाइक का नंबर पुलिस के हाथ लगा। इसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जीतू उर्फ राइडर निवासी कमल नगर, मूसाखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ शामिल एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सिगरेट, गुटखा पाउच, लाइटर और अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार चोरी गए माल की कीमत करीब 4 लाख रुपए है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जीतू उर्फ राइडर पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने शौक और मौज-मस्ती के लिए इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 12 घंटे के भीतर पकड़ लिया।

### दिन का पारा 2 डिग्री उछला, उमस से बढ़ रही बेचैनी, सुबह से मौसम साफ

**इंदौर।** इंदौर में पिछले 24 घंटों में तापमान में इजाफा हुआ है। दिन का तापमान 2 डिग्री उछलकर 37.4 (-2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान 1 डिग्री बढ़कर 25.8 (0) डिग्री सेल्सियस रहा। इन दिनों मौसम ऐसा है कि उमस का दौर अभी भी बरकरार है। रविवार सुबह से मौसम पूरी तरह साफ है और धूप खिली हुई है। इस बार जून के पहले हफ्ते की स्थिति यह है कि चार दिन दोपहर का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। रात का तापमान 4 जून को 19.0 (-6) डिग्री सेल्सियस पर चला गया था। अभी दिन का तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम है जबकि रात का तापमान सामान्य है। इस बीच केरलम के रास्ते देश में एंटर हुए मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार तक यह कर्नाटक, तमिलनाडु को पार कर गोवा पहुंच गया। जल्द मानसून महाराष्ट्र भी पहुंचेगा। ऐसे में मध्य प्रदेश में अब मानसून की एंट्री 20 जून से पहले हो सकती है। प्रदेश में मानसून के एंटर होने की सामान्य तारीख 15 जून है। दक्षिणी हिस्से से मानसून एमपी में दस्तक देता है। साल 2025 में 1 दिन बाद यानी 16 जून को मानसून एंटर हो गया था, जबकि विदाई 15 अक्टूबर तक हुई थी। सामान्यतः केरलम में आने के 15 दिन बाद एमपी में भी मानसून दस्तक दे देता है। इस वजह से इस बार प्रदेश में मानसून आने की तारीख अब 20 जून से पहले हो सकती है। केरल में 4 जून को ही मानसून ने दस्तक दी है।

### डॉग घुमाने के विवाद के बाद पार्टी के दो गुट आमने-सामने आए, दोनों ने पुलिस पर बनाया एफआईआर का दबाव

# उषा नगर इलाके में बीजेपी नेता की बिल्डिंग पर फिर पथराव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के उषा नगर इलाके में रविवार सुबह बीजेपी नेता वीरेंद्र शेडगे की बिल्डिंग पर कुछ अज्ञात युवकों ने पथराव कर दिया। इस दौरान उनके ऑफिस का कांच टूट गया। वहीं, शाम को भी एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वीरेंद्र शेडगे के घर फिर पथराव किया जा रहा है।

विवाद रात में डॉग घुमाने को लेकर शुरू हुआ था। दूसरा पक्ष भी बीजेपी समर्थक बताया जा रहा है, जो पार्टी के दूसरे गुट से जुड़ा हुआ है।

मामला विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 का है। यहां बीजेपी नेता और मालिनी गौड़ के विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी वीरेंद्र शेडगे रहते हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात बिल्डिंग के बाहर गंदगी करने को लेकर डॉग मालिक और वीरेंद्र शेडगे के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद के दौरान दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई।





वहीं, मालिनी गौड़ के रिश्तेदार लोकेंद्र राठौर के घर पर भी अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर फेंककर कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है।

विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष थाने पहुंचे। मामले की जानकारी लगने पर विधानसभा-4 से जुड़े नेता एकलव्य सिंह गौड़ भी थाने पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाइश दी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष एक ही पार्टी से जुड़े हैं, इसलिए मामले को ज्यादा तूल देना ठीक नहीं है। इसके बाद वीरेंद्र शेडगे को वापस घर भेज दिया गया। हालांकि दूसरे पक्ष ने थाने में आवेदन दे दिया। इधर, रविवार सुबह कुछ नकाबपोश युवक वीरेंद्र शेडगे की बिल्डिंग पर पहुंचे और पथराव कर दिया। घटना में ऑफिस का कांच टूट गया। वहीं, रात की शिकायत को लेकर भी कुछ लोग थाने पहुंचे और शेडगे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

#### क्षेत्रीय गुटबाजी से जुड़ा मामला

सूत्रों के मुताबिक दूसरा पक्ष भी इलाके के बीजेपी नेताओं से जुड़ा हुआ है। मामले को लेकर सुबह से सोशल मीडिया पर भी माहौल गरमाया हुआ है। इसे क्षेत्रीय राजनीति और गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है।
फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई और एफआईआर करने का फैसला लिया जाएगा।

### विश्व पोहा दिवस पर महापौर बोले- स्वाद और संस्कृति की पहचान है इंदौरी पोहा

# पोहा इंदौर का दिल है, तो सेव उसकी धड़कन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

विश्व पोहा दिवस के अवसर पर रविवार को शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित विश्राम बाग में इंदौरी पोहा, इंदौरी बात-महापौर के साथ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदौर की सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक खानपान और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में नागरिकों की मौजूदगी ने आयोजन को उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम में मेयर पुष्यमित्र भार्गव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पार्षद योगेश गेंदर, भाजपा नगर उपाध्यक्ष भारत पारख, शैलू दवे, भावेश दवे, रमेश खत्री सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और शहरवासी शामिल हुए।

आयोजन के दौरान शहर के प्रमुख पोहा निमार्ताओं और व्यवसायियों का



सम्मान किया गया। इस अवसर पर पोहा कारोबार से जुड़े लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इंदौरी पोहा आज देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक अपनी विशेष पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि इंदौर का स्वाद, प्रस्तुति और अपनापन ही इसे अन्य शहरों से अलग बनाता है।

**योग के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश-** कार्यक्रम में योग मित्र अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा पर आधारित विशेष प्रस्तुति भी दी गई। योग के माध्यम से महिलाओं को आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

#### पोहा केवल नाश्ता नहीं, इंदौर की पहचान है

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि इंदौर में पोहा केवल एक व्यंजन नहीं, बल्कि शहर की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शहर में कई स्थान ऐसे हैं, जहां लोग सुबह से लेकर देर रात तक पोहा खाने पहुंचते हैं और यही इंदौर की विशिष्ट पहचान है। उन्हो ने कहा कि आज अमेरिका, इंग्लैंड सहित देश-विदेश के अनेक शहरों में इंदौरी पोहा उपलब्ध है, लेकिन इंदौर के स्वाद और आत्मीयता की बराबरी कोई नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पोहा हजारों लोगों की आजीविका का भी महत्वपूर्ण माध्यम है और इस उद्योग ने अनेक परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

### बातचीत बंद करते ही कॉलेज छात्रा को धमकाने लगा आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा के साथ छेड़छाड़ और परेशान करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक छात्रा की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए सिद्धार्थ पुत्र रामकिशोर पचोरे निवासी स्कीम नंबर-78 से हुई थी। करीब एक सप्ताह बाद दोनों की मुलाकात हुई और बातचीत बढ़ने लगी। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा से शादी करने की बात कही, जिस पर छात्रा ने हामी भर दी।

करीब छह माह पहले छात्रा को पता चला कि सिद्धार्थ पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। इस पर छात्रा ने उससे सवाल किया तो आरोपी ने पत्नी को तलाक देने की बात कही। इसके बाद छात्रा ने उससे बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि बातचीत बंद होने के बाद आरोपी छात्रा को परेशान करने लगा। वह आत्महत्या की धमकी देकर उसे फंसाने की बात कहता था। साथ ही छात्रा के परिवार वालों को मैसेज भेजकर भी परेशान कर रहा था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रास्ते में रोककर भी परेशान करता था। तीन दिन पहले शाम के समय जब वह घर से बाहर निकली तो आरोपी ने उसे रोक लिया और अपशब्द कहे। साथ ही धमकी दी कि वह उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। इसके बाद छात्रा शनिवार को थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि युवक की हत्या उसके ही दोस्त ने की थी। घटना वाली रात दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान मोबाइल में आईडी चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया और गुस्से में आरोपी ने पहले युवक का सिर दीवार में दे मारा, फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक 3 जून को सूचना मिली थी कि ऋषि नगर निवासी 33 वर्षीय रोहित पुत्र गोपाल सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। शुरूआती जांच में मामला अधिक शराब पीने से हुई मौत का माना जा रहा था, लेकिन मौके पर रोहित के गले पर दबाव के निशान मिले। वहीं शव के पास किसी अन्य व्यक्ति की चप्पल भी पड़ी मिली थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, जहां डॉक्टरों ने पुष्टि की कि मौत गला दबाने से हुई है। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मृतक के पिता गोपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात रोहित का दोस्त देवेन्द्र पुत्र संतराम उमर (32) निवासी दुर्गानगर उसके घर आया था। दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी। रात में वह सो गए थे और उन्हें यह पता नहीं चला कि देवेन्द्र कब वहां से चला गया।

### देर रात बदमाशों ने कॉलोनियों में मचाया उत्पात, कारों के कांच फोड़े



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के मल्हारगंज और सदर बाजार थाना क्षेत्र की कॉलोनियों में शनिवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। दो पहिया वाहनों पर आए बदमाशों ने एक के बाद एक तीन से अधिक कारों के कांच फोड़ दिए। इसके अलावा सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों को भी गिरा दिया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

पुलिस के मुताबिक घटना अर्जुन पल्टन, राधा कॉलोनी और नीलकंठ कॉलोनी की है। देर रात करीब तीन बजे बदमाश दो वाहनों से पहुंचे और कॉलोनियों में खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर अनाज व्यापारी श्याम अग्रवाल जाग गए। उन्होंने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान बदमाश दूसरी गली की ओर भाग निकले। भागने से पहले उन्होंने तीन कारों के कांच भी फोड़ दिए। पुलिस ने पीछा कर एक संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी फिलहाल सदर बाजार पुलिस की हिरासत में है। उससे उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पीड़ित अनाज व्यापारी श्याम अग्रवाल ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वह अपने साथियों के साथ रात करीब साढ़े तीन बजे मल्हारगंज थाने शिकायत करने पहुंचे थे, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने शिकायत सुनने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी ने रविवार सुबह 10 बजे आने की बात कही।

रहवासियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि रात में त्वरित शिकायतों पर सुनवाई नहीं होगी तो अपराधों पर नियंत्रण कैसे होगा। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com